लंबे समय तक भारत की प्रगति का आकलन 'आजादी से पहले और आजादी के बाद' के पैमाने पर किया जाता रहा, लेकिन आज देश की तरक्की को 'वर्ष 2014 से पहले और उसके बाद' के कालखंड की कसौटी पर मापा जाता है। इस दृष्टिकोण में आए परिवर्तन का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि को जाता है। यह सच है कि 1947 से 2014 के बीच 67 वर्षों में भारत ने कई क्षेत्रों में प्रगति की, लेकिन वह अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रही। उसके उलट यदि पिछले 12 वर्षों में विकास की रफ्तार देखें तो देश ने नए आयाम स्थापित किए हैं। इसके पहले का इतिहास इसका साक्षी रहा कि सिर्फ 'गरीबी हटाओ' का नारा देने से गरीबी नहीं हटती और न ही '20 सूत्रीय कार्यक्रम' के पोस्टर लगाने से वास्तविक विकास होता है। राजनीति के इसी अविश्वसनीय चरित्र का ही परिणाम रहा कि जनता के भीतर नेताओं की नकारात्मक छवि बन गई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दम पर सार्वजनिक जीवन की इन विसंगतियों को दूर किया, जिससे जनता में व्यवस्था के प्रति भरोसा पैदा हुआ। इसी का परिणाम है कि देश का खोया हुआ स्वाभिमान वापस लौटा।

प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदीजी अक्टूबर 2001 से मई 2014 तक लगातार तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। इस लंबे कार्यकाल के दौरान उन पर अनगिनत झूठे आरोप लगाए गए। उनके विरुद्ध नाना प्रकार के षड्यंत्र रचकर उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश की गई, पर ऐसी कई अग्निपरीक्षाओं से पार पाते हुए उन्होंने एक अनुकरणीय 'गुजरात माडल' विकसित कर विकास का एक नया ढांचा देश के सामने रखा। वे राज्य के कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति के अग्रदूत बने। 'वाइब्रेंट गुजरात' जैसी पहल के जरिये बड़े पैमाने पर आर्थिक निवेश जुटाया। प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए उन्होंने ई-गवर्नेंस जैसी आधुनिक डिजिटल तकनीक का प्रभावी उपयोग किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने इसी दृढ़ रवैये के साथ काम जारी रखा। उनकी नीतियों का ही परिणाम रहा कि देश ने गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर कामयाबी हासिल की। अपनी कर्मठता से विरोधियों को जवाब देना ही उनकी कार्यपद्धति है।

मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल का विश्लेषण करें तो इसे सामाजिक बदलाव, राजनीतिक शुचिता, वैश्विक पटल पर भारत की मजबूत छवि और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए याद किया जाएगा। जनधन योजना, स्वच्छ भारत अभियान और डिजिटल इंडिया जैसी पहल व्यापक छाप छोड़ने में सफल रहीं। जीएसटी को मूर्त रूप दिया गया। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को मुफ्त इलाज मिलना संभव हुआ। आत्मनिर्भर भारत अभियान और बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व तेजी दर्ज हुई। अनुच्छेद 370 की समाप्ति हुई तो तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बना। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजने से सरकारी खजाने में होने वाला रिसाव रुका। अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, काशी विश्वनाथ कारिडोर और नए संसद भवन का गौरवशाली निर्माण भी मील के पत्थर रहे। किसानों के लिए 'पीएम किसान सम्मान निधि', महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 'लखपति दीदी' और 'उज्ज्वला' जैसी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी। मेरे मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान हमारी महायुति सरकार ने महाराष्ट्र में जो 'मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहीण योजना' लागू की, उसकी मूल प्रेरणा और संकल्पना हमें मोदी जी की 'लखपति दीदी' योजना से ही प्राप्त हुई थी।

आज देश में जो एक्सप्रेसवे तथा हाईवे का विशाल नेटवर्क दिखाई दे रहा है, उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री के विकासपरक विजन को जाता है। 2014 के बाद से अब तक देश में 3 लाख 75 हजार किमी से अधिक लंबी नई सड़कों और हाईवे का निर्माण किया जा चुका है। देश को यह समझने में कई दशक लग गए कि सड़कें ही किसी राष्ट्र की आर्थिक और औद्योगिक उन्नति की असली संवाहक होती हैं, जो आम आदमी की भी सबसे बुनियादी जरूरत हैं। मोदीजी ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण का भी ऐतिहासिक बीड़ा उठाया है। वंदे भारत जैसी स्वदेशी एवं आधुनिक ट्रेन और बड़े शहरों में बिछाए गए मेट्रो नेटवर्क ने आम भारतीयों के परिवहन को बेहद सुगम बना दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और आपरेशन सिंदूर के जरिये दुश्मनों को उनकी ही भाषा में मुंहतोड़ जवाब देने से नए भारत के तेवर दुनिया को दिखे।

मेरा सौभाग्य है कि हमें मोदी जी का अगाध स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिवसेना प्रमुख श्रद्धेय बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनंद दिघे साहेब के असामयिक निधन से मेरे व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन में जो एक बड़ा खालीपन आ गया था, उसे भरने में मोदीजी के अटूट विश्वास और अपनत्व ने मेरी बहुत मदद की है। जब भी मेरी उनसे मुलाकात होती है, वे अत्यंत आत्मीयता से मेरे कंधे पर हाथ रखकर पूछते हैं कि 'एकनाथ जी, कैसे हैं?' उनके इन शब्दों से मुझे न केवल एक नई उम्मीद और असीम ऊर्जा मिलती है, बल्कि महाराष्ट्र राज्य की प्रगति के लिए खुद को समर्पित बनाए रखने की नई शक्ति का संचार भी होता है। वैश्विक स्तर का नेता होने और भारी व्यस्तताओं के बावजूद अपने सहयोगियों से जुड़ी छोटी से छोटी बात को याद रखना और व्यक्तिगत रूप से उनकी चिंता करना उनकी विनम्रता, महानता, सहृदयता का परिचायक है।

मोदीजी की अब तक की संपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक यात्रा वास्तव में एक 'अग्निपथ' ही रही है। वे देश और देशवासियों के कल्याण के लिए दिन-रात समर्पित होकर पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा की पवित्र प्रतिज्ञा ली हुई है। वे व्यक्तिगत आक्षेपों, राजनीतिक द्वेष और भिन्न-भिन्न चक्रव्यूहों के बीच इस कठिन 'अग्निपथ' पर चलते हुए निरंतर आगे बढ़े हैं। मुझे उम्मीद है कि वे विरोधियों द्वारा फैलाए गए नफरत के कांटों के बीच भी अपने जनहितैषी कार्यों से देश में प्रगति, खुशहाली और विकास के फूल खिलाते रहेंगे।

(लेखक महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं)
response@jagran.com

# पूंजी बाजार में भरोसे का संकट



ब्रजेश कुमार तिवारी

**राजेश एक्सपोर्ट्स प्रकरण यह दर्शाता हैं कि पूंजी बाजार में सबसे बड़ी पूंजी पैसा नहीं, बल्कि भरोसा होता हैं**



सवालों के घेरे में राजेश एक्सपोर्ट्स के चेयरमैन। फाइल

भारत का पूंजी बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है। डीमैट खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है, छोटे शहरों और कस्बों से नए निवेशक शेयर बाजार में आ रहे हैं और एसआइपी-म्यूचुअल फंड ने आम परिवारों को इक्विटी निवेश से जोड़ दिया है। ऐसे समय में राजेश एक्सपोर्ट्स से जुड़ा मामला केवल एक कंपनी का विवाद नहीं, बल्कि भारत में कारपोरेट गवर्नेंस, आडिट गुणवत्ता, नियामकीय सतर्कता और छोटे निवेशकों के भरोसे की गंभीर परीक्षा है। सेबी के अंतरिम आदेश में राजेश एक्सपोर्ट्स पर बड़े पैमाने पर राजस्व के गलत प्रस्तुतीकरण का आरोप लगाया गया है। वित्त वर्ष 2021 से 2025 के बीच लगभग 15.15 लाख करोड़ रुपये के राजस्व को गलत ढंग से प्रस्तुत करने की बात कही गई है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि इसे सामान्य लेखा-त्रुटि नहीं कहा जा सकता। हालांकि कंपनी ने इन आरोपों को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह मामला उसकी स्विस सहायक कंपनी के राजस्व को समझने और प्रस्तुत करने से जुड़े भ्रम का परिणाम है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही निकाला जाना चाहिए। फिर भी, यदि किसी सूचीबद्ध कंपनी के राजस्व आंकड़ों और नियामक की समझ में इतना बड़ा अंतर है तो यह पूरे बाजार ढांचे के लिए चेतावनी है।

राजेश एक्सपोर्ट्स स्वर्ण शोधन, आभूषण निर्माण और निर्यात से जुड़ी बड़ी कंपनी है। जब किसी भारतीय सूचीबद्ध कंपनी की आय का बड़ा हिस्सा विदेशी सहायक कंपनियों और सीमा-पार लेखांकन पर आधारित हो तो उसके प्रकटीकरण की जिम्मेदारी सामान्य कंपनियों से कहीं अधिक बढ़ जाती है। निवेशकों को यह जानने का अधिकार है कि राजस्व किस इकाई से आया, किन ग्राहकों से आया, नकदी में उसका रूपांतरण कैसा रहा, देय राशियां कितनी वास्तविक हैं और सहायक कंपनियों के खातों का स्वतंत्र सत्यापन किस स्तर पर हुआ। यदि किसी कंपनी में म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों या अन्य सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं की हिस्सेदारी है तो सवाल केवल कंपनी प्रबंधन पर नहीं, बल्कि इन संस्थाओं की जांच-पड़ताल पर भी उठता है। भारत में छोटे निवेशक अक्सर मान लेते हैं कि यदि किसी कंपनी में बड़ी संस्थाओं की हिस्सेदारी है तो वह कंपनी सुरक्षित होगी, लेकिन संस्थागत निवेश हमेशा सुशासन की गारंटी नहीं होता। सत्यम घोटाले ने दिखाया कि नकदी और बैंक बैलेंस जैसे आंकड़े भी काल्पनिक हो सकते हैं। आइएलएंडएफएस संकट ने अत्यधिक कर्ज, जटिल सहायक कंपनियों और क्रेडिट रेटिंग विफलता के जोखिम को सामने रखा। यस बैंक संकट ने निजी बैंकिंग गवर्नेंस और जोखिम प्रबंधन की कमजोरी दिखाई। पीएनबी-नीरव मोदी प्रकरण ने बैंकिंग व्यवस्था और लेटर आफ अंडरटेकिंग के दुरुपयोग को उजागर किया था।

राजेश एक्सपोर्ट्स जैसा मामला यह संकेत देता है कि सूचीबद्ध कंपनियों में भी सीमा-पार लेनदेन और सहायक कंपनियों के लेखांकन पर निगरानी बढ़ानी होगी। भारत को अब घोटाले के बाद सुधार करने की संस्कृति से आगे बढ़कर जोखिम की पहले पहचान और रोकथाम की प्रणाली बनानी होगी। राजेश एक्सपोर्ट्स मामले में आडिट व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न उठते हैं। यदि कोई कंपनी लगातार विशाल राजस्व दिखा रही थी तो आडिटर ने ग्राहक पुष्टि, बैंक ट्रेल, सहायक कंपनी आडिट रिपोर्ट, स्टाक रिकार्ड, देय राशियों और आपसी कंपनी लेनदेन की जांच किस गहराई से की? बोर्ड की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नियामकीय दृष्टि से सेबी की कार्रवाई महत्वपूर्ण है, लेकिन यदि कथित गलत प्रस्तुतीकरण कई वर्षों से चल रहा था तो शुरुआती चेतावनी संकेत पहले क्यों नहीं पकड़े गए? स्टाक एक्सचेंज, आडिटर, विश्लेषक, रेटिंग एजेंसियां, ऋणदाता और संस्थागत निवेशक क्या देख रहे थे? एआइ और डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से असामान्य अनुपात, देय राशियों की अचानक वृद्धि, नकदी प्रवाह का अंतर और बाजार पूंजीकरण बनाम राजस्व के असामान्य अंतर को स्वतः चिह्नित किया जा सकता है। छोटे निवेशकों के लिए भी यह घटना बड़ा सबक है। निवेश करते समय केवल शेयर मूल्य, राजस्व और ब्रांड पर ध्यान न दें। बड़ा टर्नओवर हमेशा मजबूत कंपनी का प्रमाण नहीं होता। यदि राजस्व बड़ा है, लेकिन लाभ कम है, नकदी प्रवाह कमजोर है और देय राशियां बढ़ रही हैं तो सावधानी जरूरी है।

भारत को अब एकीकृत कारपोरेट जोखिम डैशबोर्ड बनाना चाहिए, जिसमें सेबी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, रिजर्व बैंक, जीएसटी नेटवर्क, सीमा शुल्क, स्टाक एक्सचेंज और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के डाटा को जोखिम-आधारित ढंग से जोड़ा जाए। यह मामला दर्शाता है कि पूंजी बाजार में सबसे बड़ी पूंजी पैसा नहीं, बल्कि भरोसा है। बैलेंस शीट में संपत्तियां दिखाई जा सकती हैं, राजस्व बताया जा सकता है, मूल्यांकन बनाया जा सकता है, लेकिन एक बार भरोसा टूट जाए तो उसकी दोबारा बहाली मुश्किल है। मजबूत आडिट, पारदर्शी प्रकटीकरण, सशक्त बोर्ड, डाटा-आधारित निगरानी और जागरूक निवेशक-यही भविष्य के पूंजी बाजार की सुरक्षा के स्तंभ हैं।

(लेखक जेएनयू के अटल स्कूल आफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## आंतरिक शक्ति

मनुष्य की सामर्थ्य उसकी परिस्थितियों से कहीं अधिक व्यापक और विराट है। परिस्थितियां निश्चय ही जीवन-पथ में अवरोध उत्पन्न करती हैं, किंतु वे मनुष्य की नियति की अंतिम निर्धारक नहीं होतीं। मनुष्य का साहस, संकल्प, धैर्य और सतत कर्म ही उसके भविष्य की दिशा और दशा तय करते हैं। जीवन का प्रत्येक चरण हमें यह सीख देता है कि परिश्रम का कोई पर्याय नहीं है। चाहे लक्ष्य कितना भी दुर्गम, दुष्कर अथवा जटिल क्यों न प्रतीत हो, यदि सही प्रयास किया जाए तो सफलता का द्वार निश्चित ही खुलता है। प्रतिकूल परिस्थितियां ही मनुष्य के धैर्य, उद्यमशीलता और मानसिक दृढ़ता की परीक्षा लेती हैं। स्मरण रहे कि विपत्तियां मनुष्य को निर्बल नहीं करतीं, अपितु भीतर सुप्त पड़ी क्षमताओं को जाग्रत करती हैं।

प्रत्येक व्यक्ति सफलता की आकांक्षा करता है, किंतु सफलता संयोग का परिणाम नहीं, अपितु सुव्यवस्थित योजना, कठोर अनुशासन और निरंतर साधना का प्रतिफल है। जो व्यक्ति परिस्थितियों का रोना रोते हुए हाथ पर हाथ धरे बैठा रहता है, वह अपने ही भविष्य के द्वार बंद कर लेता है। जबकि जो व्यक्ति चुनौतियों को अवसर में परिवर्तित करने की क्षमता विकसित कर लेता है, वही जीवन-पथ पर विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के लिए यही श्रेयस्कर है कि वह परिस्थितियों से भयभीत होने के बजाय अपनी आंतरिक शक्ति पर विश्वास कर आगे बढ़े। मनुष्य की महानता उसके संसाधनों में नहीं, बल्कि उसकी जिजीविषा में निहित है। जो व्यक्ति प्रतिकूलताओं के समक्ष झुकने के बजाय उनसे संघर्ष करने का साहस रखता है, वह अपने भाग्य का निर्माता स्वयं बन जाता है। देखा जाए तो मनुष्य परिस्थितियों का उत्पाद नहीं, बल्कि परिस्थितियों का निर्माता है। परिस्थितियों से पार पाने की उसके पास पर्याप्त क्षमता होती है।

समराज चौहान

# चंद्रमा का पहला विस्तृत रासायनिक मानचित्र

प्रदीप

**चंद्रमा के निर्माण और विकास की कहानी को समझने का किया जा रहा हैं प्रयास**

हमारा निकटतम पड़ोसी चांद सौरमंडल के प्रारंभिक इतिहास के कई महत्वपूर्ण संकेत अपने भीतर संजोए हुए है। फिर भी तमाम कोशिशों के बावजूद उसका भू-रासायनिक इतिहास अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसलिए चांद का उच्च-रिजोल्यूशन वाला पूर्ण रासायनिक मानचित्र भी अब तक विज्ञानियों की पहुंच से बाहर रहा है। अब एक नई और बेहद हल्की काम्पैक्ट एक्स-रे दूरबीन पहली बार पूरे चंद्रमा का विस्तृत रासायनिक मानचित्र तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है। विज्ञानियों को विश्वास है कि इस दूरबीन की सहायता से चंद्रमा के निर्माण और विकास की कहानी को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा।

जर्नल 'अर्थ, प्लैनेट्स एंड स्पेस' में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के मुताबिक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित एक छोटी एक्स-रे दूरबीन करीब दो वर्षों में पूरे चंद्र सतह पर आक्सीजन, लोहा, मैग्नीशियम, एल्युमिनियम और सिलिकान जैसे प्रमुख तत्वों का वितरण रिकार्ड कर सकता है। जापान के टोक्यो मेट्रोपोलिटन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस दूरबीन को विकसित किया है, जिसका आकार लगभग एक लंचबाक्स जितना है और वजन 10 किलो से भी कम है।

चंद्रमा की पूरी सतह से नमूने एकत्र करना कठिन है, इसलिए विज्ञानियों दूरसंवेदी तकनीकों का सहारा लेते हैं। इसी उद्देश्य के लिए एक्स-रे फ्लोरेसेंस इमेजिंग तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। जब सूर्य से आने वाली एक्स किरणें चंद्र सतह से टकराती हैं, तो वहां मौजूद तत्व अपनी विशिष्ट एक्स-रे तरंगें उत्सर्जित करते हैं। इन तरंगों का विश्लेषण करके यह पता लगाया जा सकता है कि किस क्षेत्र में कौन-से तत्व मौजूद हैं। हालांकि पहले अपोलो और चंद्रयान मिशनों ने इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी थी, लेकिन अब तक पूरे चंद्रमा का उच्च-गुणवत्ता का रासायनिक मानचित्र नहीं बन पाया है। अगर इस दूरबीन को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाए और हर साल लगभग 300 सौर ज्वालाओं (सोलर फ्लेयर्स) का इस्तेमाल अवलोकन के लिए किया जाए, तो केवल दो वर्षों में पूरे चंद्रमा के महत्वपूर्ण तत्वों का मानचित्र तैयार किया जा सकता है।

इस परियोजना का महत्व केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा तक सीमित नहीं है। चंद्रमा की रासायनिक संरचना का विस्तृत मानचित्र भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों, संसाधन खोज और संभावित चंद्र बस्तियों की योजना बनाने में भी उपयोगी होगा। साथ ही, इससे चंद्रमा की उत्पत्ति से जुड़े सिद्धांतों की भी जांच की जा सकेगी। अगर यह मिशन सफल होता है, तो पहली बार विज्ञानियों के हाथ में चंद्रमा की पूरी रासायनिक तस्वीर होगी। तब चंद्रमा केवल रात के आकाश में चमकने वाला पिंड नहीं रहेगा, बल्कि वह अपने अरबों साल पुराने इतिहास और विकास की कहानी स्वयं ही सुनाने लगेगा।

(लेखक विज्ञान संचारक हैं)

## उपलब्धियां और चुनौतियां

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व को रेखांकित करने वाला 'भरोसे की कसौटी पर खरे मोदी' शीर्षक से प्रकाशित आलेख पढ़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कालखंड को भी पार कर दिया है। गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल न केवल बेदाग रहा, अपितु अनेक विलक्षण उपलब्धियों से परिपूर्ण भी है। कश्मीर को देश के विधान से अलग करने वाले अनुच्छेद -370 को संवैधानिक रूप से निर्मूल करना, पाकिस्तान पोषित आतंक पर प्रहार कर देश को जिहादी हिंसा के खौफ से मुक्त करना, देश के एक तिहाई हिस्से को प्रभावित करने वाले हिंसक माओवाद के वजूद को मिटा देना और कोरोना के घोर संकटकाल में भी आर्थिकी को पटरी पर बनाए रखना, प्रधानमंत्री मोदी की विशिष्ट उपलब्धियां हैं। अपनी दृढ़ संकल्प शक्ति, कठोर परिश्रम और नेतृत्व क्षमता के बल पर उन्होंने असंभव को भी संभव बना दिया। देश के हित में लागू की गई उनकी नीतियां और योजनाएं दूरगामी परिणाम वाली होती हैं। विकसित भारत के विजन को लेकर उन्होंने 2047 तक का खाका खींचा है। उनका सोच है कि आजादी का शतक पूरा करने वाला भारत पूरी तरह से विकसित और समृद्ध भारत हो। देशहित में समर्पण भाव के साथ जुटे प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम ऐसे ही सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जुटी है। हालांकि अभी भी प्रशासनिक अक्षमता, कामचोरी और भ्रष्टाचार चुनौती बनकर आड़े आ रहे हैं।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़

## मेलबाक्स

### पाकिस्तान को मिले सही जवाब

'पाकिस्तान की बर्बरता' शीर्षक से बुधवार को प्रकाशित अग्रलेख न केवल एक पड़ोसी देश की विफलताओं का वर्णन नहीं है, बल्कि उस त्रासदी का दर्पण है जिसे पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के लोग दशकों से झेल रहे हैं। विडंबना यह है कि जो पाकिस्तान स्वयं को कश्मीरियों का हितैषी बताता है, वही गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों, विकास और सम्मानजनक जीवन से वंचित रखे हुए है। यह क्षेत्र विकास का नहीं, उपेक्षा, शोषण और दमन का प्रतीक बन चुका है। वहां के लोग न तो अपने संसाधनों पर अधिकार रखते हैं, न ही अपनी राजनीतिक नियति तय करने की स्वतंत्रता। यहां के नागरिक वर्षों से सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न उन लोगों से है जो भारत में बैठकर पाकिस्तान के प्रति अनावश्यक सहानुभूति का प्रदर्शन करते हैं। क्या उन्होंने कभी इन इलाकों के उन परिवारों का दर्द महसूस किया है जिनकी पीढ़ियां आर्थिक बदहाली में खप गईं?

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

### जन आकांक्षा का सम्मान

बुधवार को 'सरकारी तंत्र में भटकती जवाबदेही' शीर्षक के तहत प्रकाशित राजीव सचान का लेख सच्चाई का आईना प्रस्तुत करते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में जनता की इच्छाओं, आकांक्षाओं का सम्मान भी स्वाभाविक है। सरकार के ऐसे क्रियाकलाप हमारी लोकतांत्रिक भावनाओं को चिढ़ाते हैं कि जिस अध्यक्ष को मूल्यांकन में गड़बड़ी के नाम पर पद से हटाया गया, उन्हें ही दूसरे मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव बना दिया गया। ऐसे में संदेश नकारात्मकता का भाव उत्पन्न करता है। नीट पेपर लीक मामले में अब तक किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सका है, आखिर ऐसा क्यों? कितने सपने टूटे, कितनों की इच्छा आकांक्षा विवशता में दब गई। इस प्रकार की बातों से जनमानस की भावनाएं आहत होती है। किसी भी परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं हो, यह तो सरकार को जिम्मेदारी लेनी ही होगी। भ्रष्टाचार के मसले पर शून्य सहिष्णुता नहीं अपनाई जाती है तो यह मजाक जैसा होता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर आज हम गर्व करते हैं तो इस लोकतांत्रिक गर्वीलेपन में लोकतांत्रिक समृद्धि भी आनी चाहिए।

मिथिलेश कुमार, भागलपुर

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एजीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHI/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**12** हजार से अधिक पदों में कटौती का संकेत दिया है अपनी दीर्घकालिक रणनीति के तहत टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने एआइ और नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग के कारण, जो उसके कुल कार्यबल के दो प्रतिशत के आसपास है।





डा. मुकुल श्रीवास्तव
प्रोफेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय

आजकल

# एआइ में बढ़ते निवेश से बदलता परिदृश्य

सेवा क्षेत्र में एआइ का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। एआइ और नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग के कारण अनेक कंपनियों ने बड़ी संख्या में पदों में कटौती का संकेत दिया है। वहीं, कई कंपनियां एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर में व्यापक निवेश कर रही हैं, जिससे जाब में रिप्लेसमेंट का पैटर्न दिख रहा है। हालांकि तमाम आशंकाओं के बीच यह नहीं कहा जा सकता है कि एआइ, साफ्टवेयर उद्योग को पूरी तरह से खत्म कर देगा, फिर भी स्वयं को रोजगार के अनुरूप बनाए रखने के लिए बदलती तकनीक के अनुरूप ढलने की क्षमता सीखनी होगी




प्रतीकात्मक

हाल ही में विश्व की बड़ी तकनीकी कंपनियों में से एक कंपनी द्वारा कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की खबरें सुर्खियों में रही हैं। इस घटना ने साफ्टवेयर उद्योग के भविष्य को लेकर एक गंभीर बहस को जन्म दिया है। यह घटना केवल एक कंपनी का निर्णय नहीं, बल्कि उस व्यापक संरचनात्मक बदलाव का संकेत है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ के बढ़ते प्रभाव के कारण पूरे साफ्टवेयर उद्योग में देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दशकों में साफ्टवेयर उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार रहा है। विशेषकर भारत जैसे देशों ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

एआइ के बढ़ते प्रभाव के कारण वैश्विक आइटी बाजार में अस्थिरता भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। हाल के महीनों में साफ्टवेयर कंपनियों के शेयरों में भारी उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस और मैकेंजी ग्लोबल की रिपोर्ट्स के अनुसार, टेक सेक्टर के वैल्यूएशन में तेज गिरावट देखी गई है, जिसका अनुमान 800 अरब डालर से एक ट्रिलियन डालर तक लगाया गया है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण उदाहरण तब सामने आया जब एक एआइ कंपनी ने अपने क्लाउड-आधारित एजेंट्स के लिए एआइ प्लगइंस पेश किए।

इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि जिन कार्यों के लिए पहले बड़ी साफ्टवेयर टीमों की आवश्यकता होती थी, उन्हें अब मशीनों द्वारा अधिक तेज और कम लागत में किया जा सकता है। यह परिवर्तन केवल साफ्टवेयर उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे फिल्म और फोटोग्राफी पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा है। पहले जहां पटकथा लेखन एक पूर्णतः मानवीय और रचनात्मक प्रक्रिया मानी जाती थी, वहीं अब एआइ टूल्स की सहायता से कथानक संरचना, संवाद और चरित्र विकास कुछ ही मिनटों में संभव हो गया है। पोस्ट-प्रोडक्शन के क्षेत्र में भी सोरा, वियो और लूमा एआइ जैसे टूल्स कई साफ्टवेयर को चुनौती दे रहे हैं।

**तकनीकी सेवाओं का विस्तार :** तकनीकी इतिहास पर दृष्टि डालें तो साफ्टवेयर उद्योग की उत्पत्ति 1970-80 के दौर में पर्सनल कंप्यूटिंग क्रांति से मानी जाती है, जब कंप्यूटर संस्थानों से निकलकर आम लोगों तक पहुंचना शुरू हुए। इसके बाद वर्ष 2000 के दौर में इंटरनेट और क्लाउड सेवाओं के विस्तार ने इस उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। मैकिंजी की रिपोर्टों में इस परिवर्तन को 'डिजिटल रूपांतरण' की लहर के रूप में समझाया है, जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था में साफ्टवेयर की केंद्रीय भूमिका स्थापित की थी।

फोटोग्राफी उद्योग में भी यह परिवर्तन स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जहां 'कैप्चर' की पारंपरिक अवधारणा अब 'क्रिएशन' में बदल रही है। पहले फोटोग्राफर का मुख्य कार्य सही समय, प्रकाश और फ्रेमिंग के माध्यम से एक क्षण को कैद करना होता था, जिसके बाद एडिटिंग साफ्टवेयर का उपयोग किया जाता था। किंतु अब एआइ इस पूरी प्रक्रिया को एकीकृत कर रहा है। आज कैमरे एआइ की सहायता से स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हैं कि किस सेटिंग पर इमेज सबसे उपयुक्त होगी।

स्टैनफोर्ड मानव-केंद्रित एआइ संस्थान की 'एआइ सूचकांक रिपोर्ट 2024' के अनुसार, संवाद-आधारित इंटरफेस पारंपरिक ग्राफिकल यूजर इंटरफेस को चुनौती दे रहे हैं, जहां उपयोगकर्ता केवल सामान्य भाषा के माध्यम से जटिल कार्यों को संपन्न कर पा रहे हैं। इस प्रकार 'बातचीत' स्वयं एक इंटरफेस का रूप लेती जा रही है। इस परिवर्तन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम एआइ-संचालित कोड जनरेशन के रूप में सामने आया है। वर्ष 2023 में आए गिटहब और माइक्रोसाफ्ट के संयुक्त अध्ययन के अनुसार, को-पायलट का उपयोग करने वाले लगभग 55-75 प्रतिशत डेवलपर्स ने अधिक उत्पादकता और कम मानसिक थकान की सूचना दी। इससे यह स्पष्ट होता है कि अब बुनियादी कोड लेखन का कार्य धीरे-धीरे एआइ द्वारा किया जा रहा है, जबकि मानव डेवलपर्स उच्च-स्तरीय समस्या-समाधान और डिजाइन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। दूसरे शब्दों में, 'कोड लिखना' अब एक मुख्य कौशल न रहकर एक सहायक टूल में परिवर्तित हो रहा है। इसी प्रकार विश्व आर्थिक मंच की 'फ्यूचर आफ जाब्स' रिपोर्ट के अनुसार, एआइ की बढ़ती भूमिका से पुनरावृत्ति वाले नौकरी पेशा पर अधिक दबाव बनेगा, बल्कि उच्च स्तरीय विश्लेषणात्मक और रचनात्मक भूमिकाओं की मांग में वृद्धि होगी।

वर्ष 2025 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने एआइ और नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग के चलते 12 हजार से अधिक पदों में कटौती का संकेत दिया है। वहीं ओरेकल, माइक्रोसाफ्ट, अमेजन वेब सर्विसेज और गूगल जैसी कंपनियां बड़े पैमाने पर एआइ इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश कर रही हैं। गार्टनर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साफ्टवेयर उद्योग अब 'साफ्टवेयर एज अ सर्विस' से 'एआइ एज अ सर्विस माडल' की ओर बढ़ रहा है। यानी अब कंपनियां साफ्टवेयर नहीं, बल्कि 'बुद्धिमत्ता' बेच रही हैं। हालांकि यह कहना अप्रासंगिक होगा कि एआइ, साफ्टवेयर उद्योग को पूरी तरह से खत्म कर देगा या यूजर्स की निर्भरता साफ्टवेयर से बिल्कुल कम कर देगा, सही बात यह है कि लोगों को टिके रहने के लिए को स्वयं को एआइ लिटरेसी और कर्मचारियों प्राम्प्ट इंजीनियरिंग जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखने और बदलती तकनीक के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता सीखनी होगी।

## शिक्षा व्यवस्था के प्रति भरोसा बढ़ाने का प्रयास



आदित्य कुमार
शिक्षा मामलों के जानकार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) 21वीं सदी की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक बन चुकी है। उद्योग, स्वास्थ्य, बैंकिंग और शासन के बाद अब शिक्षा क्षेत्र में भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में एआइ आधारित उपकरणों का प्रयोग बढ़ रहा है, जिससे शिक्षा को अधिक सुरक्षित, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय बनाने की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। हालांकि इसके साथ चुनौतियां भी हैं, लेकिन यदि इसका उपयोग संतुलित नीतियों और नैतिक मानकों के साथ किया जाए तो यह शिक्षा जगत में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एआइ में शिक्षा की कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों- जैसे सीखने की असमानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच और व्यक्तिगत शिक्षण को संबोधित करने की क्षमता है।

शिक्षा में सुरक्षा का प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है। आनलाइन शिक्षा और डिजिटल प्लेटफार्म के बढ़ते उपयोग के कारण छात्रों का विशाल डाटा इंटरनेट पर उपलब्ध है। एआइ आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियां असामान्य गतिविधियों की पहचान कर डाटा चोरी, साइबर हमलों और डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने में सहायता कर सकती हैं। कई देशों में विद्यालय परिसर की सुरक्षा के लिए स्मार्ट कैमरों और एआइ आधारित निगरानी प्रणालियों का प्रयोग शुरू हो चुका है। इससे विद्यार्थियों की सुरक्षा और अभिभावकों का भरोसा दोनों बढ़ते हैं। निष्पक्षता के संदर्भ में एआइ की उपयोगिता और भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा में नकल, प्रश्नपत्र लीक और मूल्यांकन संबंधी विवाद समय-समय पर सामने आते रहे हैं। एआइ आधारित आनलाइन प्राक्टरिंग सिस्टम परीक्षार्थियों की गतिविधियों की निगरानी कर अनियमितताओं को कम कर सकते हैं।

विश्वसनीयता के दृष्टिकोण से भी एआइ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इंटरनेट पर उपलब्ध सूचनाओं की बढ़ती मात्रा के बीच सही और गलत जानकारी में अंतर करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। हाल के वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों ने भी एआइ को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। एक अध्ययन के अनुसार, अमेरिका के 116 प्रमुख विश्वविद्यालयों में से लगभग 63 प्रतिशत संस्थानों ने शिक्षण और अधिगम में जेनरेटिव एआइ के उपयोग को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां विकसित की हैं। यह दर्शाता है कि विश्वभर में एआइ को शिक्षा का स्थायी हिस्सा माना जाने लगा है। हालांकि हमारे देश में अभी इस व्यवस्था को लेकर कई प्रकार की दुविधा कायम है। फिर भी, धीरे-धीरे ही सही, परंतु संस्थानों में इसका प्रयोग आरंभ कर दिया गया है।

वैसे इस दिशा में सावधानी बहुत आवश्यक है। यूनेस्को ने चेतावनी दी है कि अधिकांश देशों में एआइ संबंधी नियामक ढांचे अभी पर्याप्त विकसित नहीं हैं। डाटा गोपनीयता, एल्गोरिद्मिक पक्षपात, डिजिटल असमानता और तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता जैसी चुनौतियों का समाधान किए बिना एआइ का व्यापक उपयोग जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसलिए समझना होगा कि एआइ शिक्षा का विकल्प नहीं, बल्कि उसका सशक्त सहयोगी है। शिक्षक की संवेदनशीलता, मानवीय संवाद और नैतिक मार्गदर्शन का स्थान कोई मशीन नहीं ले सकती। किंतु यदि एआइ का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए तो यह शिक्षा को अधिक सुरक्षित, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाकर ज्ञान-आधारित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। भविष्य की शिक्षा मानव बुद्धि और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संतुलित समन्वय पर ही आधारित होगी।

खरी-खरी

## बाइक पर धूम मचाते चालक

विनोद कुमार विक्की

दो पहिया वाहन और युवाओं के बीच का संबंध कुछ वैसा ही होता है जैसा योजना और भ्रष्टाचार के बीच- एक का नाम लेते ही दूसरे की उपस्थिति स्वतः दर्ज हो जाती है। बस हाथों में बाइक का क्लच आने भर की देर है, फिर तो साधारण मोटरसाइकिल भी चालक की कल्पना में राकेट बन जाती है। गति सीमा उनके लिए सुझाव मात्र होती है, जिसका पालन करना उनकी शान के विरुद्ध माना जाता है।

बरसात के दिनों में इनकी प्रतिभा और निखर जाती है। सड़क के वयोवृद्ध और नवोदित गड्ढों में जमा पानी इनके लिए प्राकृतिक स्विमिंग पूल का कार्य करता है। जैसे ही इनकी हुड़हुड़ाती बाइक उस पानी से होकर गुजरती है, आसपास के पैदल यात्री और साइकिल सवार अनायास ही जलाभिषेक का पुण्य लाभ प्राप्त कर लेते हैं। उन्हें ऐसा महसूस होता है मानो कोई स्टीमर समुद्र की लहरों को चीरता हुआ निकल गया हो।

डिस्क ब्रेक का प्रयोग भी ये अत्यंत कलात्मक ढंग से करते हैं। अचानक ब्रेक लगाकर टायर की चीख और पिछले पहिए को हवा में उठाने का करतब देखकर दर्शकों का हृदय कुछ क्षणों के लिए ईएमआइ पर चला जाता है।

इन स्टंटबाजों का आत्मविश्वास इतना प्रबल होता है कि ट्रैफिक नियम इन्हें देखकर स्वयं किनारे हो जाना चाहते हैं। हेलमेट इनके लिए सिर की सुरक्षा का साधन नहीं, हाथ में लटकाने या बाइक के शीशे पर सजाने की वस्तु है। कुछ तो ऐसे वीर होते हैं जो एक हाथ से बाइक, दूसरे हाथ से मोबाइल और बची हुई मानसिक क्षमता से दुनिया को चुनौती देते चलते हैं।

ऐसा नहीं है कि यमराज इन बाइक चालकों के रिश्तेदार हैं, लेकिन इनकी करतूतें देखकर यमराज को अतिरिक्त ड्यूटी अवश्य करनी पड़ती है। आए दिन इनकी अनियंत्रित भूलोक-यात्रा अचानक यमलोक-यात्रा में परिवर्तित हो जाती है। किसी मोड़, चौराहे या पुलिया के पास इनकी दोपहिया वाहन अक्सर इनके पार्थिव शरीर के समीप विश्राम करती हुई मिल जाती है, मानो अंतिम क्षण तक साथ निभाने की शपथ पूरी कर रही हो।

X पोस्ट

दिल्ली में प्रदगिरगिट भी इतनी तेजी से रंग नहीं बदलता, जितनी तेजी से ममता बनर्जी की पार्टी के नेता रंग बदल रहे हैं। सत्ता के लोभी संघर्ष में साथ छोड़ने वाले लोग कितने मौकापरस्त होते हैं। इनके चेहरे भविष्य में हमेशा उदाहरण के तौर पर याद किए जाएंगे।
चित्रा त्रिपाठी@chitraaum

आज गिरेगी, कल गिरेगी, अब गिरी-तब गिरी... ऐसा प्रलाप करने वाले कुछ लोग नरेन्द्र मोदी की सरकार गिरने के सपने ही बेचते रह गए और मोदी आम आदमी के सपने पूरे करने के अथक प्रयास से सबसे लंबे कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री का रिकार्ड बना गए।
सुशांत सिन्हा@SushantBSinha



भारतीय राजनीति में कुछ आंकड़े केवल रिकार्ड नहीं होते, वे एक युग की कहानी भी कहते हैं। पीएम मोदी की राजनीतिक यात्रा को केवल वर्षों के आंकड़ों से नहीं समझा जा सकता। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं है कि वे लंबे समय तक सत्ता में रहे, बल्कि यह है कि उन्होंने राजनीति के विमर्श और चुनावी मनोविज्ञान को प्रभावित किया।
डा. मीना कुमारी जांगिड़
@DrMeenaJangid



धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश डायरी

# रणनीति में कमजोर पड़ती प्रदेश कांग्रेस

राज्यसभा चुनाव में मध्य प्रदेश से कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना उनके साथ कांग्रेस के लिए भी बड़ा झटका है। पार्टी प्रबंधन, प्रयोग और पीढ़ी परिवर्तन के जिस दौर से गुजर रही है, उसमें यह घटनाक्रम उसके लिए विचारणीय है। अनुभव व रणनीति के अभाव ने स्पष्ट कर दिया कि वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार करना उतना आसान भी नहीं है, जितना पार्टी हाईकमान ने मान लिया है।

राज्यसभा चुनाव का हालिया घटनाक्रम देखें, तो अपनी एकमात्र सीट बचाने के लिए पार्टी ने शुरू से ही गंभीरता नहीं दिखाई। जब प्रत्याशी को लेकर पार्टी में एकराय का अभाव था, तो पहले ही मीनाक्षी नटराजन का नाम घोषित करने के बजाय पार्टी को पूरी तैयारी के साथ नामांकन के अंतिम दिन पत्ते खोलना था। ऐसे में अड़चन डालने वालों को मौका मिलना मुश्किल हो जाता। नटराजन की स्वीकार्यता शुरू से ही संदेहास्पद थी, जिसने अपना रंग भी दिखा दिया। अब माना जा रहा है कि अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। दरअसल, कांग्रेस ने पीढ़ी परिवर्तन पर आगे बढ़ते हुए दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के अलावा अब पार्टी छोड़ चुके सुरेश पचौरी जैसे दिग्गजों को बड़ी जिम्मेदारी न सौंपते हुए जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हरीश चौधरी को प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। जीतू के खाते में बड़ी सफलता का इंतजार है, वहीं उमंग सिंघार विधानसभा सदन में प्रभावशाली साबित नहीं हो सके हैं, जबकि हरीश चौधरी प्रदेश में संगठन को तो मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अनुभव के मामले में उनके हाथ भी खाली हैं।

अनुभव और रणनीति के अभाव में संगठन की मजबूती ज्यादा असरकारक नहीं रह जाती है। कांग्रेस हाईकमान मध्य प्रदेश में वरिष्ठ नेताओं के अनुभव की भरपाई की व्यवस्था में चूक गया है, जिसका खामियाजा उसे हर बड़े घटनाक्रम में उठना पड़ता है। दशकों तक सियासत करने वाले दिग्गज हाशिए पर हों, तो उनका मौन भी भारी पड़ सकता है। राज्यसभा चुनाव में एकमात्र सीट बचा पाने में नई पीढ़ी नाकाम साबित हुई है, तो निश्चित तौर पर इसका असर वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव के लिए की जा रही तैयारियों पर भी पड़ेगा। युवा नेतृत्व की करिश्माई उपलब्धियों को कौन कहे, यहां जीती बाजी भी हार में बदल जा रही है। ऐसी स्थिति कार्यकर्ताओं में उत्साह और आत्मविश्वास को प्रभावित करती है। यदि यह सीट कांग्रेस जीत जाती, तो कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का संचार होता और मिशन 2028 के लिए तैयारी के साथ आगे बढ़ते।



जीतू पटवारी। फाइल



उमंग सिंघार। फाइल

आत्मविश्वास बनाए रखना भी कांग्रेस के लिए चुनौती बन रही है। लोकसभा और विधानसभा जैसे प्रत्यक्ष चुनाव के बाद राज्यसभा जैसे अप्रत्यक्ष चुनाव में भी कांग्रेस का निराशाजनक प्रदर्शन उसकी संभावनाओं को कमजोर कर सकता है। इसे समझने के लिए वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे देखें तो कांग्रेस मध्य प्रदेश में एक भी सीट नहीं बचा सकी थी। छिंदवाड़ा सहित सभी 29 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा और कांग्रेस की सीटें कम हुईं। अब राज्यसभा में भी मध्य प्रदेश से एकमात्र विवेक तन्खा ही हैं, जिनका कार्यकाल 2028 में समाप्त हो रहा है। हालांकि कांग्रेस विभिन्न सदनों में अपनी घटती उपस्थिति को लेकर न गंभीर दिखाई दे रही है, न सबक लेते हुए। नटराजन का नाम केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया था। प्रदेश नेतृत्व की जिम्मेदारी थी कि नटराजन के नाम पर विधायक दल में सहमति बनाएं और कहीं कोई ऐसी चूक न हो, जिससे यह सीट हाथ से निकल जाए, लेकिन जीतू इसमें असफल दिखाई दिए।

ताकत, अनुभव और प्रबंधन के मोर्चे पर कांग्रेस राज्यसभा चुनाव में भी भाजपा के सामने बेदम साबित हुई है। आने वाले तीन साल चुनाव के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होंगे। स्थानीय निकाय के बाद विधानसभा और उसके बाद लोकसभा चुनाव होंगे। जो भाजपा हमेशा इलेक्शन मोड में होने का दावा करती है, उसके सामने कांग्रेस को पूरी मजबूती और अनुभव के साथ आना होगा। यदि वरिष्ठ नेताओं के प्रभाव से अलग नए सिरे से कांग्रेस को खड़ा करना ही है, तो पार्टी को इन दिग्गजों के अनुभव और रणनीतिक कौशल का विकल्प भी तैयार करना होगा। भाजपा के प्रयोगों में राजनीतिक जोखिम को भी समझना होगा। बतौर विपक्ष कांग्रेस का रास्ता संघर्षों से भरा होगा, लेकिन सफलता भी इसी रास्ते की मंजिल है, इसे भी याद रखना जरूरी है।

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या भारत को गुलाम कश्मीर में दमन चक्र को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाना चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या ममता बनर्जी को अपने दल का विलय कांग्रेस में कर लेना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

**जनपथ**

प्रवचन देते दिख रहे आज कीर्ति आजाद,
अपना किस्सा भी नहीं रहा उन्हें तो याद।
रहा उन्हें तो याद स्वयं कितने दल छोड़े,
लिये बहत्तर छेद हो रहे इतने चौड़े!
पहले जा बंगाल समझिए जन-जन का मन,
फिर दे लेना आप शौक से जी भर प्रवचन!!
-ओम प्रकाश तिवारी

सुशासन के 12 वर्ष



विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# विकसित भारत की स्वर्णिम यात्रा

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं। ऐसे में जब हम इन 12 वर्षों की यात्रा का मूल्यांकन करते हैं तो इस सरकार के खाते में अनेक ऐसी उपलब्धियां हैं जिनकी चर्चा की जा सकती है



2014 से देश में 3.75 लाख किमी लंबी नई सड़कों और हाईवे का किया गया निर्माण। फाइल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।

प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया। गरीब कल्याण इस दौर की सबसे बड़ी पहचान रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। आयुष्मान भारत ने गरीब परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने अन्नदाताओं को सीधी आर्थिक सहायता दी। ये योजनाएं केवल सरकारी घोषणाएं नहीं रहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा व विश्वास का आधार बनीं।

इन 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने भी नई शक्ति प्राप्त की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को केवल उपभोक्ता बाजार नहीं रहने दिया, बल्कि उत्पादन, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा दी। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रानिक्स, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, फार्मा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। डिजिटल इंडिया ने भारत की शासन व्यवस्था और नागरिक जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। यूपीआइ ने डिजिटल भुगतान को आम आदमी के जीवन का हिस्सा बना दिया है। गांवों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने शासन को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है।

आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी पिछले 12 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं। आधुनिक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, अमृत भारत स्टेशन और बेहतर लाजिस्टिक्स ने देश की गति बढ़ाई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे थे।

छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में हमें मोदी की गारंटी पर जनादेश मिला। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देकर महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है।

आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई इस कालखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वर्षों तक देश के अनेक आदिवासी और वनांचल क्षेत्र नक्सली हिंसा, भय और पिछड़ेपन के चक्र में फंसे रहे। प्रधानमंत्री के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सफल रणनीति के अनुसार डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार हुआ। बस्तर, जिसे कभी नक्सल हिंसा के कारण जाना जाता था, आज विकास, विश्वास और बदलाव की नई पहचान बना रहा है। 31 मार्च, 2026 तक माओवाद को समाप्त करने का संकल्प सरकार ने पूरा किया। जिन क्षेत्रों में कभी भय था, वहां अब स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा, मोबाइल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवा और सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं।

जनजातीय समाज के सम्मान और विकास को भी इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता के सम्मान का ऐतिहासिक कदम है। पीएम जनमन योजना ने विशेष पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों तक सड़क, बिजली, पानी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का काम शुरू किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातीय गांवों के समग्र विकास की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में इन योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश की बड़ी आबादी जनजातीय समाज से आती है। दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों तक पहली बार योजनाएं व्यवस्थित रूप से पहुंच रही हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में वनोपज, पर्यटन, कौशल विकास और स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। यह विकास केवल सड़क और भवन का विकास नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, भागीदारी और भरोसे का विकास है।

**एयरटेल ने प्रायोरिटी पोस्टपेड को फास्ट लेन में रीब्रांड किया**

**नई दिल्ली:** भारती एयरटेल ने अपने प्रायोरिटी पोस्टपेड सर्विस को रीब्रांड करके फास्ट लेन कर दिया है। कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल एप पर इसके नाम में बदलाव कर दिया है और योग्य पोस्टपेड ग्राहकों के स्मार्टफोन की स्क्रीन पर भी अब फास्ट लेन का सिम्बल दिखने लगा है। जब पूछा गया कि क्या प्रायोरिटी पोस्टपेड प्लान को बंद कर दिया है तो कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि इस बात से इन्कार किया, लेकिन सर्विस को फास्ट लेन के तौर पर रीब्रांड करने की बात मानी। (प्रेट्र)

पिछले चार सालों में एयर इंडिया की बुनियाद को फिर से मजबूत किया गया है, लेकिन निर्धारित समय पर विमानों की आपूर्ति नहीं होने से इसकी वृद्धि और बेड़े के आधुनिकीकरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ा है।
– कैंपबेल विल्सन, एमडी और सीईओ, एयर इंडिया



| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना प्रति दस ग्राम | चांदी प्रति किलो ग्राम | डालर | क्रूड प्रति बैरल |
|---|---|---|---|---|---|
| 73,983.18 ▲ 64.42 | 23,214.95 ▼ 27.15 | ₹ 1,56,000 ▼ ₹ 4,300 | ₹ 2,45,700 ▼ ₹ 10,000 | ₹ 95.25 ▼ ₹ 0.16 | $ 91.27 |

## एक नजर में

**22 नई टेक्सटाइल कंपनियों को पीएलआइ की मंजूरी**

**नई दिल्ली:** सरकार ने बुधवार को टेक्सटाइल के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) स्कीम के तीसरे राउंड के तहत 22 नए आवेदनों को मंजूरी प्रदान की। इससे 2,339.14 करोड़ रुपये के निवेश और 36,000 से ज्यादा नए रोजगार का सृजन होगा। तीसरे राउंड में अब तक कुल 96 कंपनियों को चुना गया है। इन कंपनियों ने कुल 12,822.67 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है और इनसे 58,294.18 करोड़ रुपये का टर्नओवर होने की उम्मीद है। (आइएएनएस)

**एमएफआइ क्रेडिट गारंटी योजना के विस्तार को मंजूरी**

**नई दिल्ली:** सरकार ने सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआइ) के लिए ऋण गारंटी योजना 2.0 को 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही बड़े आकार के एनबीएफसी एमएफआइ के लिए अधिकतम ऋण सीमा को 300 करोड़ से बढ़ाकर 1000 करोड़ कर दिया है। अब तक इस स्कीम में 770 करोड़ के लोन मंजूर हुए हैं। योजना में सरकार नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी के जरिये छोटे कर्जदाताओं को लोन देने के लिए एनबीएफसी-एमएफआइ को दी जाने वाली वित्तीय मदद पर होने वाले नुकसान के लिए गारंटी कवर देगा। (प्रेट्र)

**सोलरस्क्वायर को सर्वश्रेष्ठ सोलर इंस्टालर का सम्मान**

**नई दिल्ली:** देश की प्रमुख रूफटाप सोलर कंपनी सोलरस्क्वायर को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा पीएम सूर्य घर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कंपनी को भारत का सर्वश्रेष्ठ सोलर इंस्टालर, उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ सोलर इंस्टालर और पश्चिमी भारत का सर्वश्रेष्ठ सोलर इंस्टालर के भी पुरस्कार मिले हैं। सोलरस्क्वायर ने देश के 20 शहरों में लगभग 40,000 घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए हैं, जिनमें से करीब 30,000 इंस्टालेशन पीएम सूर्य घर योजना के तहत किए गए हैं। (बि.)

### एसबीआइ ने कहा-आरबीआइ के उपायों से भुगतान संतुलन को सरप्लस में लाने में मिलेगी मदद

# 65 अरब डालर तक विदेशी पूंजी आने की उम्मीद

- केंद्रीय बैंक की ओर से जून में उठाए गए कदम का मकसद घरेलू ब्याज दरों को बढ़ाए बिना रुपये को सहारा देना
- बांड बाजार मजबूत करने और बाह्य वित्त पोषण में आने वाली बाधाओं को भी कम करना शामिल

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** आरबीआइ के हाल के कदमों से भारत को चालू वित्त वर्ष में 55 से 65 अरब डालर के विदेशी पूंजी को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा रुपये को स्थिर करने और देश के भुगतान संतुलन को सरप्लस में लाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक शोध विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय बैंक के फरवरी और जून, 2026 के कदमों को रुपये को स्थिर करने, घरेलू बांड बाजार को मजबूत करने, अधिक स्थिर विदेशी पूंजी को आकर्षित करने और बाह्य वित्त पोषण में आने वाली बाधाओं को कम करने के एक समन्वित प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने विदेशी पूंजी को आकर्षित करने और देश के भुगतान संतुलन को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन कदमों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) को बढ़ावा देने के लिए रियायती विदेशी मुद्रा विनिमय दर अदला-बदली की सुविधा शामिल है। आरबीआइ ने बैंकों को नए तीन से पांच साल के विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) खाता (एफसीएनआर) जमा जुटाने के लिए भी ऐसी सुविधा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, बाह्य वाणिज्यिक उधारी पर फरवरी के कदम संरचनात्मक और बाजार विकास को ध्यान में रखकर उठाए गए थे, जबकि जून में किए गए उपायों का मकसद विदेशी मुद्रा प्रवाह को आकर्षित करना और घरेलू ब्याज दरों को बढ़ाए बिना रुपये को सहारा देना है।

**वैश्विक प्रणाली में वृद्धि हो सकती है जमा राशि:** रिपोर्ट में कहा गया, 'करीब 55-65 अरब डालर का प्रवाह यह सुनिश्चित करेगा कि अनुमानित 16 प्रतिशत कर्ज वृद्धि के मुकाबले बैंक प्रणाली में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जमा वृद्धि बढ़कर लगभग 14.5-15 प्रतिशत हो सकती है।' रिपोर्ट के अनुसार, इसका मतलब यह होगा कि नियामकीय छूट को समायोजित करने के बाद कर्ज-जमा अंतर लगभग एक लाख करोड़ रुपये कम हो जाएगा और ब्याज दरों का ढांचा और नीचे आएगा। आरबीआइ ने डालर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट को थामने के लिए नए एफसीएनआर (बी) जमा के लिए डालर-रुपया विदेशी विनिमय अदला-बदली सुविधा शुरू की है। ये जमा कम से कम तीन साल और अधिक से अधिक पांच साल की अवधि के लिए होंगी। यह सुविधा 16 अक्टूबर, 2026 तक खुली रहेगी।



**पीएनबी ने नान-रेजिडेंट बैंक जमा दरों को बढ़ाया**

नई दिल्ली, एजेंसी: आरबीआइ द्वारा डालर-रुपया स्वैप सुविधा (जिसमें पूरी हेजिंग लागत केंद्रीय बैंक द्वारा वहन की जाएगी) के एलान के बाद पंजाब नेशनल बैंक ने अपनी फारेन करेंसी नान-रेजिडेंट (बैंक) जमा दरों को बढ़ाकर 6.10% तक करने का फैसला किया है। इस कदम से बैंक को अनिवासी भारतीयों से लगभग 2.5 अरब डालर जुटाने की उम्मीद है।

**कंपनियों का विदेश में प्रत्यक्ष निवेश 49% घटा**

**मुंबई, प्रेट्र:** भारतीय कंपनियों का विदेश में प्रत्यक्ष निवेश मई में महीने-दर-महीने आधार पर 49 प्रतिशत घटकर 4.49 अरब डालर रह गया। इसकी मुख्य वजह भारतीय कंपनियों द्वारा जारी किए गए कम इक्विटी इन्वेस्टमेंट, लोन और गारंटी थी। विदेश में इक्विटी निवेश मई में तेजी से घटकर 63.21 करोड़ डालर रह गया जो अप्रैल में 1.29 अरब डालर था। इक्विटी इन्वेस्टमेंट सेगमेंट में इंडोविडा इंडिया ने विदेश में 67.32 करोड़ डालर, टाटा इंटरनेशनल ने 13 करोड़ डालर, अरविंद एडवांस्ड मैटेरियल्स ने 5.8 करोड़ डालर निवेश किया।

# टेक्सटाइल व स्टील की उत्पादन क्षमता प्रति व्यक्ति खपत से कम

भारत ने अमेरिका के अधिक उत्पादन के आरोप किए खारिज, कहा-ट्रेड कानून में अतिरिक्त उत्पादन की जांच शामिल नहीं

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** मैन्यूफैक्चरिंग के तौर-तरीकों और जरूरत से अधिक उत्पादन को लेकर अमेरिकी जांच पर विदेश व्यापार महानिदेशालय का कहना है कि भारत में टेक्सटाइल व स्टील दोनों की उत्पादन क्षमता प्रति व्यक्ति कुल खपत से अधिक नहीं है।

सरकार ने कहा है कि यह दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले काफी कम है। अमेरिका अपने व्यापार कानून के सेक्शन 301 के तहत इन दिनों 50 से अधिक देशों में होने वाले औद्योगिक उत्पादन के तरीके व अतिरिक्त उत्पादन की जांच कर रहा है। अमेरिका का मानना है कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार में बढ़त के लिए कई सेक्टर में जरूरत से अधिक उत्पादन करता है। कई अन्य देशों में अमेरिका वहां उत्पादन के लिए श्रमिकों से जबरन काम कराने की जांच कर रहा है। ट्रेड रेमिडिज के महानिदेशक एवं वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अमिताभ कुमार ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के फ्रेमवर्क के किसी भी ट्रेड रेमिडिज कानून में अतिरिक्त उत्पादन की जांच शामिल नहीं है। वह नए प्रकार की धारणा है। उन्होंने कहा कि हम नहीं समझते हैं कि टेक्सटाइल सेक्टर में हमारा उत्पादन जरूरत से अधिक है। मैनमेड फाइबर और टेक्निकल टेक्सटाइल में हमारा उत्पादन कम है। हमारे देश में गर्म जलवायु है और हम काटन का कपड़ा पहनते हैं। ऐसे में हमारे पास जरूरत से अधिक उत्पादन कैसे हो सकता है। स्टील में भी प्रति व्यक्ति खपत कम है। हम स्टील के उत्पादन में दूसरे नंबर पर हो सकते हैं, लेकिन हमारी प्रति व्यक्ति खपत और आर्थिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए हमारी खपत काफी कम है।

# आरबीआइ ने बैंकों को दी रीट इनविट को कर्ज देने की मंजूरी

**मुंबई, प्रेट्र:** आरबीआइ ने बैंकों को सूचीबद्ध रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (रीट) और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (इनविट) को कर्ज देने की मंजूरी प्रदान कर दी है। बैंक ने कर्ज देने की मंजूरी के साथ ही कुछ नियम और शर्तें भी तय की हैं। किसी भी बैंक का एक रीट या इनविट (उनकी होल्डिंग कंपनियों) में कुल एक्सपोजर ट्रस्ट की संपत्ति के मूल्य के 49% से अधिक नहीं हो सकता। रीट के लिए, जोखिम भार 100 प्रतिशत तय किया गया है (अगर यूनिट होल्डर्स को भुगतान मिला है तो 125%)। कर्ज को वित्तीय संकट से जूझ रहे एसपीवी के ऋण को चुकाने में उपयोग नहीं किया जाएगा।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com



**135 एनबीएफसी का पंजीकरण निरस्त**

आरबीआइ ने 135 एनबीएफसी के सर्टिफिकेट आफ रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिए हैं। इनमें से ज्यादातर कंपनियां कोलकाता और पश्चिम बंगाल के दूसरे हिस्सों में पंजीकृत हैं। पश्चिम बंगाल की एनबीएफसी के अलावा महाराष्ट्र, तेलंगाना, दिल्ली, मणिपुर, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की भी कंपनियां शामिल हैं।

## सोना 4,300 तो चांदी 10 हजार रुपये गिरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और मजबूत डालर के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 4,300 रुपये (या लगभग तीन प्रतिशत) गिरकर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमतें 10,000 रुपये (या चार प्रतिशत) टूटकर 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि पिछली बार यह 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

पीएल वेल्थ के प्रोडक्ट और फैमिली आफिस के प्रमुख राजकुमार सुब्रमण्यम ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें 90 डालर प्रति बैरल से ऊपर चली गईं और डालर मजबूत हुआ है, जिसके चलते बुधवार को सोने की कीमतों में भारी गिरावट आई। ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी ने लगातार बनी हुई महंगाई और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं, जिससे कीमती धातुओं का आकर्षण कम हो गया है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में 12 महीने के निचले स्तर 22,908 करोड़ पर

- यह प्रवाह अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम
- एमएफ इंडस्ट्री में मई में कुल 64,131 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई




**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अस्थिर बाजार परिस्थितियों के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश मई में एक साल के सबसे निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह प्रवाह अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम रहा।

म्यूचुअल फंड उद्योग में मई में कुल मिलाकर 64,131 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी दर्ज की गई जबकि अप्रैल में 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इसकी मुख्य वजह ऋण उन्मुख योजनाओं से 96,948 करोड़ रुपये की निकासी रही। उद्योग की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) मई के अंत में घटकर 81.6 लाख करोड़ रुपये रह गईं, जो एक महीने पहले 81.92 लाख करोड़ थीं। मई में इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश 22,908 करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल में 38,440 करोड़, मार्च में 40,450 करोड़, फरवरी में 25,978 करोड़ और जनवरी में 24,028 करोड़ रुपये था। ताजा निवेश मई 2025 के बाद सबसे कम है जब 19,013 करोड़ का शुद्ध निवेश आया था।

**गोल्ड ईटीएफ में 13 महीनों से जारी निवेश का सिलसिला टूटा**

गोल्ड ईटीएफ में मई में 725 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। अप्रैल 2025 के बाद यह पहली बार था जब गोल्ड ईटीएफ से निकासी हुई। उस समय 5.82 करोड़ रुपये निकाले गए थे। अप्रैल में गोल्ड ईटीएफ में 3,040 करोड़ रुपये का निवेश आया था।

**30 हजार करोड़ से ज्यादा रहा एसआइपी में निवेश**

मई में एसआइपी में 30,953.83 करोड़ रुपये का निवेश आया और इस तरह एसआइपी एसेट बढ़कर 17.12 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह कुल एयूएम का लगभग 21 प्रतिशत है।

## 30 जून से प्लास्टिक नोट लाने की खबरें निराधार

**नई दिल्ली, एजेंसी:** भारत सरकार ने इंटरनेट मीडिया में चल रही उन खबरों को खारिज किया है, जिसमें दावा किया गया था कि आरबीआइ इस महीने के आखिर तक सभी कागजी नोटों को हटाकर उनकी जगह प्लास्टिक के नोट लाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि केंद्रीय बैंक ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है और मौजूदा कागजी मुद्रा चलन में बनी रहेगी।

पत्र सूचना कार्यालय (पीआइबी) फैक्ट चेक ने एक्स पर कहा, 'इंटरनेट मीडिया पर कई पोस्ट में गलत दावा किया जा रहा है कि आरबीआइ 30 जून, 2026 से कागजी नोटों को हटाकर उनकी जगह प्लास्टिक के नोट लाने जा रहा है।' पीआइबी ने कहा कि यह दावा पूरी तरह फर्जी है। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि मैसेजिंग एप पर संवेदनशील वित्तीय खबरें आगे भेजने से पहले लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

## राष्ट्रीय फलक

# राज्यों चाहे तो पेट्रोल-डीजल को जीएसटी दायरे में लाना संभव

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

- केंद्र खुद नहीं करेगा पहल, राज्य चाहें तो इस मुद्दे पर जीएसटी काउंसिल में बहस कर सकते हैं शुरू
- पेट्रोल-डीजल की कीमतों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए फिर से होने लगी चर्चा

**28** प्रतिशत का अधिकतम शुल्क लगेगा पेट्रोल व डीजल को सीएसटी दायरे में लाने के बाद

**45** प्रतिशत से अधिक का टैक्स लगता है अभी केंद्र व राज्य सरकार का कुल मिलाकर

पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की पहल राज्यों को ही करनी होगी। राज्य चाहे तो इस मुद्दे पर जीएसटी काउंसिल में बहस शुरू कर सकते हैं। वित्त मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि केंद्र की तरफ से पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की पहल नहीं की जाएगी। पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमतों में पिछले एक माह में 7.50 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी के बाद एक बार फिर से इन्हें जीएसटी के दायरे में लाने की चर्चा तेज हो गई है।

पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के बाद इन पर अधिकतम 28 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। अभी केंद्र सरकार की तरफ से उत्पाद शुल्क तो राज्यों की तरफ से वैट व विभिन्न प्रकार के सेस को मिलाकर इनकी खुदरा कीमतों में 45 प्रतिशत से अधिक का टैक्स लगता है। हालांकि उपभोक्ता को पेट्रोल-डीजल के दाम में राहत दिलाने के कई दलों व विशेषज्ञों द्वारा राज्यों से वैट में कटौती की मांग भी की जा रही है। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि वैट में कटौती के लिए केंद्र की तरफ से राज्यों को नहीं कहा गया है और आगे भी कोई योजना नहीं है। दाम बढ़ने पर हमेशा राजनीतिक दलों की तरफ से राज्यों के वैट घटाने की आवाज उठाई जाने लगती हैं। सभी राज्यों में अलग-अलग वैट की दर है। फिलहाल 22 राज्यों में भाजपा शासित सरकार हैं। पश्चिम एशिया संकट से कच्चे तेल के बढ़ते दाम और उससे घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें बढ़ रही हैं। इनके खुदरा दाम में और इजाफा हो सकता है। फिलहाल तेल कंपनियों रोजाना 500-600 करोड़ रुपये का घाटा उठा रही है। ईरान युद्ध के आरंभ होने के पहले 78 दिनों तक पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमत में वृद्धि रोकने के लिए केंद्र ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को 1.23 लाख करोड़ रुपये की मदद दी, लेकिन अब केंद्र खुदरा कीमत रोकने के लिए मार्केटिंग कंपनियों को कोई वित्तीय मदद नहीं देने जा रहा है।



प्रतीकात्मक

## विपक्ष शासित राज्यों ने पेट्रोल पर वैट बढ़ा कर जनता पर डाला बोझः अमित मालवीय

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा है कि भाजपा शासित राज्यों ने मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करके जनता को राहत दी है इसकी वजह से इन राज्यों में पेट्रोल की कीमतें कम हैं। वहीं विपक्षी दलों की सरकारों वाले राज्य में पेट्रोल भाजपा शासित राज्यों की तुलना में 15 रुपये तक महंगा है जबकि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल पर लगाई गई वाली एक्साइज ड्यूटी सभी राज्यों के लिए बराबर है। मालवीय का कहना है कि विपक्ष शासित राज्यों ने पेट्रोल पर वैट बढ़ा कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला है।



अमित मालवीय

**पेट्रोल वहीं, कीमतें अलग**

| भाजपा शासित राज्य | विपक्ष शासित राज्य |
|---|---|
| उत्तराखंड, 100.50 रुपये | कर्नाटक, 110.61 रुपये |
| उत्तर प्रदेश, 101.86 रुपये | केरल, 114.01 रुपये |
| नई दिल्ली, 102.12 रुपये | तेलंगाना, 115.73 रुपये |
| गुजरात, 101.99 रुपये | |

# जामनगर में 168 मेगावाट का डेटा सेंटर बनाएंगे रिलायंस और मेटा

- यह भारत के वैश्विक एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर सेंटर के रूप में उभरने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि
- इसे दो वर्षों के भीतर तैयार किया जाएगा, जियो में 5.7 अरब डालर का निवेश कर चुकी है मेटा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और मेटा प्लेटफार्म्स ने गुजरात के जामनगर में 168 मेगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर विकसित करने के लिए समझौता किया है। इसे दो वर्षों के भीतर तैयार किया जाएगा। यह भारत में मेटा का पहला 'बिल्ट-टू-सूट' डेटा सेंटर होगा। यह भारत के वैश्विक एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर सेंटर के रूप में उभरने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

यह डेटा सेंटर नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित होगा और समुद्री जल के लवण हटाकर (डिसैलिनेशन) इसका शीतलन किया जाएगा। संयुक्त बयान में कहा गया कि मेटा प्लेटफार्म्स भारत में दो प्रमुख स्वच्छ ऊर्जा प्रदाताओं क्लीनमैक्स और फोर्थ पार्टनर एनर्जी के साथ भी साझेदारी कर रही है। इससे करीब एक गीगावाट (1000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा को समर्थन मिलेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, 'मेटा के साथ यह साझेदारी भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण है। मेटा जैसी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए भारत का पहला 'बिल्ट-टू-सूट' डेटा सेंटर बनाना इस बात का प्रमाण है कि भारत वैश्विक एआइ क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।' मेटा ने 2020 में जियो प्लेटफार्म्स में 5.7 अरब डालर का निवेश किया था। गुजरात का यह स्थान बड़े डेटा सेंटर संचालन के लिए कई लाभ प्रदान करता है, जिनमें आपूर्ति क्षमता, नवीकरणीय ऊर्जा, जल उपलब्धता, पश्चिमी तट के समुद्री केबल लैंडिंग स्टेशन के नजदीक होना और जियो के व्यापक फाइबर नेटवर्क से जुड़ाव शामिल है।

# दूध व कुरकुरे के पैकेटों में नशीले पदार्थ की सप्लाई, मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर फरीदाबाद से गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, शिमला**

- खाली पैकेटों में छिपाकर शिमला के विभिन्न स्थानों पर रखते थे चिट्टा
- वीडियो के माध्यम से खरीदारों तक पहुंचाई जाती थी नशे की लोकेशन
- तीन महीने में 1.25 करोड़ रुपये के लेनदेन की बात पुलिस जांच में आई सामने

शिमला पुलिस ने दूध, कुरकुरे और अन्य खाद्य पदार्थों के खाली पैकेटों में नशीला पदार्थ यानी चिट्टा सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। तस्कर चिट्टे को खाली पैकेटों में छिपाकर शिमला के विभिन्न स्थानों पर रख देते थे। बाद में वीडियो के माध्यम से खरीदारों तक उसकी लोकेशन पहुंचाई जाती थी। पुलिस ने नेटवर्क के मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर को हरियाणा के फरीदाबाद जिले से गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि तीन महीने के भीतर करीब 1.25 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। खाली पैकेटों में चिट्टे की मात्रा मांग के अनुसार दो, चार, पांच ग्राम या इससे अधिक भी रहती थी।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के बालूगंज थाने में इस साल 23 फरवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने 24 अप्रैल को 37 वर्षीय अविनाश चौहान के पास से करीब सात ग्राम चिट्टा बरामद किया था। जांच आगे बढ़ाई तो विशाल यादव और उसके भाई जय प्रकाश दोनों निवासी जिला भोजपुर (बिहार) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों, बैंक खातों के लेनदेन व अन्य तकनीकी प्रमाणों का विश्लेषण किया। पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस थाना बालूगंज की टीम ने नेटवर्क के मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर 21 वर्षीय रवि अहिरवार निवासी जिला छतरपुर (मध्य प्रदेश) हाल निवासी बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद (हरियाणा) को पांच जून को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया। आरोपित को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया है। एक वर्ष के दौरान आरोपित करीब 50 बार शिमला आया और इसी तरह की गतिविधियों में शामिल रहा। जांच में सामने आया है कि रवि अहिरवार वर्ष 2025 से मोहाली में रह रहा था और वहीं से हिमाचल में चिट्टे की सप्लाई का काम संभाल रहा था। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और पूरे गिरोह की जड़ों तक पहुंचने में जुटी है।

## 1400 करोड़ के बैंक घोटाले में ईडी ने एस कुमार्स का बंगला किया कुर्क

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** ईडी ने 1400 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड (एसकेएनएल) का बंगला कुर्क किया है। इसका बाजार मूल्य 60 करोड़ रुपये से अधिक है। यह बंगला एसकेएनएल के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नितिन कसलीवाल के स्वामित्व का है। ईडी ने इससे पूर्व लंदन में बकिंघम पैलेस स्थित 119.55 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। अब तक 179.55 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। नितिन ने अपने और परिवार के नियंत्रण वाली कंपनियों और संस्थाओं के नेटवर्क का उपयोग कर धन का दुरुपयोग किया। बैंकों के कंसोर्टियम से प्राप्त ऋण को डायवर्ट कर मुरड व अलीबाग में निकट स्थित संपत्तियां खरीदी। यह सीधे तौर पर अपराध से अर्जित आय से खरीदी गई थी, जो 1400 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले से ही संबंधित है।

# नेपाल ने भारतीय आमों पर नहीं लगाई रोक, निर्यात जारीः सरकार

- सरकार ने इस संबंध में मीडिया रिपोर्ट को गलत ठहराया, कहा, शर्तों का अनुपालन कर भेजी जी रहीं आम की खेप

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** केंद्र सरकार ने भारत से आम के आयात पर नेपाल में रोक लगाए जाने संबंधी कुछ मीडिया रिपोर्ट को 'तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक' बताते हुए बुधवार को खारिज कर दिया। इसके साथ ही सरकार ने कहा कि नेपाल को होने वाला भारतीय आमों का निर्यात बिना किसी बाधा के लगातार जारी है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा कि नेपाल के प्लांट क्वारंटीन एवं कीटनाशक प्रबंधन केंद्र ने खुद ही 10 जून को यह स्पष्ट किया कि भारतीय आमों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि नेपाल ने भारतीय आम के आयात पर रोक लगा दी है। यह पूरी तरह से गलत और भ्रामक है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा नियमों के तहत पौधों के स्वास्थ्य संबंधी शर्तों का पालन करने पर आयात की अनुमति जारी है। इन शर्तों के अनुपालन पर आयात की अनुमति और रिलीज आर्डर जारी किए जा रहे हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से अब तक भारत ने नेपाल को 2,005 टन आम की 149 खेपों का निर्यात किया है। जबकि जून में अब तक 266 टन आम की 18 खेपें भेजी जा चुकी हैं। नेपाल ने हाल ही में अपने कुछ आयात नियमों में संशोधन किया है, जिसके तहत फलों एवं अन्य कृषि उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'गर्म जल उपचार' को अनिवार्य बनाया गया है। इस पर भारत ने कहा कि वह नए मानकों के अनुरूप आम के निर्यात को सुगम बना रहा है।

## सेबी के अंतरिम आदेश को चुनौती नहीं देगी राजेश एक्सपोर्ट्स

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** गोल्ड ज्वेलरी कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स ने बुधवार को कहा कि वह मार्केट रेगुलेटर सेबी के फोरेंसिक आडिट के आदेश में पूरा सहयोग करेगी और अंतरिम आदेश को चुनौती नहीं देगी। कंपनी के संस्थापक व चेयरमैन राजेश मेहता ने इन आरोपों से इन्कार किया कि राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड ने फोरेंसिक आडिट में रुकावट डाली थी। उन्होंने कहा, कंपनी शुरू से ही जांच करने वालों के साथ सहयोग कर रही है। 2020-21 से 2024-25 के बीच अपनी आय को अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर (15.15 लाख करोड़ रुपये) पेश करने के चलते कंपनी फिलहाल सेबी की जांच का सामना कर रही है। मेहता ने कहा कि कंपनी ने अंतरिम आर्डर के तहत मांगे गए दस्तावेज देने शुरू कर दिए हैं और उम्मीद है कि यह काम पांच से छह दिनों में पूरा हो जाएगा।

## प्रेरणा

आपकी जिंदगी में आने वाली हर चुनौती एक मौका ही है। - **मैरी कॉम**

## संपादकीय

# क्या हम एक देश के रूप में सही भोजन कर रहे हैं?

आईसीएमआर के संतुलित भोजन के मानक के अनुसार एक व्यक्ति को प्रति माह अधिकतम 7.55 किलो अनाज (गेहूं, चावल और मोटा अनाज) खाना चाहिए, जबकि 2.6 किलो दाल, 9 लीटर दूध और 12 किलो सब्जियों और फल का सेवन करना चाहिए। लेकिन केरल, तमिलनाडु, दिल्ली, चंडीगढ़ सहित पांच यूटीज और पंजाब के शहरी इलाकों को छोड़कर पूरे देश में- खासकर उत्तर भारत के राज्यों में उक्त पैमाने से सवा से डेढ़ गुना अनाज तो खाया जाता है, लेकिन दालें (जो प्रोटीन का सबसे सस्ता और सुगम स्रोत हैं) आधे से कम मात्रा में ली जाती हैं। अगर इस मानक के हिसाब से दालें खाई जाएं तो वर्तमान उत्पादन (27 मिलियन टन) के लगभग बराबर मात्रा में आयात करना पड़ेगा। इसके अलावा सब्जियों और फल की खपत भी 12 किलो के मानक के मुकाबले देश के बड़े हिस्से में 40% से भी कम है। प्रति-व्यक्ति दूध की खपत भी हरियाणा और पंजाब को छोड़कर अन्य राज्यों में बेहद कम है। बच्चों और बढ़ती आयु के किशोरों में लो-प्रोटीन जनित नाटापन, कम मांसलता, अल्प मांसल-क्षमता (मसल-स्ट्रेंग्थ) और प्रतिरोधी क्षमता का ह्रास भोजन के असंतुलन के कारण होता है। दलहन, दूध की खपत महंगाई के कारण गरीब राज्यों में कम है, लेकिन सब्जियां-फल जरूरत से ज्यादा पैदा होते हैं। यह अलग बात है कि उसका एक-तिहाई रखरखाव की कमी का शिकार हो जाता है, जबकि अलग-अलग राज्यों में रुचि में बदलाव भी खपत कम होने का एक बड़ा कारण है।

## जीने की राह


पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com




# अनुभव शरीर से जुड़ा है तो अनुभूति हृदय और आत्मा से

शंकराचार्य जी ने दो बातें हमारे बड़े काम की बोली हैं। पहली बात वे कहते हैं मंदिर वही पहुंचता है, जो धन्यवाद देने जाता है, मांगने नहीं। और दूसरी बात, वास्तविक आनंद उन्हीं को मिलता है, जो आनंद की तलाश नहीं करते। तो पहली बात को यूं समझें कि जब भी हम लोग मंदिर जाएं, ईश्वर को धन्यवाद देना चाहें तो उसका एक तरीका है। हमारे मंदिरों में ईश्वर की प्राण प्रतिष्ठा इसीलिए की गई है कि वो प्रतिमाएं जीवित हो जाती हैं और उनको एकटक देखकर दर्शन करने की व्यवस्था है। कहते हैं आंखों का सबसे अच्छा उपयोग है ईश्वर की प्रतिमा को एकटक देखना और दूसरा है दर्पण में स्वयं अपनी आंखों को देखना। और दूसरा शंकराचार्य जी कहते हैं वास्तविक आनंद क्या होता है? जब हम किसी बात का अनुभव करते हैं तो हमें खुशी मिलती है, पर जब अनुभव अनुभूति में बदल जाता है तब आनंद मिलता है। हम जब भी कोई सांसारिक काम करें, उसमें आध्यात्मिक छींटा जरूर लगाएं तो हमें सांसारिक कार्यों का अनुभव मिलेगा और हमारे काम में ईश्वरीय उपस्थिति है, इस बात की अनुभूति होगी।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### मेरी कविता की बुढ़िया



मेरी कविता की बुढ़िया उदास है,
विदेश में रहते हैं इसके बेटे और बहू
इसका पूरा मकान खाली है।

वो देखो ! आंगन और सूखी तुलसी और किनारे खड़ी
बिल्कुल बुढ़िया के दिल की तरह टूटी चारपाई
जिस पर वह ठंड के दिनों में, सरसों के तेल की
घंटों बेटे की किया करती थी मालिश,
आज उसी तेल की कटोरी में
उसके वात्सल्य का अरमान खाली है।

अभी पिछले ही दिनों
मेरी कविता की यह बुढ़िया बीमार हुई है,
अब न बचेगी इसकी हिचकियां और बार-बार
दरवाजे की तरफ देखना।
वही हुआ बुढ़िया मर गई
मेरी कविता तो पूरी हो गई,
पर उसके विदेशी बेटे और बहू नहीं आए
जहाजें आती और जाती रहीं,
फिर भी हर एयरपोर्ट पर,
मेरी कविता की बुढ़िया उदास खड़ी है !

-रंगनाथ द्विवेदी, जौनपुर

(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### पेड़ लगाने का सिर्फ दिखावा न करें

पर्यावरण दिवस पर नेता, उनके समर्थक और कई लोग सोशल मीडिया पर पेड़ लगाते हुए फोटो डालते हैं और करोड़ों पेड़ लगाने का दावा करते हैं। लेकिन ऐसा सच में होता तो महाराष्ट्र में आज घने जंगल होते। इन लोगों को ऐसा दिखावा नहीं करना चाहिए।
-श्याम ठाणेदार, दौंड, महाराष्ट्र

### घनी आबादी से हटाए जाएं ट्रांसफॉर्मर

बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। बिजली विभाग ने अनेक गांव-शहरों में बिजली के ट्रांसफॉर्मर घने आबादी क्षेत्रों में लगाए हैं, जो वहां के स्थानीय रहवासियों के लिए कभी भी बड़ा खतरा बन सकते हैं। सरकार को तुरंत इन्हें हटवाकर खुले इलाकों में शिफ्ट करना चाहिए। -ओमप्रकाश श्रीवास्तव, उदयपुरा, मध्यप्रदेश

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

### कनाडा में आते हैं 50 फीट ऊंचे ज्वार

कनाडा और अमेरिका के बीच फंडी की खाड़ी में धरती के सबसे ऊंचे ज्वार आते हैं। दिन में दो बार आने वाले ज्वार के कारण खाड़ी में करीब 50 फीट ऊंची पानी की लहरें उठती हैं। खाड़ी की इसी प्राकृतिक खूबी को गिनीज बुक में दर्ज किया गया है।

100 अरब टन के लगभग जलराशि हर दिन इस खाड़ी से होकर गुजरती है।

---

**सुर्खियों से आगे •** विपक्षी एकता में कोई दम नजर नहीं आता क्योंकि राज्यों में इनके अपने हित होते हैं

# आज की राजनीति और बिखरती पार्टियां

## सियासत


नवनीत गुर्जर

navneet@dbcorp.in




तर्क का अंत हो गया है। बुद्धि थक गई है। राजनीति की निर्णय-क्षमता पंगु हो गई है। इसलिए, सिर्फ इसलिए, हठ पर विजय नहीं मिल पा रही।

एक वीरप्पन सालों-साल लोगों को मारता रहता है और राजनीति यह होने देती है। नक्सलवादी हमें भीतर तक चीरते रहते हैं, और सरकारें यह देखती रहती हैं। राजनीति की मजबूरी यह है कि राज करने के अंग्रेजों के तरीके को वह 67 साल में भी छोड़ नहीं पाई, बल्कि वह जकड़कर बैठ गया है।

अंग्रेजों का तरीका देखिए- अपने साम्राज्य को स्थापित करने के लिए उन्होंने जिन टुकड़ों को ठोंक- पीटकर एक किया था, बाद में उसी साम्राज्य को बचाने के लिए वे उन्हीं टुकड़ों को बांटने लगे। उन्होंने ध्येय बनाया कि केवल अंश, सिर्फ टुकड़े ही वास्तविक हैं। समग्र, संपूर्ण तो महज गढ़ी हुई कल्पना है।

हमारे तंत्र ने इसके इतर कभी कुछ सोचा ही नहीं। क्योंकि ऐसा सोचना भी उसके लिए नुकसानदायक है, वह यही सोचता रहा।

दरअसल, लचर राजनीतिक प्रणाली के चलते यहां-वहां उग आए प्रगतिवादियों ने हमें अपनी जड़ों से बेरहमी से काटा। मार्क्स और लेनिन के लेखन को आत्मसात कर लेने के बाद, अपने आप को कायल करने के उपरांत कि आप अपने लोगों, उनके अतीत और उनकी जीवनशैली की कितनी तीखी से तीखी भर्त्सना कर सकते हैं, यही इस बात का पैमाना है कि आप कितने मुक्त हो चुके हैं, कि लक्ष्य के प्रति आप कितने समर्पित हैं।

इन प्रगतिशीलों ने मिशनरियों द्वारा फैलाई गई भर्त्सनाओं को न सिर्फ आगे बढ़ाया, बल्कि कई गुना प्रचंडता से उन्हें उकसाया। दरअसल इनके सामने एक लुभावनी संभावना थी कि अपने आपको शोषित महसूस करके ये तबके जब क्षुब्ध, उत्तेजित होंगे, तब उनसे अनुयायी निकल कर आएंगे।

यही हुआ भी। अनुयायी निकलकर जरूर आए, लेकिन अतिरेक यह हुआ कि ये तथाकथित प्रगतिशील और वे टुकड़े जिन्हें इन्होंने उकसाया था, निर्दोष, निरपराधों को मारने, गोलियों से छलनी कर देने के पीछे भी न्याय देखने को तत्पर हो गए।

राजनीति में आजकल यही हो रहा है।

अपने-अपने हित देखकर जो विपक्ष पहले इकट्ठा हुआ था, कभी भाजपा के नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ! कभी कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा के खिलाफ। वही विपक्ष कालांतर में अपनी क्षेत्रीयता के सवाल पर बिखर गया। अब फिर लामबंद होने की कोशिश कर रहा है। उसी भाजपा के खिलाफ जिसके नेतृत्व में वह कभी इकट्ठा हुआ था।

दूसरी तरफ वही भाजपा जो कभी सबको इकट्ठा करती हुई दिखाई दे रही थी, आज सबको बिखेरने में लगी हुई है। आप पार्टी के सात सांसदों ने अपनी पार्टी को कह दिया कि हम आपके 'सात' नहीं। आखिर भाजपा का दामन थाम लिया। उधर बंगाल में तृणमूल के चुनाव हारते ही उसके कोई बीस सांसद पार्टी छोड़कर पके सेब की तरह भाजपा की झोली में आ टपके।



### बंगाल में तृणमूल की टूट...

**बंगाल में तृणमूल के हारते ही उसके कोई बीस सांसद पके सेब की तरह भाजपा की झोली में आ टपके। ममता दीदी को काटो तो खून नहीं। उन्हें लग रहा है जैसे छाती पर 1947 के दंगों वाली वो ट्रेन चढ़ गई है, जिसमें सवार होकर कई सालों तक निरीह दर्द अपनी ओर आता रहा था।**

ममता दीदी को काटो तो खून नहीं। उन्हें लग रहा है जैसे छाती पर 1947 के दंगों वाली वो ट्रेन चढ़ गई है, जिसमें सवार होकर कई सालों तक निरीह दर्द अपनी ओर आता रहा था। बेचारी ममता अपने ही लोगों की आंखों से गिर गई थीं। किसी तरह फिर से उठना चाह रही थीं लेकिन पार्टी के विभाजन के शूल ने कमर ही तोड़ दी।

अब टूटी कमर के साथ वापस कौन उठकर खड़ा हो सका है भला? यही वजह है कि कभी विपक्षी नेताओं की एकता बैठक में राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए जो ममता हर बार बैठक का बहिष्कार करते नहीं थकती थीं, वही अब ऐसी बैठकों में सबसे पहले अपनी उपस्थिति दर्ज कराते देखी जा रही हैं।

दरअसल, भाजपा राजनीति की बेहद चतुर खिलाड़ी है। दो बार तमिलनाडु में अन्नामलाई को आगे करके मात खाने वाली भाजपा ने जब यह देखा कि एक थलपति विजय अपने दम पर सरकार बना सकता है और भाजपा जैसा हिंदी नाम तमिलनाडु में नहीं चल सकता तो उसने अपने अन्नामलाई को स्वतंत्र कर दिया।

कुछ लोग समझ रहे होंगे कि अन्नामलाई भाजपा से किसी नाराजगी के कारण अलग हो गए हैं, लेकिन वास्तविकता ऐसी नहीं लगती। दरअसल, अन्नामलाई की अलग पार्टी भी भाजपा की ही एक शाखा समझिए। जब कभी जो भी सफलता अन्नामलाई की झोली में आएगी, गिरेगी भाजपा के पक्ष में ही।

जहां तक विपक्षी एकता का सवाल है, उसमें अब भी कोई दम नजर नहीं आता क्योंकि राज्यों में इनके अपने हित होते हैं। कभी एक-दूसरे के पक्ष में और कभी एक-दूसरे के खिलाफ भी।

बस, पेंच यहीं फंस जाता है।

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

---

**बामुलाहिजा •** 3 समस्याओं से जूझ रहे हमारे शहर

# वह क्या है, जो 'ब्रांड इंडिया' को नुकसान पहुंचा रहा है?

## अर्बन प्लानिंग


शेखर गुप्ता

एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'

X @ShekharGupta




वह क्या चीज है, जो ब्रांड इंडिया को नुकसान पहुंचा रही है? तीन दशक पहले आर्थिक सुधारों के बाद भारत विकसित देशों की नजरों में एक पसंदीदा देश बन गया था, लेकिन अब हालात क्यों बदल गए हैं? निवेशक पैसा निकालकर जा रहे हैं और भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या अभी तक वर्ष 2019 के स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। मैं समझने की कोशिश कर रहा था कि इसकी वजह क्या है, लेकिन हाल ही में दिल्ली के एक अवैध होटल में लगी आग ने मुझे जवाब दे दिया।

भारत में कई ऐसी चीजें हैं, जो देश की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं, लेकिन तीन सबसे बड़ी समस्याएं हैं- कूड़ा-कचरा, वायु प्रदूषण और सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं की असुरक्षा। फिलहाल ये तीनों मिलकर एक और बड़ी समस्या पैदा करती है और वह हैं भारत के शहर। इसके साथ उन खतरों को भी जोड़ लीजिए, जो लोगों की जान के लिए जोखिम बनते हैं। यह शहरों के खराब प्रशासन और अव्यवस्था की कहानी है।

मान लीजिए आप किसी दूर-दराज के गांव या छोटे शहर से दिल्ली आते हैं। यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, बड़े पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता रहते हैं, जिन्हें समाज की अंतरात्मा की आवाज माना जाता है। लेकिन इसी शहर में रात को सोते समय आपको चिंता रहती है कि कहीं आपकी इमारत में आग लग गई तो क्या आप जीवित बचेंगे? सबसे बड़ी बात यह कि लोगों ने इस सबको सामान्य मान लिया है। लेकिन व्यक्तिगत सुरक्षा सबसे जरूरी है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास शहरों के अलावा रहने की दूसरी जगह नहीं।

2019 में करोलबाग के एक छह मंजिला होटल में आग लगी और 17 लोगों की मौत हो गई। उसी साल अनाज मंडी में लगी आग में नौ बच्चों सहित 45 लोग मारे गए। यह सिर्फ बड़े हादसे हैं। 2022 में मुंडका की एक चार मंजिला व्यावसायिक इमारत में आग लगने से 27 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। इसके दो साल बाद पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में एक शिशु क्लिनिक में आग लग गई, जिसमें आठ नवजात बच्चों की जान चली गई। इनमें से अधिकतर हादसे उन जगहों पर हुए, जिन्हें अनधिकृत, अवैध या अनियमित क्षेत्र कहा जाता है। दिल्ली के पुराने गांवों को लाल डोरा क्षेत्र घोषित किया गया है, जहां सामान्य शहरी नियम लागू नहीं होते। मालवीय नगर का आग हादसा और साकेत की इमारत का मामला, दोनों ऐसे ही क्षेत्रों में हुए। मालवीय नगर का होटल हौज रानी में था और साकेत की इमारत महरौली के सैयद-उल-अजायब इलाके में थी।

अगर आपको होटल चलाना है तो लाइसेंस लेना पड़ता है, लेकिन किसी लाल डोरा क्षेत्र वाले शहरी गांव में आप लगभग कुछ भी बना सकते हैं। आखिर वह गांव है! दिल्ली की किसी नियमित कॉलोनी- जैसे मालवीय नगर या साकेत- में निर्माण के लिए कई नियम हैं। जैसे आप कितनी ऊंची इमारत बना सकते हैं, लेकिन लाल डोरा क्षेत्रों में आप छोटी-सी जमीन पर ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी कर सकते हैं। यहां तक कि ऐसी इमारतें भी बन सकती हैं, जिनकी मजबूती बहुत कमजोर हो और जो 6 रिक्टर तीव्रता के भूकंप में तुरंत गिर जाएं।

हमारे शहरी प्रशासन की सबसे बड़ी समस्या सिर्फ यह नहीं है कि इन गांवों और अवैध कॉलोनियों में नियमित क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा वोटर रहते हैं। असली समस्या यह है कि राजनीतिक दल इनके जीवन स्तर को सुधारने के बजाय इन्हें खुश रखने में लगे रहते हैं। दिल्ली के लगभग हर चुनाव में सभी राजनीतिक दल अवैध कॉलोनियों को नियमित करने का वादा करते हैं, लेकिन कोई भी बड़े स्तर पर पुनर्विकास, झुग्गी पुनर्वास या सुरक्षित और आधुनिक आवास बनाने की बात नहीं करना चाहता। क्योंकि यह लंबा और कठिन काम है और ऐसा काम एक चुनावी कार्यकाल में पूरा नहीं होता।

**नए शहर ऐसे होने चाहिए, जहां आने वाले लोगों को रहने और आने-जाने की तमाम सुविधाएं मिलें। तभी वे धीरे-धीरे आर्थिक रूप से आगे बढ़ पाएंगे और वैल्यू चेन में ऊपर जा सकेंगे। पर अब तक जो मॉडल चलता आया है, उससे तो इस दिशा में आगे नहीं बढ़ा जा सकता।**

नतीजा यह हुआ है कि हमारे शहर दो हिस्सों में बंट गए हैं- एक तरफ गेटेड कॉलोनियों में रहने वाले लोग और दूसरी तरफ वे जो लगभग अवैध हालात में रह रहे हैं। इन लोगों के वोट की ताकत है, जिसे मुफ्त सुविधाओं या कॉलोनियों को नियमित करने के वादों के जरिए हासिल किया जाता है। इस तरह शहरी आबादी का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जाता है। हमारी राजनीति ने योजनाबद्ध शहरीकरण से हमेशा दूरी बनाए रखी है। जबकि आज भारत की लगभग 35% आबादी शहरों में रहती है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**विश्लेषण •** एसआरएस 2024 की रिपोर्ट चौंकाती है

# केवल दक्षिण ही नहीं, देश के हर कोने में घट रही है आबादी

## डेमोग्राफी


नीरज कौशल

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर

nk464@columbia.edu




योजनाओं को बेहतर ढंग से आकार देने के लिए हमें विश्वसनीय जनसंख्या अनुमानों की आवश्यकता होती है। किंतु भारत के जनसांख्यिकीय अनुमान- जिन्हें स्वयं संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने तैयार किया है- एक चिंताजनक कहानी बताते हैं। ये अनुमान संभवतः 10 करोड़ लोगों और कई दशकों तक की अवधि के संदर्भ में गलत सिद्ध हो सकते हैं। इसका दोष सरकार पर आता है, जिसने 2021 में जनगणना आयोजित नहीं की और उसके बाद वर्ष-दर-वर्ष उसे टालती रही। पिछली जनगणना 15 वर्ष पहले हुई थी। इसलिए सभी अनुमान एक पुरानी और अप्रासंगिक जनगणना के आंकड़ों पर आधारित रहे हैं।

इस प्रक्रिया में, भारत ने भविष्य के 10 करोड़ संभावित नागरिकों को मानो परिदृश्य से बाहर कर दिया है- इनमें वे युवा उपभोक्ता और कामगार भी हैं, जो भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने वाले थे और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने वाले थे। जिस डेमोग्राफिक डिविडेंड की हम लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे, वह अचानक विलुप्त होता प्रतीत हो रहा है। पुराने और अप्रचलित आंकड़ों पर आधारित अनुमानों के अनेक जोखिम और दुष्परिणाम होते हैं।

2011 की जनगणना पर आधारित यूएनडीपी के 2024 के अनुमानों के अनुसार भारत की जनसंख्या 2060 के दशक के प्रारम्भ में 1.7 अरब के शिखर पर पहुंचने वाली थी। किंतु हाल ही में जारी सैम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) 2024 के प्रजनन-दर संबंधी आंकड़ों पर आधारित नए अनुमानों से संकेत मिलता है कि भारत की जनसंख्या इससे कहीं पहले लगभग 1.6 अरब के पीक पर पहुंच जाएगी।

यह 2060 के दशक में नहीं बल्कि 2040 के दशक के मध्य के आसपास होगा। इसके बाद इसमें गिरावट शुरू होगी, और संभवतः यह गिरावट उस गति से भी अधिक तीव्र होगी, जिस गति से जनसंख्या बढ़ी थी। एक निम्न-मध्यम आय वाला देश होने के बावजूद भारत का तीव्र जनसांख्यिकीय ट्रांजिशन अनेक समृद्ध देशों के अनुभव से मेल खाता है। हमारे सामने समृद्ध देशों जैसी चिंताएं तो हैं, पर उनकी समृद्धि नहीं है।

89 लाख लोगों के नमूने पर आधारित एसआरएस 2024 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर- यानी एक महिला द्वारा अपने जीवनकाल में जन्मे गए बच्चों की औसत संख्या घटकर 1.9 रह गई है, जो जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए आवश्यक स्तर से नीचे है। भारत का जनसांख्यिकीय ट्रांजिशन इतनी तेजी से आगे बढ़ा है कि देश के आठ राज्यों में प्रजनन दर 1.5 या उससे भी कम हो चुकी है- जो स्कैंडिनेवियाई देशों के स्तर के समान है।

अब जबकि हमारे पास नए आंकड़े उपलब्ध हैं, वे अनेक भ्रमों को दूर कर रहे हैं। एसआरएस 2024 की रिपोर्ट उस व्यापक धारणा का खंडन करती है, जिसके अनुसार भारत की प्रजनन प्रवृत्तियां देश को दो स्पष्ट रूप से भिन्न क्षेत्रों में बांटती हैं- कम प्रजनन दर वाले दक्षिणी राज्य और उच्च प्रजनन दर वाले उत्तरी राज्य। वास्तविकता यह है कि हिंदी पट्टी के केवल चार राज्यों को छोड़कर पूरे देश में प्रजनन दर रिप्लेसमेंट रेट से नीचे पहुंच चुकी है। सबसे कम प्रजनन दर वाले राज्य देश के विभिन्न भागों में फैले हुए हैं : उत्तर और उत्तर-पश्चिम में दिल्ली (1.2), जम्मू-कश्मीर (1.5), पंजाब (1.5) और हिमाचल (1.5); पूर्व और पूर्वोत्तर में बंगाल (1.3), ओडिशा (1.7) और असम (2.0); पश्चिम में महाराष्ट्र (1.5), गुजरात (1.8); दक्षिण में केरल (1.4), तमिलनाडु (1.3), आंध्र (1.5) और कर्नाटक (1.5)।

**नए आंकड़े अनेक भ्रमों को दूर कर रहे हैं। एसआरएस 2024 की रिपोर्ट उस धारणा का खंडन करती है, जिसके अनुसार भारत की प्रजनन प्रवृत्तियां देश को दो स्पष्ट रूप से भिन्न क्षेत्रों में बांटती हैं- कम प्रजनन दर वाले दक्षिणी राज्य और उच्च प्रजनन दर वाले उत्तरी राज्य।**

जिन सभी राज्यों के लिए एसआरएस ने आंकड़े जारी किए हैं, वहां प्रजनन दर में गिरावट दर्ज की गई है। इसलिए संभव है कि यदि सरकार परिसीमन की प्रक्रिया में 2011 की जनगणना के बजाय एसआरएस 2024 पर आधारित जनसंख्या अनुमानों का उपयोग करे, तब भी परिणामों में बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। फिर भी, सबसे नवीन उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग करना अधिक उचित होगा। संभावना है कि भारत इस सदी का समापन 1 अरब से कम जनसंख्या के साथ करेगा। वर्ष 2000 में भारत की जनसंख्या संरचना एक आदर्श पिरामिड के समान थी, जिसकी बुनियाद में बड़ी युवा आबादी थी और शीर्ष पर अपेक्षाकृत कम वृद्ध जनसंख्या। किंतु 2100 तक हमारे पास सिकुड़ी हुई बुनियाद होगी।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

---

**डिफ्रेंट एंगल •** आने वाले समय में होने जा रही नीट की परीक्षाओं के कम्प्यूटराइजेशन को शुभ संकेत मानें?

# क्या सिस्टम को तकनीक से जोड़ने भर से सब ठीक हो जाएगा?

## पेपर लीक


नन्दितेश निलय

वक्ता, एथिक्स प्रशिक्षक एवं लेखक

nanditeshnilay@gmail.com




डिजिटल माध्यमों पर भरोसा करती दुनिया में नीट की भविष्य की परीक्षाओं का (21 जून को होने जा रही परीक्षा का नहीं) कम्प्यूटराइज्ड होना शुभ संकेत है और साथ-साथ सिस्टम और जनता के संबंधों पर उस भरोसे का भी मरहम है, जो कमजोर पड़ता जा रहा है। लेकिन क्या सिस्टम को तकनीक से जोड़ने से सब ठीक हो जाएगा? क्या तकनीक भरोसे को बचा पाएगी? और फिर आइंदा लीक की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी?

शायद हां, शायद नहीं! नीट परीक्षा को लेकर अभी भी कितने पैरेंट्स और परीक्षार्थी संशय की स्थिति में होंगे। नागरिकों के लिए यह जानना आसान नहीं होता है कि सरकार में उनके प्रतिनिधि क्या कर रहे हैं, हालांकि वे उनके काम-काज पर नजर बनाए रखते हैं। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को तो वोट की मदद से पद से हटाया जा सकता है, लेकिन सरकारी कर्मचारी या सिविल सर्वेंट्स चुने हुए नहीं होते और इस तरह के नियंत्रण से सुरक्षित रहते हैं। तब नागरिकों को सरकारी एजेंसियों और उनके कर्मचारियों पर भरोसा रखना पड़ता है कि वे उनके हित में ही काम करेंगे। लेकिन यह सत्य है कि सिस्टम तो उनके भरोसे को बचा नहीं पा रहा है।

पेपर लीक की घटना ने यह प्रश्न हम सभी के सामने रखा कि आखिर क्या किया जाए, जिससे यह दुबारा न हो? जब भी कोई ईमानदार व्यक्ति इस्तीफा देता है, तो शिकायत यही होती है कि व्यवस्था ईमानदारी का साथ नहीं देती और इसी वजह से व्यक्ति खुद को हमेशा अलग-थलग समझने लगता है, जबकि चारों ओर खामियां ही खामियां हैं। तो क्यों नहीं इस सिस्टम को समझा जाए और यह भी खंगाला जाए कि इस सिस्टम को और सुदृढ़ कैसे किया जा सकता है?

इस संबंध में यह तर्क रहा है कि सरकारी अधिकारियों की सही भूमिका संरक्षक की होनी चाहिए, यानी एक प्रभावी और नैतिक प्रतिनिधि के तौर पर काम करके जनता का भरोसा जीतने की प्रशासक की इच्छा और उसकी क्षमता से लैस व्यक्तित्व। सिस्टम पर भरोसे को बचाए रखने के लिए सिर्फ एक कुशल और पेशेवर सिविल सर्वेंट होना ही नहीं काफी है, बल्कि न्याय और परोपकार के नैतिक मानदंडों से प्रेरित भी जरूरी है।

हाल में यूपीएससी ने अपनी पीटी परीक्षा में ऐसे प्रश्न पूछे, जो मेन्स में पूछे जाने वाले एथिक्स के पेपर जैसे थे। मानो पहले ही चरण में यूपीएससी अपने परीक्षार्थियों के नैतिक निर्णय लेने की क्षमता को परखना चाह रहा था। क्योंकि सिस्टम उन नैतिक निर्णयों से ही उस भरोसे को बनाए रख पाता है, जो लोकतंत्र का आधार है।

तो क्या 21 जून को होने वाली नीट और अन्य परीक्षाएं त्रुटिरहित हो पाएंगी और किसी भी तरह के लीक से सुरक्षित रहेंगी? क्या सिस्टम भरोसे को कायम रख पाएगा? क्या भविष्य की कम्प्यूटराइज्ड परीक्षा सिस्टम के नायकों की साख को और पारदर्शी बनाएगी? इसका उत्तर तो समय के ही पास है। लेकिन यह तो निश्चित है कि सबकुछ संरक्षित करना, उस भरोसे को जीवित रखना अब इतना आसान नहीं होगा।

शोधकर्ताओं ने पाया है कि जिन समाजों में आपसी विश्वास कम होता है, वहां नैतिक मूल्य साझा नहीं किए जाते और इसलिए नैतिक सहमति का अभाव होता है। ऐसे समाजों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू लोगों के सामाजिक-राजनीतिक विश्वास में लगातार आ रही गिरावट है। यदि राजनीति खुशी और एकता का माहौल बनाए, राजनीति को सेवा के एक माध्यम के रूप में परिभाषित किया जाए और सिस्टम नैतिकता को बढ़ावा दे तो भरोसा एक बिल्कुल ही पारदर्शी रंग में नजर आएगा।

सिस्टम में भरोसे को फिर से स्थापित करने के लिए तकनीक का तो सहारा लेना ही पड़ेगा, साथ ही व्यवस्था को चलाने वाले नायकों को भी उस ईमानदारी या सत्यनिष्ठा को अपनाना होगा, जिससे वे खुद को नैतिक दुविधा से बाहर निकाल सकें। नीट की कम्प्यूटराइज्ड माध्यम से होने वाली परीक्षा और यूपीएससी की पीटी परीक्षा में नैतिक प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न उस भरोसे को निःसंदेह मजबूत बनाएंगे। नैतिकता का लोकेशन परिधि में नहीं बल्कि केंद्र में होता है और सिस्टम इसी के गुरुत्व से चलता है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**कंज्यूमर ट्रेंड** • कीमत, सुविधा और 'वैल्यू फॉर मनी' शॉपिंग के सबसे बड़े आधार बनते जा रहे; वैसी महंगी चीजों की बिक्री बढ़ रही, जिनके छोटे पैक लॉन्च हो रहे

# चाय कम, कॉफी, चॉकलेट ज्यादा पसंद; भारतीयों की थाली और बास्केट, दोनों बदल रहे

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीय उपभोक्ताओं की पसंद बदल रही है। एक ओर लोग चॉकलेट, कॉफी और इंस्टेंट फूड पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कीमत बढ़ने के चलते सिगरेट की खपत घटा रहे हैं। ग्रामीण बाजारों में कम दाम के दम पर कैंपा तेजी से जगह बना रही है, जबकि प्रीमियम बाजारों में कोक और पेप्सी की पकड़ बनी हुई है। सिस्टमेटिक्स रिसर्च की 'चैनल चेक' रिपोर्ट बताती है कि इस साल कीमत, सुविधा और 'वैल्यू फॉर मनी' खरीदारी के सबसे बड़े आधार बनते जा रहे हैं।

## 7 इंडिकेटरः उत्तर भारत में चॉकलेट की बिक्री पश्चिम और पूर्वी राज्यों के मुकाबले 4 गुना अधिक तेजी से बढ़ रही

**1. 10 रुपए के बाजार में कैंपा की पकड़ मजबूत...** ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में 10 रुपए वाले कोल्ड ड्रिंक सेगमेंट पर कैंपा का दबदबा बढ़ता जा रहा है। इस ब्रांड की मांग सालाना 40-50% बढ़ रही है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 6-7% तक पहुंच चुकी है।



**2. प्रीमियम मार्केट में कोक-पेप्सी की डिमांड...** कोका-कोला और पेप्सी की कार्बोनेटेड ड्रिंक्स की मांग सालाना 10-20% की दर से बढ़ रही है। प्रीमियम मार्केट में वितरकों को इस साल कैंपा का बड़ा असर महसूस नहीं हो रहा है।

**3. मैगी की डिमांड तेज, बिक्री 20% तक बढ़ी...** देश में नूडल ब्रांड मैगी की डिमांड बढ़ रही है। उत्तर भारत में इसकी बिक्री 15-20% बढ़ रही है। पारंपरिक मसाला फ्लेवर के साथ अन्य वैरिएंट बिक्री बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं।

**4. चॉकलेट पर खर्च बढ़ने के साफ संकेत...** उत्तर भारत में चॉकलेट की बिक्री इस साल 35-40% तक बढ़ रही है। पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों में भी चॉकलेट की मांग दोहरे अंकों (10% से ज्यादा) में बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, कई बाजार में चाय से ज्यादा चॉकलेट बिक रहे हैं।

**5. चाय की जगह कॉफी बनी नई पसंद...** उत्तरी और पूर्वी भारत में कॉफी की बिक्री सालाना 15-20% और पश्चिम भारत में 7-8% की दर से बढ़ रही है। यह उपभोक्ताओं के चाय से कॉफी की तरफ शिफ्ट होने का संकेत है।

**6. सिगरेट की कीमतें बढ़ीं तो खपत घटने लगी...** फरवरी-मार्च में कीमतें 25-35% बढ़ने के बाद से सिगरेट की मांग 5-6% घट गई है। लोग पैसे बचाने के लिए अब कम सिगरेट पीने लगे हैं। ऐसे में कंपनियां कीमत कम रखने के लिए कम लंबाई वाली सिगरेट ला रही हैं।

**7. नकली सिगरेट का कारोबार 25% तक पहुंचा...** रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अवैध और नकली सिगरेट का बाजार 20-25% तक पहुंच चुका है। कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से इस बिजनेस को अतिरिक्त ग्रोथ मिल रही है।

## पूर्वी भारत में कॉफी बिक्री पश्चिमी राज्यों से ढाई गुना




---

## बिजनेस ब्रीफ

### डेटा सेंटर में आग, गूगल क्लाउड सेवाएं बाधित

**नई दिल्ली** | दिल्ली के एक थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर में आग लगने के बाद देश के कई हिस्सों में गूगल क्लाउड की सेवाएं प्रभावित हुईं। आग के कारण नेटवर्किंग उपकरणों की बिजली सप्लाई रोकनी पड़ी। इससे दिल्ली स्थित नेटवर्क हब अलग हो गया। नतीजतन दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और आसपास के क्षेत्रों में ग्राहकों को नेटवर्क की दिक्कतें आईं।

### ईंधन खपत 6.5%, LPG की डिमांड 20 फीसदी घटी

**नई दिल्ली**| मई में देश में ईंधन खपत 6.5% घटकर 1.99 करोड़ टन रह गया। पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के मुताबिक, एलपीजी (रसाई गैस) की मांग 20.5% और बिटुमेन की 39.4% घटी। कीमतें बढ़ने के बावजूद बीते महीने पेट्रोल-डीजल की मांग बढ़ी, लेकिन वैश्विक तनाव और सप्लाई की दिक्कतों के चलते एनर्जी की कुल खपत प्रभावित हुई।

### 38 अमीर देशों में तेल भंडार 23 साल के निचले स्तर पर

**पेरिस**| हॉर्मुज जल मार्ग बंद होने से ओईसीडी देशों में कच्चे तेल के भंडार 2003 के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं। ओईसीडी दुनिया के 38 सबसे संपन्न देशों का समूह है। इस बीच कच्चे तेल की ग्लोबल इन्वेंट्री तेजी से घट रही हैं। इसके चलते अमेरिका से कच्चे तेल (क्रूड) का निर्यात अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

### भारत खुद की खपत से आगे बढ़ रहाः चंद्रशेखरन

**मुंबई**| टाटा सन्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि भू-राजनैतिक तनाव, सप्लाई चेन की बाधा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद भारत सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विशाल आबादी की ताकत और निरंतर बढ़ती घरेलू खपत ने इसे मजबूत बनाया है।



### अमेरिकाः महंगाई 4.2%, ये बीते 3 साल का रिकॉर्ड

**वॉशिंगटन**| अमेरिका में महंगाई दर मई में बढ़कर 4.2% हो गई, जो तीन साल का सबसे ऊंचा स्तर है। ईंधन की बढ़ती कीमतें इसकी प्रमुख वजह रहीं। इससे आम अमेरिकी परिवारों का खर्च बढ़ रहा है। इससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार पर जीवन-यापन की लागत कम करने का दबाव बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती महंगाई थामने के लिए अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ाई जा सकती हैं।

---

**निवेश** • म्यूचुअल फंड से 64,021 करोड़ निकले, 1 माह पहले 3.22 लाख करोड़ निवेश हुआ था

# मई में इक्विटी निवेश 40% घटा, फिर भी एसआईपी से ₹30,954 करोड़ आए

### रिटेल निवेशक टिके रहे, कॉरपोरेट्स ने निकासी की

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री पर शेयर बाजार में उठापटक का असर देखा गया। एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, मई में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री से ₹64,021 करोड़ की निकासी हुई। इसके उलट अप्रैल में ₹3.22 लाख करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ था। बुधवार को जारी रिपोर्ट कहती है कि बीते माह इक्विटी (शेयरों से जुड़े) फंड में शुद्ध निवेश 40% घटकर ₹22,908 करोड़ रह गया, जबकि अप्रैल में ₹38,440 करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ था। इसकी मुख्य वजह रिटेल निवेशकों की बेरुखी नहीं, बल्कि कॉरपोरेट्स की सीजनल निकासी रही। इस बीच सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) जारी रही। मई में एसआईपी के जरिये ₹30,954 करोड़ के निवेश हुए। लगातार तीसरे महीने यह आंकड़ा ₹30,000 करोड़ से ऊपर रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, मई में फ्लेक्सी कैप फंड, आर्बिट्राज फंड, स्मॉल कैप फंड और मिड कैप फंड्स में सबसे ज्यादा निवेश हुआ। इसके उलट डेट (बॉन्ड) कैटेगरी के फंड से सर्वाधिक निकासी की गई ई। बीते महीने लिक्विड फंड, ओवरनाइट फंड, मनी मार्केट फंड और लो ड्यूरेशन फंड से सबसे ज्यादा निकासी हुई।

## आर्बिट्राज फंड्स में सबसे ज्यादा ₹5,697 करोड़ आए, पर ये अप्रैल के आधे से भी कम




### इन 5 फंड्स में सबसे ज्यादा शुद्ध निवेश, पर हर कैटेगरी में घटा

| कैटेगरी | अप्रैल | मई |
|---|---|---|
| आर्बिट्राज फंड | 12,378 | 5,697 |
| फ्लेक्सी कैप फंड | 10,147 | 5,175 |
| स्मॉल कैप फंड | 6,885 | 4,945 |
| मिड कैप फंड | 6,551 | 4,385 |
| मल्टी एसेट फंड | 5,113 | 3,928 |

नोटः आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोतः एम्फी

### सभी कैटेगरी के म्यूचुअल फंड्स में कुल निवेश से ज्यादा निकासी हुई

| म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री | अप्रैल | मई |
|---|---|---|
| कुल फंड जुटाए | 15.2 | 12.02 |
| कुल रिडेम्पशन | 1.9 | 12.66 |
| शुद्ध निवेश | +3.22 | -0.64 |
| कुल एयूएम | 81.9 | 81.58 |

नोटः आंकड़े लाख करोड़ रुपए में, स्रोतः एम्फी

**कारणः** लिक्विड, ओवरनाइट और मनी मार्केट फंड्स से मौसमी निकासी। अप्रैल (वित्त वर्ष की शुरुआत) में कॉरपोरेट्स अमूमन फंड में पैसा रखते हैं, मई में निकालते हैं।

### इन 5 फंड से सर्वाधिक निकासी, ये सभी डेट कैटेगरी की स्कीम्स

| कैटेगरी | अप्रैल | मई |
|---|---|---|
| लिक्विड फंड | ▲1,65,104 | ▼29,680 |
| ओवरनाइट फंड | ▲31,420 | ▼15,524 |
| मनी मार्केट फंड | ▲20,642 | ▼24,691 |
| लो ड्यूरेशन फंड | ▲7,093 | ▼9,400 |
| कॉरपोरेट बॉन्ड फंड | ▲6,196 | ▼7,009 |

नोटः आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोतः एम्फी

### सुधारः एसआईपी बढ़ी

**हर 100 नए खाते पर 95 बंद, पहले 101 बंद हुए थे**

मई में 54.16 लाख नए एसआईपी खाते खुले, जबकि 51.70 लाख खाते बंद कर दिए गए। इस तरह एसआईपी स्टॉपेज रेशियो 95.46% रहा। यानी हर बीते महीने हर 100 नई एसआईपी पर 95 बंद हुए। यह दो महीने पहले (स्टॉपेज रेशियो 101%) के मुकाबले बेहतर स्थिति है। मार्च और अप्रैल हर 100 नई एसआईपी के मुकाबले 101 खाते बंद हो रहे थे। हालांकि एसआईपी के जरिये मासिक निवेश 31,115 करोड़ रुपए की तुलना में मामूली घटकर मई में 30,954 करोड़ रुपए रह गया।

## सेंसेक्स सिर्फ 64 अंक चढ़ा, मुनाफा वसूली के बीच ऊंचे स्तर से 600 अंक नीचे

शेयर बाजार में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त देखी गई। सेंसेक्स 64.4 अंक चढ़कर 73,983 पर और निफ्टी सिर्फ 27 अंकों की तेजी के साथ 23,215 पर बंद हुआ। शुरुआती तेजी के बाद मुनाफा वसूली और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते सेंसेक्स दिन के ऊंचे स्तर से 600 अंक नीचे आ गया।

**सेंसेक्सः** ट्रेडिंग के दौरान 715 अंकों का उतार-चढ़ाव

| खुला | हाई | लो | खुला |
|---|---|---|---|
| 73,988 | 74,613 | 73,897 | 73,983 |

सेंसेक्स के लिए 75,000 का लेवल अभी बड़ा रेजिस्टेंस साबित हो रहा है। इससे पहले ही मुनाफा वसूली हो रही।

---

**मिसाल** • जेप्टो को इसी साल लिस्ट कराने की तैयारी

# आदित पालिचा 23 की उम्र में बनेंगे सबसे युवा एमडी-सीईओ

### 2021 में 10 मिनट डिलीवरी का दांव खेलकर नया ट्रेंड शुरू किया

बिजनेस संवाददाता | मुंबई



**सैलरीः** 2025-26 में आदित पालिचा को ₹2.74 करोड़, पार्टनर कैवल्य वोहरा को ₹2.61 करोड़ मिले।

क्विक कॉमर्स कंपनी जेप्टो के को-फाउंडर आदित पालिचा भारत की किसी भी लिस्टेड कंपनी के सबसे युवा एमडी-सीईओ बनने जा रहे हैं। 23 वर्षीय पालिचा की अगुआई में कंपनी इस साल के आखिर तक शेयर बाजार में लिस्टिंग की तैयारी कर रही है। जेप्टो ने सेबी के पास आईपीओ के नए दस्तावेज जमा कराए हैं। इसका इश्यू 9 से 10 हजार करोड़ रुपए के बीच रहने का अनुमान है।

पालिचा और उनके दोस्त कैवल्य वोहरा ने कोविड महामारी के दौरान स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी की पढ़ाई छोड़कर जेप्टो की नींव रखी थी। दोनों को-फाउंडर 24 साल की उम्र से पहले अपनी कंपनी को दलाल स्ट्रीट पर लिस्ट कराएंगे। पालिचा और वोहरा ने भारत लौटकर पहले 'किरानाकार्ट' एप बनाया था। जुलाई 2021 में इन्होंने जेप्टो स्टार्टअप शुरू करके 10 मिनट डिलीवरी का दांव खेला, जिसे तब गैर-व्या वहारिक माना गया था। लेकिन अब जेप्टो बाजार में ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, अमेजन नाउ और बिगबास्केट को कड़ी टक्कर दे रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक इसके 66 शहरों में डार्क स्टोर्स बढ़कर 1,139 हो चुके हैं। यह दो साल पहले के 337 डार्क स्टोर्स से 3 गुना से भी ज्यादा हैं। कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में 21 करोड़ ऑर्डर प्रोसेस किए।

**भास्कर किस्सा**

### ट्रैफिक जाम में आया आइडिया; फेल किरानाकार्ट एप से सबक

2019 में दुबई में आदित पालिचा छोटे भाई ईशान को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। ट्रैफिक जाम में फंसने पर भाई ने कहा, 'माता-पिता कार शेयर करें तो सड़क पर गाड़ियां कम हो जाएंगी।' आदित के दिमाग में यह बात बैठ गई। उन्होंने 'गो-पूल' नाम का कारपूलिंग एप बनाया। जल्द ही इससे सात स्कूल जुड़ गए। कुछ ही हफ्तों में 167 यूजर और 53 साप्ताहिक राइड्स जुड़ गईं। हर हफ्ते 265 लीटर पेट्रोल की बचत होने लगी। 2020 में पालिचा ने 'किरानाकार्ट' एप शुरू किया, जो स्थानीय किराना दुकानों के भरोसे था। यही सबसे बड़ी गलती साबित हुई। एप पर दिखने वाला सामान कई बार दुकान में नहीं मिलता था। इसके अलावा डिलीवरी का समय भी तय नहीं था। इस विफलता ने उन्हें डार्क स्टोर और खुद की सप्लाई चेन की अहमियत समझाई। बाद में यही सीख जुलाई 2021 में जेप्टो की नींव बनी।

**कंपनी पर भरोसाः आईपीओ में शेयर नहीं बेचेंगे दोनों फाउंडर्स**

पालिचा और वोहरा, दोनों सह-संस्थापक जेप्टो के आईपीओ में अपने-अपने शेयर नहीं बेचेंगे। ऑफर-फॉर-सेल के तहत नेक्सस वेंचर पार्टनर्स और कंट्रेरी कैपिटल जैसे शुरुआती शेयरधारक हिस्सेदारी बेचेंगे। पालिचा की जेप्टो में 1.07% और उनके पारिवारिक लाजारस ट्रस्ट के पास 9.03% हिस्सेदारी है। इसमें वोहरा की सीधी 0.89%, जबकि उनके पारिवारिक 'द वोहरा ट्रस्ट' के पास 7.48% हिस्सेदारी है। प्रमोटर ग्रुप के अन्य सदस्यों के पास 1.09% शेयर हैं।

---

**डॉलर-रुपी स्वैप का दिखा असर**

## बैंकों ने विदेशी करेंसी जमा पर ब्याज बढ़ाया

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

रिजर्व बैंक के एक फैसले के बाद कई बड़े बैंकों ने विदेशी करेंसी डिपॉजिट (एफसीएनआर) खातों पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी ने एफसीएनआर जमा पर ब्याज 2.60% तक बढ़ाया है। अब बैंक 3-5 साल की एफसीएनआर जमा पर 6% तक ब्याज दे रहा है। यस बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भी 3-5 साल की एफसीएनआर डिपॉजिट पर 7.10% तक ब्याज दे रहे हैं।

आरबीआई ने बैंकों के लिए विशेष डॉलर-रुपया स्वैप सुविधा शुरू की है। इसके तहत 30 सितंबर तक विदेशी करेंसी की अदला-बदली का पूरा हेजिंग खर्च रिजर्व बैंक उठाएगा। इससे बैंकों की लागत घट गई है। बैंकों का कहना है कि इससे वे एनआरआई ग्राहकों को मौजूदा स्तर से कम-से-कम 2% अधिक ब्याज दे सकते हैं। इससे देश में बड़ी मात्रा में विदेशी करेंसी आने की उम्मीद जताई जा रही है। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, भारत में 40-45 अरब डॉलर (करीब 1.14-1.3 लाख करोड़ रुपए) आ सकते हैं। इन एफसीएनआर जमा पर एक साल का लॉक-इन रहेगा।

**जामनगर बनेगा AI इंफ्रा केंद्र**

## रिलायंस बनाएगी मेटा का एआई डेटा सेंटर

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा भारत में अपना पहला एआई-संचालित डेटा सेंटर बनाने जा रही है। इसके लिए मेटा ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ हाथ मिलाया है। रिलायंस गुजरात के जामनगर में 168 मेगावाट क्षमता की अत्याधुनिक फैसिलिटी विकसित करेगी।

जामनगर में रिलायंस दुनिया के सबसे बड़े डेटा सेंटर परिसरों में से एक बना रही है। वहां एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी भारी ऊर्जा संसाधन पहले से मौजूद हैं। मेटा इस सेंटर को लीज पर लेगी और बिजली-पानी पर इसका पूरा खर्च खुद उठाएगी। इस डील से वैश्विक एआई बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और अमेजन जैसी कंपनियां भी भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की घोषणा कर चुकी हैं। रिलायंस और मेटा के बीच साझेदारी उनके पुराने मजबूत संबंधों का अगला अध्याय माना जा रहा है। पिछले साल दोनों ने भारतीय कंपनियों के लिए एआई टूल्स बनाने के उद्देश्य से 855 करोड़ रुपए का एक संयुक्त उद्यम भी शुरू किया था।

**इनोवेशन** • फायर प्रूफ सॉलिड-स्टेट बैटरी से चलने वाले दुनिया के पहले इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट ने भरी उड़ान




**फ्लोरिडा** | हेलिओस होराइजन ने सॉलिड-स्टेट बैटरी से चलने वाले पहले पाइलटेड इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट की पहली सफल उड़ान पूरी कर ली है। इसमें लिथियम-आयन की जगह नई बैटरी टेक्नोलॉजी इस्तेमाल की गई है। यह कमर्शियल इलेक्ट्रिक एविएशन का भविष्य करीब ला रही है। धूप में सोलर पैनल से चार्ज होती यह मशीन पारंपरिक बैटरियों में आग लगने और वजन की समस्या हल कर रही है।

**एमएसपी बढ़ने का असर**

## खाद्य सब्सिडी ₹2.5 लाख करोड़ तक जा सकती है

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष 2026-27 में केंद्र सरकार का खाद्य सब्सिडी बिल बजट अनुमान 2.28 लाख करोड़ से बढ़कर 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने एक कार्यक्रम में ऐसे संकेत दिए। उन्होंने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी और मजबूत सरकारी खरीद को इसकी मुख्य वजह बताया गया। इस साल गेहूं खरीद 3.5 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान 3 करोड़ टन से काफी अधिक है। कई राज्यों में बाजार भाव एमएसपी से नीचे आने के कारण किसानों ने सरकारी खरीद केंद्रों का रुख किया है। खाद सब्सिडी पहले ही बजट अनुमान 1.7 लाख करोड़ से दोगुनी होकर 3.4 लाख करोड़ तक पहुंचने की आशंका है। इस तरह दोनों मदों की कुल सब्सिडी 5.9 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है।

---

**बिजनेस एंकर** वर्कफोर्स में बिखरी जानकारियों को जोड़कर बिजनेस के नए मौके तलाश रही आईटी कंपनी

# कॉग्निजेंट ने कर्मियों के ईमेल, चैट में यूं ही पड़ी जानकारियों के विश्लेषण से 1,900 करोड़ रुपए का बिजनेस हासिल किया, इसमें एआई ने की मदद

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने एक अनोखा एआई सिस्टम तैयार किया है। यह कर्मचारियों के ईमेल, मीटिंग और चैट्स के विश्लेषण से कमाई के नए रास्ते खोज रहा है। कंपनी ने 'कॉन्टेक्स्ट इंजीनियरिंग' तकनीक के जरिए अब तक करीब ₹1,900 करोड़ की नई सेल्स पाइपलाइन तैयार की है। सीईओ रवि कुमार का कहना है कि कंपनी 2026 के आखिर तक यह आंकड़ा ₹9,500 करोड़ तक पहुंचाएगी।

यह एआई सिस्टम सेल्स, डिलीवरी और सपोर्ट विभागों में कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों (क्लाइंट्स) के साथ की गई बातचीत के संकेतों को पकड़ता है। यह उन कारोबारी मौकों को पहचान लेता है जो पारंपरिक तरीकों से नजर नहीं आते हैं। जाहिर है, अब कर्मचारियों के लिए यह जानना जरूरी है कि उनके हर ईमेल और चैट पर अब कंपनी की नजर है। एआई की मदद से इस डेटा का इस्तेमाल नए ग्राहक खोजने और मुनाफा बढ़ाने में हो सकता है।

### टेंडर से पहले ही मिल रहा नया बिजनेस, ग्राहकों के बजट पर भी एआई के जरिये नजर

- नया एआई सिस्टम वैश्विक स्तर पर प्रोजेक्ट्स में आने वाले जोखिमों को पहले ही भांप लेता है। यह नुकसान होने या समस्या बढ़ने से पहले ही विशेषज्ञों और जरूरी बातचीत के सुझाव देता है। इससे क्लाइंट्स द्वारा बाजार में टेंडर निकालने से पहले ही कॉग्निजेंट को सीधे नया बिजनेस मिल रहा है।
- एआई सिस्टम हर क्लाइंट अकाउंट वर्चुअल मॉडल बनाता है जो सेल्स, फाइनेंस जैसे विभागों के संकेतों को जोड़ता है। एक मौके पर सिस्टम ने पकड़ा कि एक क्लाइंट इंजीनियरिंग खर्च 15% घटाने के दबाव में था। एआई ने सेल्स टीम को क्वालिटी एश्योरेंस सुधारने का प्रस्ताव भेजने की सलाह दे दी।

यह टेक्नोलॉजी वर्कफोर्स में बिखरी जानकारियों को जोड़कर नए बिजनेस में बदल रही है। इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए कॉग्निजेंट ने रोहन मूर्ति के स्टार्टअप 'वर्कफैब्रिक' के साथ साझेदारी की है। रोहन आईटी कंपनी इन्फोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति के बेटे हैं। कॉग्निजेंट में अब किसी कर्मचारी को नया काम बायोडाटा के बजाय उसके अनुभव के आधार पर मिलेगा। आईटी सेक्टर में अब केवल उत्पादकता बढ़ाना काफी नहीं है, बल्कि आय के अवसर तलाशे जा रहे हैं। मेटा जैसी कंपनियां भी कर्मचारियों के माउस क्लिक और कीस्ट्रोक्स को ट्रैक करके एआई एजेंट्स को प्रशिक्षित कर रही हैं। कॉग्निजेंट ने अपनी नई तकनीक का इस्तेमाल कर्मचारियों को नए प्रोजेक्ट्स पर तैनात करने के लिए भी शुरू कर दिया है।

**फसल बीमा फायदेमंद**

### कंपनियां अब 5% की जगह 8% तक कमीशन चाह रहीं

अतिरा वारियर | नई दिल्ली

दो साल से अनुकूल मानसून और कम क्लेम ने फसल बीमा बिजनेस को फायदेमंद बना दिया है। इसका असर अब चालू नवीनीकरण सत्र पर दिख रहा है। बीमा कंपनियां रीइंश्योरर्स से पहले के 3-5% के मुकाबले अब 5-8% तक सीडिंग कमीशन मांग रही हैं। एडेको इंडिया के सर्वे के मुताबिक, रीइंश्योरेंस बाजार में घरेलू और विदेशी कंपनियों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने बीमाकर्ताओं की मोलभाव क्षमता बढ़ाई है। अधिकांश राज्यों ने 3 साल की जगह 1 साल के टेंडर जारी किए हैं। केंद्र की नई तीन-वर्षीय योजना अभी लागू नहीं हुई। इससे राज्यों ने 1 साल का रास्ता चुना। बातचीत अभी जारी है और अनुबंध अंतिम नहीं हुए।

**प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करना मुश्किल**

## प्रदूषण, जाम, बाढ़...50 फीसदी नियोक्ता भर्ती नहीं कर पा रहे

अहोना मुखर्जी | नई दिल्ली

वायु प्रदूषण, ट्रैफिक जाम, बाढ़ और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट अब सिर्फ आम नागरिक समस्याएं नहीं रहीं। ये भारतीय कंपनियों के लिए भर्ती संकट बन चुके हैं। स्टाफिंग फर्म एडेको इंडिया के सर्वे के मुताबिक, देश के 50% नियोक्ताओं ने माना कि इन बाहरी बाधाओं के कारण प्रतिभाशाली कर्मचारियों को आकर्षित करना मुश्किल हो गया है। सर्वे में 1,044 नियोक्ता शामिल किए गए। इनमें से 97% ने इन बाधाओं को अपने-अपने बिजनेस की स्थायी हकीकत बताई। दिल्ली-एनसीआर की सर्विसेज कंपनियों और मुंबई की रिटेल फर्मों में ऐसी समस्या झेलने वाले सबसे अधिक 68-68% कॉरपोरेट्स रहे।

### अब इंदौर, लखनऊ जैसे टियर-2 शहरों का रुख

शहरी अव्यवस्था से परेशान कामकाजी लोग अब छोटे शहरों की ओर लौट रहे हैं। 30-35% रिमोट वर्कफोर्स अब टियर-2 और टियर-3 शहरों में है। कोयंबटूर, इंदौर, सूरत, वडोदरा और लखनऊ जैसे शहर औपचारिक भर्ती वृद्धि में 70% योगदान दे रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-06-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 06-10-2026 22:00 Color:



बड़ी कंपनियां दुनिया में बदलाव लाना चाहती हैं, न कि केवल जल्दी पैसा कमाना।
*– गाय कावासाकी, मार्केटिंग एक्सपर्ट*

# सही भाव या बुलबुला

**इलॉन मस्क** की SpaceX का IPO आज खुलने जा रहा है, जो दुनिया का सबसे बड़ा पब्लिक इशू है। कंपनी ने इससे लगभग 75 अरब डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है। पश्चिम एशिया संकट की वजह से इस समय ग्लोबल इकॉनमी जिस दबाव से गुजर रही है, उसे देखते हुए इतने बड़े IPO से बाजार का चेहरा खिल जाना चाहिए था, लेकिन इसके साथ कुछ आशंकाएं भी हैं।

**घाटे में कंपनी ।** SpaceX के मुख्य रूप से तीन कारोबार हैं - स्टारलिंक, स्पेस बिजनेस और AI बिजनेस। इसमें आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का काम xAI के जिम्मे है, जिसकी स्थापना मस्क ने तीन साल पहले की थी और फिर इसका SpaceX में विलय कर दिया गया। SpaceX को 2025 में 18.7 अरब डॉलर के राजस्व पर 4.9 अरब डॉलर का घाटा हुआ था। AI इकाई तो भारी घाटे में है, पिछले साल इसने 6.4 अरब डॉलर का नुकसान उठाया।


SpaceX का IPO

**बुलबुला तो नहीं ।** SpaceX के बाद एंथ्रोपिक और OpenAI भी साल के अंत तक अपने IPO ला सकते हैं। इन कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा भले कड़ी हो, लेकिन आर्थिक कहानी लगभग एक जैसी है। एंथ्रोपिक को जून तिमाही में पहली बार लगभग 55.9 करोड़ डॉलर का मुनाफा हुआ है। वहीं, OpenAI अब भी कमाई से दोगुना अधिक खर्च कर रही है। इतनी नाजुक वित्तीय सेहत के बावजूद अगर मार्केट में इन कंपनियों को लेकर उत्साह है, तो उसकी बस एक वजह है, AI से लगाई गई उम्मीद। पर इसके साथ आशंका भी है कि कहीं आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का बुलबुला फूटने वाला तो नहीं, जिसकी चिंता लंबे वक्त से जताई जा रही है।

**जवाबदेही की कमी ।** इन कंपनियों में इनके संस्थापकों का कड़ा नियंत्रण है और इस तरह का कॉरपोरेट ढांचा तैयार किया गया है कि आगे भी वे मजबूत बने रहेंगे। मसलन, SpaceX में मस्क के पास सुपर वोटिंग राइट्स मौजूद हैं यानी शेयर बेचने से भी उनकी ताकत कम नहीं होगी। लेकिन, इससे शेयरधारकों के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता में कमी का खतरा है।

**चीन से होड़ ।** दुनिया के लगभग 90% AI इंफ्रा पर चीन और अमेरिका का कब्जा है। चीन अपनी कंपनियों को सरकारी मदद देता है। यदि वह कम लागत में AI मॉडल तैयार करता है, तो US कंपनियों की इतनी ऊंची वैल्यूएशन पर सवाल खड़े होंगे। फिर, AI में बुनियादी ढांचे के लिए अरबों डॉलर चाहिए। मस्क जो पैसा जुटाने जा रहे हैं, उसका इस्तेमाल AI, स्टारशिप और मंगल मिशन पर होगा। उन्हें फिलहाल निवेशक मिल रहे हैं, क्योंकि तकनीक में भविष्य दिख रहा है, पर बाजार में असल चीज है मुनाफा।

## गुस्ताख़ी माफ़

# मौसमी नारा

**'मौसम बहुत** गर्म हो गया है भाई साब। पर्यावरण की रक्षा पर अब पहले से ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।' श्रीमान क ने सुबह-सुबह मिलते ही ज्ञान वर्षा शुरू कर दी। मैंने टुकड़ा जोड़ा, 'मां, माटी, मानुष की याद दिला दी आपने। इसमें पेड़-पौधों वाले पर्यावरण के साथ अपने वातावरण की रक्षा का मामला भी झलकता है। भविष्य को ध्यान में रखकर ही यह नारा बनाया गया था।'


अखिलेश प्रताप सिंह

मेरे इस स्क्वेयर कट से चौंकने की बारी श्रीमान क की थी। बल्ले को चूम कर दूर जाती गेंद को जिस तरह भौचक्का होकर गेंदबाज देखता है, कुछ वैसा ही भाव उनके चेहरे पर उभरा। मैंने कहा, 'प्रशांत महासागर वाले अल-निनो का असर मॉनसूनी बारिश पर दिखने जा रहा है, दूसरे पॉलिटिकल अल-निनो का असर सियासी मैदान में दिखने जा रहा है। मौसम तेजी से बदल रहा है। इसकी आंधी में तंबू उखड़ने लगे हैं।'

श्रीमान क ने अब हथियार डाल दिए। उनने बिल्कुल गुड लेंथ बॉलिंग करते हुए कहा, 'गर्मी बढ़ रही है। पानी भाप बन रहा है। पर आपकी बात समझ में नहीं आ रही भाई साब। थोड़ा विस्तार से बताएं तो पकड़ में आए।'

मेरे पास अब स्ट्रेट ड्राइव का मौका था। 'मामला ऐसा है कि एक नेता को गुमान हो गया कि प्रधानमंत्री बनने लायक तो वही हैं। सब समझाते रहे कि दूसरों की पार्टियां ज्यादा बड़ी हैं, पर ऐसी सलाहें सुनकर वह भड़क जाया करती थीं। अगली पार्टी की नेता विदेशी है, उससे तो बात ही नहीं करनी है। ऐसे बयान देने लगती थीं।'

श्रीमान क ने पूछा, 'लेकिन भाई साब, नारे की क्या तुक बनी इसमें?' तफसील से समझाने के लिए मैंने उन्हें पार्क की बेंच पर टिका दिया। 'ऐसा है, नेताजी को वोटरों ने इस तरह माटी में पटका है कि अब एकदम मानुष रूप दिखने लगा है। जिसे विदेशी कहा, अब उसी के गले पड़ने को आतुर हैं। उसी में मां नजर आने लगी है। बताइए, मां-माटी-मानुष का नारा इसी दिन के लिए तो नहीं बनाया था?'

## एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

# बिस्मिल की पीड़ा

**महान क्रांतिकारी** राम प्रसाद बिस्मिल का जीवन साहस और देशभक्ति के साथ ही आत्मसंयम व उच्च चरित्र के प्रेरक प्रसंगों से भी भरा है। एक बार कुछ लोगों ने व्यक्तिगत दुश्मनी से उनकी हत्या का प्रयास किया। सौभाग्य से वह बच गए, लेकिन इस घटना ने उनके मन में बदले की भावना जगा दी। वह बार-बार उन लोगों को सबक सिखाने की योजना बनाते, पर हर बार कोई न कोई बाधा आ जाती। समय बीतता गया, लेकिन बदला न ले पाने की कसक उनके भीतर गहराती गई। धीरे-धीरे यही मानसिक तनाव उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ने लगा। वह बीमार रहने लगे। मां ने भांप लिया, पीड़ा का वास्तविक कारण कुछ और है। जब उन्होंने प्यार से पूछा, तो बिस्मिल ने मन का सारा दर्द कह सुनाया। मां ने गंभीर स्वर में कहा, 'मुझे एक वचन दो, उन लोगों से कभी बदला नहीं लोगे।' बिस्मिल दुविधा में पड़ गए, लेकिन उन्होंने मां के सामने बदला न लेने का संकल्प ले लिया। अब उनका मन शांत होने लगा। प्रतिशोध की आग बुझी तो बीमारी भी दूर हो गई। बिस्मिल ने अनुभव किया कि क्षमा और त्याग में गजब की शक्ति है।

Subrata Dhar


## नए नियम और अमेरिका-ईरान तनाव के बीच आज से शुरू फुटबॉल विश्व कप कई मायनों में ख़ास

# जंग की दुनिया में ख़ूबसूरत खेल

**10 दिसंबर** 2022 की रात दोहा के अल थुमामा स्टेडियम में जैसे ही अंतिम सीटी बजी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो की आंखों से आंसू बहने लगे। मोरक्को के हाथों वर्ल्ड कप क्वॉर्टर फाइनल में मिली अप्रत्याशित हार ने पुर्तगाल के इस महान फॉरवर्ड को इतना तोड़ दिया था कि वह अपने प्रशंसकों का अभिवादन तक नहीं कर सका। अगले दिन उन्होंने सोशल मीडिया पर एक संदेश के जरिए अपने जज्बात साझा किए, 'पुर्तगाल के लिए विश्व कप जीतना मेरे करियर का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी सपना था। मैंने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, कभी किसी चुनौती से मुंह नहीं मोड़ा। दुर्भाग्य से, वह सपना कल खत्म हो गया।'


रूपेश रंजन सिंह

**एक और मौका ।** वास्तव में वह सपना खत्म नहीं हुआ था। विश्व फुटबॉल का यह महानायक अपने सबसे बड़े ख्वाब को पूरा करने के लिए एक बार फिर फुटबॉल के महाकुंभ पहुंच चुका है। रोनाल्डो का अपने छठे वर्ल्ड कप में आना स्कॉटलैंड के महान कोच बिल शैंकली के मशहूर कथन की याद दिलाता है, 'कुछ लोग सोचते हैं कि फुटबॉल जीवन और मृत्यु का मामला है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं, यह उससे कहीं अधिक गंभीर है।'

**सबसे विशाल ।** 41 वर्ष की उम्र में भी रोनाल्डो की मैदान पर मौजूदगी इस कथन का जीवंत उदाहरण है। आखिर ऐसा कौन-सा खेल होगा, जिसके लिए एक खिलाड़ी दो दशक तक अपने शरीर और मन को उसी अनुशासन में ढालकर रखे? शायद इसलिए फुटबॉल को सिर्फ खेल नहीं, भावना कहा जाता है। और इसी भावना का सबसे विराट उत्सव आज से शुरू हो रहा है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में खेला जाने वाला 2026 फीफा वर्ल्ड कप कई मायनों में ऐतिहासिक है। 48 टीमों और 104 मैचों वाला यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप है।

**मेसी बनाम रोनाल्डो ।** करीब दो दशक से विश्व फुटबॉल का चेहरा रहे क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों के लिए यह आखिरी वर्ल्ड कप साबित हो सकता है। पेले और माराडोना के बाद रोनाल्डो व मेसी ऐसे दो सितारे रहे, जिनकी प्रतिद्वंद्विता ने देशों, भाषाओं और महाद्वीपों की सीमाएं लांघकर करोड़ों लोगों को फुटबॉल से जोड़े रखा। किसी ने अर्जेंटीना के जादूगर में अपना नायक देखा, तो किसी ने पुर्तगाल के अथक योद्धा में प्रेरणा खोजी।

AI Image


**खेल से पहले चर्चा**

- शायद आखिरी बार वर्ल्ड कप में दिखें रोनाल्डो और मेसी
- अतिरिक्त ब्रेक पर चिंता, विज्ञापन को मिलेगा समय
- US ने सोमालिया के मैच रेफरी को अपने यहां एंट्री नहीं दी

**बदलाव की शुरुआत ।** यही वजह है कि यह विश्व कप बदलाव का संकेत भी होगा। संभव है कि आने वाले वर्षों में 2026 को फुटबॉल इतिहास में 'मेसी-रोनाल्डो युग' और 'मेसी-रोनाल्डो के बाद के युग' के बीच की विभाजक रेखा के रूप में याद किया जाए। फुटबॉल को आने वाले वर्षों में ऐसे नए सितारों की जरूरत होगी, जो सिर्फ गोल और ट्रॉफियां ही न जीतें, दुनिया भर के लोगों की कल्पनाओं को भी बांध सकें।

**चार टुकड़ों का खेल ।** रोनाल्डो और मेसी की संभावित विदाई के अलावा यह टूर्नामेंट अपने नए हाइड्रेशन ब्रेक नियम के कारण भी चर्चा में है। फुटबॉल को हमेशा दो हाफ के खेल के रूप में जाना गया है, लेकिन इस बार भीषण गर्मी और खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक हाफ में अतिरिक्त ब्रेक दिए जाएंगे। आधिकारिक तर्क यह है कि अमेरिका के कई शहरों में जून-जुलाई की गर्मी खिलाड़ियों के प्रदर्शन और स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है। हालांकि आलोचकों का मानना है कि इन अतिरिक्त ब्रेकों से प्रसारण कंपनियों को विज्ञापनों के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। ऐसे में कई लोगों को डर है कि कहीं फुटबॉल भी धीरे-धीरे उन खेलों की राह पर न चल पड़े, जहां खेल और विज्ञापन बराबर समय बांटने लगते हैं।

**खेलों में राजनीति ।** इस विश्व कप की चर्चा सिर्फ खेल या नियमों तक सीमित नहीं है। प्रमुख मेजबान अमेरिका खुद कई राजनीतिक और सामाजिक बहसों के केंद्र में है। इराक के खिलाड़ी से एयरपोर्ट पर लंबी पूछताछ और ईरानी प्रशंसकों के टिकट रद्द करने जैसी खबरें पहले से चर्चा में थीं। अब वर्ल्ड कप में सोमालिया का प्रतिनिधित्व कर रहे एकमात्र मैच रेफरी को अमेरिका में प्रवेश नहीं दिए जाने की खबर ने बहस को और तेज कर दिया है।

**भारतीयों का सवाल ।** भारत में भी फुटबॉल विश्व कप का शोर रहता है और साथ में यह सवाल भी, 'हमारी टीम कब फीफा वर्ल्ड कप खेलेगी?' या फिर, 'जब छोटे-छोटे देशों की टीमें क्वॉलिफाई कर सकती हैं, तो क्या भारत जैसे संपन्न और विशाल देश से 11 विश्वस्तरीय खिलाड़ी नहीं निकल सकते?' सवाल जायज हैं और इनके जवाब तलाशे जाने चाहिए, पर फिलहाल वक्त है फुटबॉल की खूबसूरती और उसके रोमांच में डूब जाने का।

## असंभव संवाद

इंग्लैंड क्रिकेट टीम शराब की वजह से फिर चर्चा में है। इस बार कप्तान बेन स्टोक्स फंसे हैं। करियर संकट में है। आज अगर ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एंड्र्यू साइमंड्स जिंदा होते तो उन्हें क्या मशवरा देते।

# अभी तक नशा उतरा नहीं तुम्हारा

AI Image


**'मेट, मुझे** लग रहा है कि तुम लोगों ने गलत ग्रह-नक्षत्र में बैजबॉल शुरू किया था।' 'तुम कब से ग्रह-नक्षत्र मानने लगे?' '2008 के सिडनी टेस्ट के बाद से। मेरी राशियां वहीं से गड़बड़ाई थीं। वैसे तुम पर पितृ दोष भी हो सकता है। अपनी जमीन छोड़कर आए हो न।' 'सारा दोष पब में ही क्यों निकलता है? जाते हैं एंजॉय करने और बदले में एक मुकदमा लेकर आते हैं।' 'दुनिया बड़ी जालिम है पीने वालों के लिए। भूल जाओ कि तुम्हें यहां कप्तानी का फायदा मिलेगा।' 'लेकिन, गुस्से पर कंट्रोल नहीं होता। तुम क्या करते थे?' 'जब लगने लगता कि ऑस्ट्रेलिया एशेज हार सकता है, तो बाहर निकल आता था। तुम तब पीना छोड़ दिया करो, जब लगे कि इंग्लैंड एशेज जीत सकता है।' 'हम क्यों नहीं एशेज जीत सकते? हमारे पास बैजबॉल है।' 'देखा, अभी तक नशा नहीं उतरा तुम्हारा।'

*-शैलेंद्र पाण्डेय*

## जनता जंक्शन

इरफ़ान




# 100% शुद्धता के इंतज़ार में जीवन बीत जाएगा

हरीश बड़थ्वाल

**जीवन गणित** का सूत्र नहीं, जो उसे किसी फॉर्म्युले पर बैठाकर जिया जाए। यह रंगों और अनुभवों से भरा एक गीत है। हर पल को तौलने और अपने साथ होने वाले हर व्यवहार का हिसाब-किताब रखने से जीवन का रस सूख जाएगा। हमारे आसपास कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो सिद्धांत बना बैठते हैं कि यदि किसी ने सात साल पहले उनकी बेटी की शादी में पांच सौ रुपये का शगुन दिया था, तो वह भी उतना ही देंगे। अब भले उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो और महंगाई बढ़ गई हो। ऐसे लोगों के लिए संबंधों से अधिक महत्व हिसाब बराबर करने का है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

सच कहें, तो जीवन में खुलापन और सहजता भी उतनी ही आवश्यक है, जितनी जिम्मेदारी। आज कल के युवाओं को कहते सुना जाता है कि जब तक जरूरत के हिसाब से सैलरी नहीं होगी, शादी नहीं करेंगे।

प्रकृति भी हमें सिखाती है कि शुद्धता और पूर्णता हमेशा उपयोगी नहीं होतीं। सौ प्रतिशत शुद्ध जल लंबे समय तक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नहीं माना जाता, क्योंकि उसमें आवश्यक खनिज नहीं होते। 24 कैरेट सोना भी आभूषण बनाने के लिए उपयोगी नहीं होता। उसे टिकाऊ बनाने के लिए अन्य धातुओं का मिश्रण जरूरी है।

इसी प्रकार, हर काम में पूर्णता की प्रतीक्षा करना कई बार प्रगति को रोक देता है।

# क्लासिक सिनेमा का नया पता है रीगल सिनेमा

## आमची मुंबई

**महान फ्रेंच-स्विस** फिल्मकार ज्यां लुक गोदार ने कहा था कि सिनेमा एक खूबसूरत छलावा है। शायद उन्होंने यह बात इसलिए कही हो, क्योंकि सिनेमा हमें सपने देखना सिखाता है। वे सपने जो मुमकिन हैं और वे भी जो नामुमकिन हैं। मुंबई को भी मायानगरी इसी वजह से कहा गया। इसे आर्थिक राजधानी भले कहते हों, लेकिन इस शहर का एक कोना हमेशा सांस्कृतिक सुगंध से महकता रहता है। इन दिनों वह कोना रीगल सिनेमा है। करीब एक साल पहले शुरू हुई वर्ल्ड क्लासिक्स सिनेमा दिखाने की पहल रीगल सिनेमा में इन दिनों भी आबाद है। हर गुरुवार की शाम करीब 6:30 बजे यहां यूरोपियन, हॉलीवुड या एशियन फिल्में दिखाई जाती हैं। फिल्मों का यह प्रदर्शन बिल्कुल मुफ्त होता है। सिने प्रेमी, फिल्म स्टूडेंट्स, लेखक और पत्रकार इन फिल्मों को देखने के लिए सुदूर उपनगरों से भी पहुंचते हैं। फिल्मों का यह प्रदर्शन सांस्कृतिक आंदोलन की तरह है। यहां अमूमन वे फिल्में दिखाई जाती हैं, जो ओटीटी प्लैटफॉर्म्स पर उपलब्ध नहीं हैं और जिन्हें रीस्टोर किया गया है।


फिरोज खान



**फिल्म हैरिटेज फाउंडेशन की पहल ।** फिल्म हैरिटेज फाउंडेशन ने रीगल सिनेमा में वीकली स्क्रीनिंग की यह अनूठी शुरुआत की है। वह अब तक यहां जो फिल्में दिखा चुका है, उनमें 'साइको', 'वर्टिगो', 'रियर विंडो', 'जॉस', 'नॉर्थ बाय नॉर्थवेस्ट', 'द गुड, द बैड ऐंड द अगली' जैसी कुछ खास फिल्में शामिल हैं। पिछले गुरुवार को यहां 1973-74 की फिल्म 'बैडलैंड्स' दिखाई गई थी और आज यानी 11 जून को यहां 1953 में रिलीज हुई बिमल रॉय की महान फिल्म 'दो बीघा ज़मीन' दिखाई जाएगी। कमाल की बात यह है कि सिने प्रेमियों को यहां फिल्मों के मूल प्रिंट दिखाए जाते हैं या फिर रीस्टोर की गई फिल्में। यही बात फिल्म हैरिटेज फाउंडेशन के अभियान को खास बनाती है। अगर आप यहां फिल्म देखने जा रहे हैं, तो आधे घंटे या 45 मिनट पहले पहुंचे। इस स्क्रीनिंग की खासियत यह भी है कि यहां प्रदर्शित हो रही फिल्म के बारे में कई रोचक जानकारियां भी दी जाती हैं, जो दर्शक के लिए मददगार साबित होती हैं।

**रीगल का समृद्ध इतिहास ।** जब मुंबई के अधिकांश सिंगल-स्क्रीन थिएटर बंद हो गए या मल्टीप्लेक्स में बदल गए, तब रीगल अपनी ऐतिहासिक पहचान के साथ बचा रहा। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन की साप्ताहिक मुफ्त क्लासिक फिल्म स्क्रीनिंग्स ने तो इस थिएटर को नई पीढ़ी के सिने प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय बना दिया है। अगर आपको पुरानी फिल्मों, मुंबई के इतिहास या आर्ट-डेको वास्तुकला में रुचि है, तो रीगल में गुरुवार शाम की स्क्रीनिंग सिर्फ फिल्म देखने का ही नहीं, बल्कि मुंबई के लगभग 93 साल पुराने सांस्कृतिक इतिहास को महसूस करने का दुर्लभ अनुभव साबित हो सकता है। दरअसल रीलग मुंबई के सबसे पुराने सिनेमाघरों में है, जो 1933 से चल रहा है। देश के पहले एयरकंडीशंड सिनेमा हॉल का रेकॉर्ड भी इसी सिनेमाघर के नाम है।

# मोदी के नेतृत्व में देश के साथ बिहार की भी बदली तस्वीर

**नरेंद्र मोदी** द्वारा बतौर निर्वाचित प्रधानमंत्री लगातार 4,399 दिन पूरे करना और इस क्रम में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ना भारतीय लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण घटना है। यह उपलब्धि ऐसे समय में हासिल हुई है, जब देश में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों की बड़ी संख्या मौजूद है, जबकि नेहरू जी के समय में कांग्रेस ही देश की एकमात्र प्रमुख राजनीतिक शक्ति थी।


संजय कुमार झा

## बिहार में बदलाव

इस रेकॉर्ड का विशेष महत्व इसलिए भी है कि नरेंद्र मोदी किसी राजनीतिक परिवार के वारिस के रूप में राजनीति में स्थापित नहीं हुए, बल्कि अपने परिश्रम और जनसमर्थन के बल पर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनके नेतृत्व की यह ऐतिहासिक उपलब्धि केवल राजनीतिक स्थायित्व का प्रतीक नहीं है, बल्कि उस परिवर्तनकारी यात्रा की कहानी भी है, जिसने भारत के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर बिहार और पूर्वोत्तर भारत को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है।

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले दो दशकों के दौरान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल में बिहार की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज बिहार केवल जनसंख्या या इतिहास के संदर्भ में नहीं, बल्कि नए अवसरों, संभावनाओं और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण भी राष्ट्रीय विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

## मखाना बोर्ड की स्थापना

मेरे लिए यह विशेष संतोष का विषय है कि प्रधानमंत्री ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर बार-बार सम्मान दिलाया। मिथिला पेंटिंग इसका सबसे सुंदर उदाहरण है। यह प्राचीन लोककला आज भारत की सांस्कृतिक पहचान बनकर विश्व के प्रमुख मंचों तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री जब विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों और गणमान्य व्यक्तियों को मधुबनी पेंटिंग आधारित उपहार भेंट करते हैं, तब वह केवल एक कलाकृति नहीं होती, बल्कि मिथिला की सांस्कृतिक चेतना, परंपरा और सृजनशीलता का वैश्विक परिचय होती है।

इसी प्रकार वर्षों तक स्थानीय उत्पाद के रूप में पहचाना जाने वाला मखाना आज वैश्विक बाजार में 'सुपर फूड' के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है। जीआई टैग प्राप्त होने के बाद इसके महत्व को नई मान्यता मिली। केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड की घोषणा और उसके बाद की गई संस्थागत पहल ने यह संदेश दिया कि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक ब्रांड बनाने की सोच अब नीति निर्माण का हिस्सा है।



## मिथिला की पहचान मजबूत

प्रधानमंत्री ने विकास को केवल सड़कों, पुलों, भवनों और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों, परंपराओं तथा पर्यटन की संभावनाओं को भी विकास की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाया। यही कारण है कि आज अयोध्या, काशी, केदारनाथ और पूर्वोत्तर के सांस्कृतिक केंद्रों के साथ-साथ माता सीता की पावन भूमि मिथिला की पहचान भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मजबूती से स्थापित हुई है।

हाल के वर्षों में भारत की विदेश नीति और कूटनीति में भी उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद विभिन्न देशों में भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य भी यही था कि दुनिया भारत की वास्तविक चिंताओं और आतंकवाद के विरुद्ध उसके दृढ़ संकल्प को और बेहतर ढंग समझे। मुझे भी ऐसे ही एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का अवसर मिला।

## पीएम का दूरदर्शी नेतृत्व

बिहार जैसे विकास की चुनौतियों से जूझते रहे राज्यों के लिए यह अवधि विशेष महत्व रखती है, क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय विकास की धारा में अधिक सम्मानजनक और सक्रिय स्थान प्राप्त हुआ है। खासकर पिछले दो केंद्रीय बजटों में बिहार को विशेष आर्थिक सहयोग मिला है। चाहे आधारभूत संरचना का विस्तार हो, नए एक्सप्रेस-वे, पुल, रेलवे परियोजनाएं, एयरपोर्ट विकास या कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को नई पहचान दिलाने की पहल, बिहार को विकास की नई संभावनाओं से जोड़ने का निरंतर प्रयास हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा स्थापित 'न्याय के साथ विकास', सुशासन और बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण की परंपरा को मोदी सरकार के सहयोग से आगे भी नई गति और नई ऊंचाई मिलती रहेगी, ऐसा मुझे विश्वास है।

कुल मिलाकर, नरेंद्र मोदी जी का बतौर निर्वाचित प्रधानमंत्री लगातार 4,399 दिनों का यह नया रेकॉर्ड केवल एक संख्या नहीं है। यह उस विश्वास, निरंतरता और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है, जिसने भारत के अनेक हिस्सों, विशेषकर बिहार और पूर्वोत्तर भारत को नए अवसरों, नई पहचान और नई संभावनाओं से जोड़ने का कार्य किया है। लोकतंत्र में किसी भी लंबे और सफल नेतृत्व की सबसे बड़ी कसौटी यही होती है।

*(लेखक जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद हैं)*

आर.एन.आई. पंजीयन नंबर 1613/1957 इस समाचार-पत्र का प्रकाशन आर. कृष्णमूर्ति द्वारा टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग, डॉ. डी. एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 से बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के लिए किया गया है। स्थानीय संपादक (मुंबई) : सुंदर चंद ठाकुर (पी. आर. बी. अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी) मुद्रण उपेंद्र नायक द्वारा द टाइम्स ऑफ इंडिया सबर्बन प्रेस, आकुर्ली रोड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-400101 में (टेलीफोन नंबरः 66353535, 22733535) और इंद्रजीत सेन द्वारा द टाइम्स ऑफ इंडिया प्रिंट सिटी, प्लॉट नं. 4, टी.टी.सी. इंडस्ट्रियल एरिया, ठाणे बेलापुर रोड, ऐरोली, नवी मुंबई-400 708 में (टेलीफोन नंबरः (022) 2760 9999.) किया गया है। सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्कः मुंबई, ठाणे व रायगड जिलोंके बाहर 1.00 रुपया। विमान सेवा शुल्कः रायपुर,नागपुर, गोवा एवं वाया 2.00 रुपये, इंदौर, चेन्नै एवं वाया 3.00 रुपये, अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोचीन, कोयम्बतूर, एरनाकुलम, हैदराबाद, कोझीकोड, मंगलूर, त्रिवेंद्रम, उदयपुर, वाइजग एवं वाया 6.00 रुपये, दिल्ली, कोलकाता, एवं वाया 7.00 रुपये।

हम समस्याओं को उसी सोच के साथ हल नहीं कर सकते, जिसके साथ हमने उन्हें पैदा किया था। - अल्बर्ट आइंस्टीन

**इस्लामाबाद ने पीओके में निर्दोष नागरिकों के साथ जैसी बर्बरता दिखाई है, उससे क्षेत्र की वास्तविक स्थिति फिर से दुनिया के सामने उजागर हुई है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर में मानवाधिकारों की दुहाई देने वाले पाकिस्तान का पीओके में रवैया उसके दोहरे मापदंडों की ही कलई खोलता है।**

## पीओके की पीड़ा



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान वहां की पुलिस व सुरक्षाबलों ने आम नागरिकों के खिलाफ जिस तरह की बर्बरता दिखाई, वह मानवाधिकारों के लिहाज से तो गंभीर चिंता का विषय है ही, यह कश्मीरियों के हितैषी होने के उसके दावे की भी कलई खोलने वाला है। पिछले कुछ दिनों में स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों की कार्रवाई में तीस से अधिक लोगों की जानें गई हैं, जिनमें बच्चे व गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा, बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) द्वारा आयोजित ये प्रदर्शन राजनीतिक अधिकारों, विधायी प्रतिनिधित्व और आटे व बिजली की बढ़ती कीमतों जैसे स्थानीय मुद्दों से जुड़े थे, लेकिन पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने जैसा दमन चक्र चलाया, वह इस्लामाबाद की व्यवस्थागत क्रूरता का ही जीवंत प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि पीओके पर पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही वहां के लोगों को न तो पूर्ण नागरिक अधिकार दिए गए, और न ही विकास की कोई सच्ची पहल हुई। बिजली, पानी, सड़कें, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के साथ-साथ करों का भारी बोझ और संसाधनों का दोहन स्थानीय आक्रोश के प्रमुख कारण रहे हैं। इसकी तुलना में भारत द्वारा प्रशासित जम्मू-कश्मीर पिछले कुछ वर्षों में आधारभूत ढांचे, पर्यटन, निवेश, शिक्षा और स्थानीय संस्थाओं को सशक्त करने की दिशा में काफी सक्रिय रहा है। यह स्वाभाविक ही है कि भारतीय कश्मीर से अपनी तुलना करने पर पीओके के लोगों में असंतोष और बढ़ा होगा। जो पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार कश्मीर में मानवाधिकारों की दुहाई देता रहता है, उसके अपने कब्जे वाले क्षेत्र में नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन पर उसका रवैया इस्लामाबाद के दोहरे मापदंडों को ही उजागर करता है। यह देखते हुए कि पीओके की यह स्थिति कोई आज की नहीं है, इस मामले में अतीत में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया अपेक्षया कमजोर ही रही है। हालांकि ताजा हिंसा पर चिंता जताते हुए ब्रिटेन के पचास सांसदों ने अपने विदेश मंत्री को पत्र लिखा है, लेकिन इस मामले में अन्य महाशक्तियों की चुप्पी अखरने वाली है। पीओके या दुनिया के किसी भी हिस्से में हो रही ऐसी मौतें व हिंसा की जांच न केवल वहां के लोगों के प्रति न्याय का प्रश्न है, बल्कि मानवाधिकारों की वैश्विक विश्वसनीयता से भी जुड़ा मुद्दा है। पीओके में पिछले कुछ दिनों में जो कुछ हुआ, वह वहां की दुर्दशा के बारे में भारत के दावे की ही पुष्टि करता है। ऐसे में, एक तरफ, यह भारत के लिए भी अवसर है कि वह पूरी दुनिया के समक्ष पीओके की वास्तविक स्थिति को तथ्यों व प्रमाणों के साथ अधिक सक्रियता से रखे, तो दूसरी तरफ, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी मानवाधिकारों से जुड़े इस मामले में निष्पक्ष और न्यायपूर्ण रुख अपनाना चाहिए।

## सवाल कई, जवाब नहीं

**हर सुबह किसी अनहोनी की आशंका को अपने साथ ला रही है। अंतहीन युद्ध हों, टैरिफ की पहेली हो, महंगाई का संकट हो, मुद्रा का नीचे जाना हो या फिर परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का लीक होना, ये वे सवाल हैं, जो हवा में तैर रहे हैं, लेकिन अब तक इनका कोई जवाब नहीं मिल सका है।**

हवा में कुछ अनहोनी होने का अजीब-सा डर है। ऐसी बातों की सूची लंबी होती जा रही है, जिनके बारे में हमें पता तो है, लेकिन पूरी जानकारी नहीं है। बिना किसी दिशा के आगे बढ़ने का यह एहसास एक गहरे संदेह की ओर इशारा करता है कि क्या भू-राजनीति में कुछ न करने पर कोई फायदा मिलता है?

सोमवार की सुबह दुनिया के लिए सबसे भयावह डर को लेकर आई, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव और शेयर बाजार में मूल्य संकट एक साथ आ गए। ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों की बौछार कर दी और डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनियों के बावजूद इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई की। ट्रंप का नाजुक शांति समझौता टूटता हुआ दिख रहा है। इसी समय, कोरियाई स्टॉक इंडेक्स केओएसपीआई लोअर सर्किट पर पहुंच गया, जिससे वैल्यूएशन में भारी गिरावट का संकेत मिला। निक्केई 225 और चीन व दक्षिण-पूर्व एशिया के टेक इंडेक्स में भी गिरावट आई। भारत में निफ्टी 50 की शुरुआत निचले स्तर पर हुई, जिससे रुपये पर दबाव और बढ़ गया। भू-राजनीति और वित्तीय बाजार, दोनों ही 'सौदेबाजी की कला' में माहिर होने के ट्रंप के दावों को चुनौती दे रहे हैं। नाश्ते और लंच के बीच, वॉल स्ट्रीट पर दस खरब डॉलर से ज्यादा की वैल्यू खत्म हो गई। इस गिरावट की वजह थी यूएस फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने का डर। सिर्फ स्टॉक्स ही नहीं गिरे, बल्कि मेटल्स का पूरा ग्रुप (सोना, चांदी, तांबा, प्लेटिनम) भी स्टॉक्स के साथ नीचे आ गया। महंगाई का खतरा कोई नई बात नहीं थी। दुनिया भर में महंगाई पहले से ही बढ़ी हुई है और देशों की बैलेंस शीट में भी यह साफ दिख रही है। महंगाई, पश्चिम एशिया में ट्रंप की जंग की ही देन है। रविवार को इस जंग को शुरू हुए 100 दिन हो गए हैं, जबकि ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने पहले ही हफ्ते में ईरान को 'पूरी तरह खत्म' कर दिया था। दुनिया शब्दों और उनके असल मतलब के बीच उलझी हुई है— जैसे, गाजा, लेबनान और होर्मुज जलडमरूमध्य में जिन युद्ध-विरामों की



**शंकर अय्यर**
*वरिष्ठ पत्रकार*



बात हो रही है, क्या वे सचमुच युद्ध-विराम हैं? विचित्र तर्क देते हुए ट्रंप का कहना है कि दुनिया के उस हिस्से में 'युद्ध-विराम का मतलब है कि आप थोड़ी कम तीव्रता से गोलीबारी कर रहे हैं।' अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसी स्थिति में फंस गए हैं, जहां उनके पास युद्ध खत्म करने का कोई तरीका नहीं है। हफ्ते की शुरुआत शांति की अपील से होती है और अंत पूरी तरह से तबाही की आशंका पर होता है।

इसी तरह टैरिफ युद्ध भी कभी खत्म नहीं होने वाला युद्ध है। कुख्यात 'लिबरेशन डे' को बीते 432 दिन हो चुके हैं, फिर भी चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई है। इस बीच बहुत कुछ बदल चुका है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को रद्द कर दिया और रिफंड का आदेश दिया। लेकिन ट्रंप बिना डरे, पुराने कानूनों को लागू करने के नए तरीके अपना रहे हैं।

हाल ही में भारत ने दुनिया को बताया कि पिछले साल उसकी जीडीपी में 7.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। लेकिन इससे ज्यादा खुशी नहीं मनाई गई। उसी सुबह, रिजर्व बैंक ने आने वाले साल के लिए ग्रोथ का अनुमान घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया और महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया। हालात ऐसे थे कि देश बीते हुए दौर और भविष्य के अनिश्चित बादलों के बीच फंसा हुआ महसूस कर रहा था। इस दशक की शुरुआत में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, फिर चौथे स्थान पर पहुंचा और अब छठे स्थान पर खिसक गया है। इसमें युद्ध का असर और अधूरे एजेंडे की अनिश्चितता, दोनों शामिल हैं।

रैंक और रुतबे में गिरावट की वजह रुपये की गिरती कीमत को माना जा रहा है। एक साल में रुपया प्रति अमेरिकी डॉलर 86 से गिरकर 95 पर आ गया है। रुपया इस स्थिति का खलनायक भी है और शिकार भी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से रुपया गिरता है और रुपये के गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशक और बिकवाली करते हैं। रिजर्व बैंक ने छह उपाय बताए हैं—इनमें दो बड़े उपाय हैं-विदेशी निवेशकों के लिए लंबे समय वाले बॉन्ड खोलना और डॉलर जमा लाने वाले बैंकों के हेजिंग खर्च के भुगतान की सुविधा देना। क्या इसका फायदा होगा? इसके समर्थक कहते हैं कि सितंबर 2013 में ऐसा हुआ था। हालात अब बहुत अलग हैं। 2013 में भारत की पॉलिसी रेट 7.5 प्रतिशत थी और अमेरिकी फेड फंड्स रेट 0.08 प्रतिशत थी। दोनों के बीच का अंतर (असल में 7.5 प्रतिशत) और करेंसी रिस्क कवर वाकई बहुत ज्यादा था। साल 2025 में भारत की पॉलिसी रेट 5.25 प्रतिशत है और फेड फंड्स रेट 3.5 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत के बीच है। क्या यह दर जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए काफी है?

रुपये की गिरावट उन समस्याओं को दिखाती है, जिन पर ध्यान नहीं दिया गया है। इस बात पर काफी अफसोस जताया जाता है कि भारत के पास एआई की कोई कहानी नहीं है। यह सच है, लेकिन अफसोस की बात सिर्फ यही नहीं है। भारत का प्राइवेट सेक्टर लगभग 15 लाख करोड़ रुपये नकद लेकर बैठा है और निवेश नहीं कर रहा है; रिसर्च और डेवलपमेंट पर खर्च के मामले में देश का रिकॉर्ड बहुत खराब है। अगर एक लाख करोड़ रुपये का 'रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन फंड' जारी किया जाए, तो इससे मदद मिल सकती है। अगर एक लाख करोड़ रुपये के 'अर्बन चैलेंज फंड' के तहत पैसे देने की रफ्तार बढ़ाई जाए, तो इससे स्मार्ट सिटी को बढ़ावा मिल सकता है। फरवरी 2025 में दो कमेटियों को नियमों और मंजूरी से जुड़ी उलझनों को सुलझाने का काम सौंपा गया था। उन्होंने क्या सुझाव दिए हैं? क्या सोलर प्रोजेक्ट के लिए 116 से कम मंजूरी और परमिट की जरूरत होगी? क्या होटल या अस्पताल बनाना आसान है?

आखिरकार, युवाओं से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के तरीके (जैसे कि पेपर लीक का मामला) से पता चलता है कि चीजें बगैर किसी दिशा के चल रही हैं। दिसंबर 2025 में, संसद की एक स्थायी समिति ने साफ तौर पर कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता। 2026 में एनटीए ने उन्हें सही साबित कर दिया! शिक्षा मंत्रालय अरबों डॉलर की कंपनियों को चलाने वाले टेक एक्सपर्ट्स से सिस्टम डिजाइन करने के लिए संपर्क क्यों नहीं करेगा? भारत की अर्थव्यवस्था कई अनसुलझे सवालों से घिरी हुई है। मार्गरेट हेफरनन ने मशहूर बात कही थी, 'खामोशी सुस्ती की भाषा है।' भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था में, मिलीभगत की राजनीति इस सुस्ती को बढ़ावा देती है।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



चार्ल्स डिकेंस

जब मनुष्य अपने भविष्य से विश्वास खो देता है, उसी क्षण उसके भीतर का सबसे सुंदर भाग मरने लगता है। जो मनुष्य संसार की सारी कठिनाइयों के बावजूद दया करना नहीं छोड़ता, उसके भीतर आशा का स्रोत कभी नहीं सूखता।

### सबसे बड़ी त्रासदी आशा का मर जाना है

*हर मनुष्य के जीवन में ऐसा वक्त भी आता है, जब उसे लगता है कि संसार की सारी रोशनियां बुझ चुकी हैं। सड़कें वही रहती हैं, इमारतें-मकान भी वही रहते हैं, लोग भी वही दिखाई देते हैं, लेकिन आत्मा के भीतर एक लंबी, ठंडी और सुनसान रात उतर आती है। उस समय ऐसा लगता है, मानो दुख ने समय को रोक दिया हो और भविष्य केवल धुंध से भरा एक वीरान रास्ता हो, जहां कदमों की आहट तक नहीं सुनाई देती। मैंने ऐसे चेहरे देखे हैं, जिन पर भूख ने समय से पहले बुढ़ापा लिख डाला था। मैंने उन लोगों को भी देखा है, जो भीड़ भरी सड़कों पर चलते हुए इतने अकेले थे कि उनकी आत्मा का मौन किसी कब्रिस्तान से भी ज्यादा डरावना लगता था। और फिर भी, इन सबके बीच मैंने जिसे जीवित पाया, जिसे कोई कैद नहीं कर सका, गरीबी जिसे नष्ट नहीं कर सकी, वह थी- आशा, उम्मीद।*



*आशा तूफानों को रोकती नहीं, लेकिन मनुष्य के भीतर इतना साहस निश्चित जगा देती है कि वह तूफान के बीच भी एक और कदम बढ़ा सके। संसार के सबसे अंधकारपूर्ण क्षणों में आशा किसी विजेता की तरह नहीं आती, वह एक छोटी-सी मोमबत्ती की तरह आती है, जो यह साबित करने के लिए काफी है कि अंधकार सर्वशक्तिमान नहीं है। मैंने हमेशा माना है कि संसार की सबसे बड़ी त्रासदी गरीबी नहीं, बल्कि आशा का मर जाना है। एक गरीब मनुष्य भी जीवित रह सकता है, यदि उसके भीतर यह विश्वास बचा हो कि आने वाला दिन आज से बेहतर हो सकता है। किंतु जिस क्षण मनुष्य अपने भविष्य से विश्वास खो देता है, उसी क्षण उसके भीतर का सबसे सुंदर भाग धीरे-धीरे मरने लगता है। जो मनुष्य संसार की सारी कठिनाइयों के बावजूद दया करना नहीं छोड़ता, उसके भीतर आशा का स्रोत कभी नहीं सूखता। संसार पूर्ण नहीं है। यहां अन्याय, अभाव, छल, कुटिलता आदि सब हैं, और ऐसी पीड़ाएं भी हैं, जिन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। कई बार लगता है, मानो बुराई की शक्ति अच्छाई से कहीं अधिक प्रबल हो गई है। लेकिन यदि ऐसा वास्तव में होता, तो अब तक मनुष्य जाति का अस्तित्व समाप्त हो चुका होता। सभ्यता इसलिए जीवित रही, क्योंकि हर युग में कुछ लोगों ने अंधकार के सामने घुटने टेकने से इनकार कर दिया। कभी-कभी जीवन हमें लंबी सर्दियों से गुजारता है, ताकि हम बसंत का वास्तविक अर्थ समझ सकें। यदि मनुष्य ने दुख न देखा होता, तो वह करुणा का मूल्य नहीं समझ पाता। यदि उसने अकेलापन नहीं झेला होता, तो प्रेम की ऊष्मा इतनी अमूल्य न लगती। और यदि उसने अंधकार का अनुभव न किया होता, तो वह एक छोटी-सी रोशनी के चमत्कार को कभी नहीं पहचान पाता। इसलिए जब भी जीवन आपको यह विश्वास दिलाने लगे कि सब कुछ समाप्त हो चुका है, तो याद रखिए कि रात चाहे कितनी भी लंबी हो, वह सुबह को रोक नहीं सकती। मनुष्य बार-बार टूटा है और फिर उठ खड़ा हुआ है। यही उसकी सबसे बड़ी महिमा है।*

### विश्वास को जीवित रखें

**सूत्र**

*जीवन के अभावों के बीच जब भविष्य धुंधला लगने लगे, तब अंतरात्मा में जलती 'आशा' की वह छोटी-सी मोमबत्ती ही हमारे भीतर का साहस जगाती है। तमाम अन्यायों व छल के बावजूद यदि हम दया, करुणा और विश्वास को जीवित रखें, तो रात चाहे कितनी भी लंबी क्यों न हो, वह आने वाली अलौकिक सुबह और वसंत के नए उजाले को कभी नहीं रोक सकती।*

## दूसरा पहलू

किसी भी बड़ी नदी की अविरलता सूक्ष्म शिराओं से तय होती है। जब यही सूख जाएंगी, तो नदी का सूखना अपरिहार्य है।

### सूखती नदियों का अदृश्य संकट

■ *पंकज चतुर्वेदी*

**गंगा** नदी का अस्तित्व आज एक अभूतपूर्व व अदृश्य संकट के दौर से गुजर रहा है। आईआईटी धनबाद के पर्यावरण विज्ञान इंजीनियरिंग विभाग के नवीनतम शोध के आंकड़े बताते हैं कि पिछले 50 वर्षों में गंगा नदी बेसिन की करीब 18 लाख छोटी जलधाराएं पूर्णतः विलीन हो चुकी हैं। हम हर दिन औसतन 99 प्राकृतिक जलधाराओं को स्थायी रूप से खो रहे हैं। यह शोध सात छोटी नदियों और उनके 56 वाटरशेड्स के गहन विश्लेषण पर आधारित है, जो गंगा के महाप्रवाह का हिस्सा बनती हैं। इस शोध में जिन सात प्रमुख छोटी नदियों की शिनाख्त की गई है, उनमें बुंदेलखंड की जीवनरेखा मानी जाने वाली खुदार, उर्मिल और बोदला (जो केन व बेतवा की उप-सहायक धाराएं हैं) प्रमुख हैं।



नदियों के सिकुड़ने के पीछे मूल वजह अनियोजित भूमि उपयोग के साथ जलधाराओं के किनारे होने वाली रासायनिक खेती है।

इनके वाटरशेड्स के सिकुड़ने का सीधा असर केन और बेतवा के प्रवाह पर पड़ रहा है, और अंततः यह कमी गंगा की मुख्यधारा तक पहुंच रही है। किसी भी बड़ी नदी की अविरलता सूक्ष्म शिराओं से तय होती है। जब यही सूख जाएंगी, तो नदी का सूखना अपरिहार्य है। शोध के अनुसार, इसके पीछे अनियोजित भूमि उपयोग, बुनियादी ढांचे का अनियंत्रित निर्माण, कोयला-खनिज खनन व अवैध रेत खनन हैं। साथ ही जलधाराओं के किनारे होने वाली रासायनिक खेती भी। खेती से मिट्टी की पकड़ कमजोर होने से मानसून के दौरान तेजी से भूमि कटाव हो रहा है और उसके गाद के रूप में नदियों में भरने से जलधाराओं का दम घुट रहा है। इस अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के बीच जब जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव जुड़ते हैं, तो यह संकट कई गुना गहरा हो जाता है। गैर-मानसूनी महीनों में इन जलधाराओं में पानी न होने के कारण मरुस्थलीकरण का खतरा बढ़ रहा है। साथ ही भूजल स्तर भी गिर रहा है, जिससे देश की कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो रही है। आईआईटी धनबाद के वैज्ञानिकों ने एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि अब नदियों के प्राकृतिक स्वरूप, उनके रिपेरियन जोन व पुराने प्रवाह मार्गों को पुनर्जीवित करने के लिए 'नदी भूमि अधिग्रहण' की नीति अपनाई जाए। नदियों के किनारों पर रासायनिक खेती को प्रतिबंधित कर वहां केवल प्राकृतिक वानिकी को बढ़ावा दिया जाए। नदियों के सिकुड़ने की दर, उनकी लंबाई और प्रवाह घनत्व के आधार पर 'नदियों की लाल सूची' तैयार करना जरूरी है, ताकि संकटग्रस्त नदियों को प्राथमिकता के आधार पर बचाया जा सके।



पिछले 50 वर्षों में गंगा नदी बेसिन की करीब 18 लाख छोटी जलधाराएं पूर्णतः विलीन हो चुकी हैं। हम हर दिन औसतन 99 प्राकृतिक जलधाराओं को स्थायी रूप से खो रहे हैं।

## आंकड़े

### भारत में हीटवेव

भारत में जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भीषण गर्मी जनजीवन, कृषि और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है।

| | |
|---|---|
| 2024 | 200 |
| 2022 | 180 |
| 2016 | 150 |
| 2014 | 140 |
| 2013 | 100 |

आंकड़े भारत में हीटवेव (लू) के, दिनों में। | स्रोत : पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

**वर्षों से समाधिस्थ ऋषि च्यवन के शरीर पर दीमकों का टीला बन गया था। राजा शर्याति की पुत्री सुकन्या की एक अज्ञानतापूर्ण गलती ने उनके जीवन को बदल दिया।**

## सेवा और समर्पण



**अंतर्यात्रा**
संकलित

**पौराणिक** कथाओं के अनुसार, महर्षि च्यवन महर्षि भृगु और उनकी पत्नी पुलोमा के पुत्र थे। जब पुलोमा गर्भवती थीं, तब एक राक्षस उनका अपहरण कर ले गया। उस समय उत्पन्न भय व आघात के कारण गर्भस्थ बालक समय से पूर्व बाहर आ गया। युवावस्था में च्यवन ऋषि ने संसार से विरक्त होकर कठोर तपस्या का मार्ग अपनाया। वे वर्षों तक एक ही स्थान पर समाधिस्थ रहे।

समय बीतने के साथ उनके शरीर के चारों ओर मिट्टी और दीमकों का विशाल टीला बन गया। बाहर से केवल उनकी आंखों की चमक दिखाई देती थी। एक दिन राजा शर्याति अपनी पुत्री सुकन्या और अन्य परिजनों के साथ उस वन में आए। खेलते-खेलते सुकन्या ने उस टीले में दो चमकते बिंदु देखे। उसने एक कांटे से उन्हें छेद दिया, जिससे ऋषि की आंखें घायल हो गईं। इसके परिणामस्वरूप राजा के समस्त दल को असह्य कष्ट होने लगा। जब वास्तविक कारण ज्ञात हुआ, तब राजा ने क्षमा याचना की और सुकन्या का विवाह महर्षि च्यवन से कर दिया। सुकन्या ने पूर्ण निष्ठा, सेवा और समर्पण भाव से अपने वृद्ध पति की सेवा की। उसकी पतिव्रता-शक्ति और अश्विनीकुमारों की कृपा से महर्षि च्यवन को पुनः यौवन, स्वास्थ्य और दिव्य तेज प्राप्त हुआ।

## अमर उजाला

पुराने पन्नों से — 11 जून, 1971

### ताकि शरणार्थी अपने घर लौट सकें



भारत व पाक रूस के लिये महत्वपूर्ण
पाक बंगला शरणार्थी वापस ले
उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल

रूस के प्रधानमंत्री कोसिगिन ने कहा कि भारत व पाकिस्तान के बीच संबंध दक्षिण एशिया की शांति के लिए आवश्यक हैं। पाकिस्तान को तुरंत ऐसे कदम उठाने चाहिए, ताकि पूर्वी बंगाल से भारत आए शरणार्थी अपने घर लौट सकें।

## ओएमआर शीट से आगे का भारत

**जरूरी है कि युवाओं को सुरक्षित नौकरी के भ्रम से निकालकर नवाचार, मूल्य-सृजन और उद्योग निर्माण की ओर प्रेरित किया जाए।**



कुमार रोहित | मुद्दा



प्रयागराज के सलोरी, पटना के मुसल्लहपुर हाट, कोटा की संकरी गलियों और झारखंड-बिहार के छोटे कस्बों में रात दो बजे तक जलती टेबल लैंप की रोशनी केवल पढ़ाई का दृश्य नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की बेचैनी, असुरक्षा और 'सुरक्षित भविष्य' के सपने की अंतिम लौ है। उस छोटे कमरे में बैठा युवा केवल मेडिकल या सरकारी नौकरी की तैयारी नहीं कर रहा, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रश्न यह है कि क्या यह अंतहीन दौड़ उसे सचमुच प्रगति की ओर ले जा रही है, या वह सामाजिक अपेक्षाओं के भंवरजाल में फंस कर अपनी रचनात्मक ऊर्जा गंवा रहा है?

भारत में नीट, यूपीएससी, एसएससी व राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षाएं अब केवल रोजगार का माध्यम नहीं रहीं; वे सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक स्वाभिमान का प्रतीक बन चुकी हैं। वर्ष 2024 में नीट-यूजी के लिए 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जबकि एमबीबीएस की सीटें लगभग 1.10 लाख थीं। यानी एक सीट पर औसतन 22 छात्र प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। यह उस सामाजिक मानसिकता का प्रमाण है, जिसने युवाओं की कल्पनाशक्ति को संकुचित कर दिया है।

लाखों युवा अपने जीवन के पांच से आठ बहुमूल्य वर्ष केवल परीक्षाओं की तैयारी में लगा देते हैं। उनकी युवावस्था का सबसे उत्पादक समय एक ऐसे 'ट्रेडमिल' पर बीतता है, जहां दौड़ने वाले अनगिनत हैं, लेकिन मंजिल तक पहुंचने वाले मुट्ठी भर। इस व्यवस्था को सबसे अधिक बढ़ावा 'कोचिंग इकनॉमी' और सफल प्रतियोगियों के महिमामंडन ने दिया है। सफलता अब एक उत्पाद की तरह बेची जा रही है। परिवार इस उम्मीद में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगा देते हैं कि घर का कोई सदस्य डॉक्टर या प्रशासनिक अधिकारी बन जाए। लेकिन इस प्रक्रिया में युवाओं का जोखिम उठाने का साहस खत्म होने लगता है। यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता का गंभीर संकट है। हमारी शिक्षा व्यवस्था युवाओं को 'क्रिएटर' बनाने के बजाय 'जॉब सीकर' बना रही है।

सोशल मीडिया, रील्स की अंतहीन स्क्रॉलिंग और प्रदर्शन की संस्कृति ने युवाओं की एकाग्रता को बिखेर दिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव और डिजिटल भटकाव मिलकर अवसाद, अकेलेपन और आत्महीनता का ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिसकी दर्दनाक झलक कोटा जैसी जगहों से आने वाली खबरों में दिखती है।

अब प्रश्न केवल परीक्षा प्रणाली में सुधार का नहीं, बल्कि भारत की समग्र विकास-दृष्टि बदलने का है। यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल करना है, तो युवाओं को 'सरकारी नौकरी की कतार' से निकालकर 'उद्योग निर्माण' की दिशा में अग्रसर करना होगा। इसके लिए ख्यातिप्राप्त प्रबंधन और उच्च शिक्षण संस्थानों को 'उद्यम सृजन केंद्रों' में रूपांतरित होना होगा। उच्च शिक्षा में उद्यमिता, स्थानीय उद्योग, सूक्ष्म-विनिर्माण और कृषि-आधारित उद्योगों को वही महत्व देना होगा, जो आज कॉरपोरेट प्लेसमेंट को प्राप्त है। युवाओं में यह विश्वास जगाना होगा कि वे केवल नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नए रोजगार, उद्योग और नए भारत के निर्माता भी बन सकते हैं। दूसरा महत्वपूर्ण कदम ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों का औद्योगिकीकरण है। भारत के गांव केवल सस्ते श्रम के केंद्र नहीं, बल्कि अगली औद्योगिक क्रांति का आधार बन सकते हैं। कृषि-प्रसंस्करण, मिलेट (श्रीअन्न), वनौषधि, खाद्य प्रसंस्करण, बांस उद्योग और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। यदि ग्रामीण युवाओं को उन्नत तकनीक, सुलभ वित्त और प्रभावी विपणन सहायता मिले, तो छोटे कस्बों में ही हजारों सूक्ष्म उद्योग विकसित किए जा सकते हैं।

इस संदर्भ में चीन का 'टाउनशिप एंड विलेज एंटरप्राइजेज' मॉडल और जर्मनी का 'मितलस्टैंड' मॉडल हमारे लिए अनुकरणीय हो सकते हैं, जिन्होंने स्थानीय लघु उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया। हमें मुद्रा और पीएमईजीपी जैसी योजनाओं को कागजी आंकड़ों से निकालकर वास्तविक युवा उद्यमिता से जोड़ना होगा। जब तक हर कौशल, श्रम और उद्यम को समान सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक युवा सीमित नौकरियों की मृगतृष्णा में अपना समय और ऊर्जा झोंकते रहेंगे।

भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा शक्ति है। अब समय है कि युवाओं को सुरक्षित नौकरी के भ्रम से निकालकर नवाचार, मूल्य-सृजन और उद्योग निर्माण की ओर प्रेरित किया जाए। राष्ट्र नौकरी खोजने वालों से नहीं, बल्कि अवसर और भविष्य गढ़ने वालों से महान बनते हैं।

# कच्चे तेल में उबाल और डॉलर के मजबूत होने से सोना 4,300 रुपये टूटा, चांदी 10,000 सस्ती

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के बीच बहुमूल्य धातुओं की मांग घटने से बुधवार को सोने एवं चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट आई।

दिल्ली सराफा बाजार में 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,300 रुपये या करीब तीन फीसदी घटकर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर आ गई। चांदी में 10,000 रुपये या चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और यह 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 90.53 डॉलर टूटकर 4,168.99 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी गिरकर 63.87 डॉलर प्रति औंस रही। एजेंसी




### ब्याज दरें बढ़ने की आशंका से भी बढ़ा दबाव

*विश्लेषकों ने कहा, अमेरिका-ईरान तनाव फिर बढ़ने से कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। पीएल वेल्थ के प्रमुख राजकुमार सुब्रमण्यन ने कहा, ऊर्जा कीमतों में उछाल से महंगाई के लंबे समय तक ऊपर बने रहने और ब्याज दरें ऊंची बनी रहने की आशंका बढ़ी है। इससे सोने-चांदी की लेकर आकर्षण में कमी आई है। इसके अलावा,* ***अमेरिकी बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ने से भी सराफा कीमतों पर दबाव देखने को मिला है।***

# अमेरिका में तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची महंगाई, भारतीय शेयर बाजारों की बढ़ेगी मुश्किल



**नई दिल्ली।** ईरान संकट के कारण पेट्रोल और अन्य ऊर्जा उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से मई में अमेरिका की उपभोक्ता महंगाई दर तीन वर्षों में सबसे तेज गति से बढ़ी। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों को 2027 तक अपरिवर्तित रखने के लिए और अधिक ठोस आधार दे दिया है।

श्रम विभाग के ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स ने बुधवार को कहा, मई तक के 12 महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में 4.2 फीसदी की वृद्धि हुई, जो अप्रैल, 2023 के बाद से सर्वाधिक बढ़ोतरी है। अप्रैल में सालाना आधार पर सीपीआई में 3.8 फीसदी वृद्धि हुई थी। अप्रैल में 0.6 फीसदी वृद्धि के बाद मासिक आधार पर कीमतों में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

सीपीआई में लगातार तीसरे महीने हुई बढ़ोतरी ने परिवारों पर बढ़ते दबाव को रेखांकित किया है, क्योंकि इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि उपभोक्ता अपने खर्चों को पूरा करने के लिए बचत का उपयोग कर रहे हैं। महंगाई दर लगातार दूसरे महीने वेतन वृद्धि से अधिक रही, जो समग्र आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकती है।

भारतीय शेयर बाजार पर इसके असर पर कमोडिटी समाचार के बाजार विश्लेषक राजेश शर्मा कहते हैं कि अमेरिकी महंगाई बढ़ने से डॉलर इंडेक्स और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में मजबूती आएगी। जब अमेरिका में बिना जोखिम अच्छा रिटर्न मिलता है, तो एफआईआई भारत जैसे उभरते बाजारों से पैसा निकालकर अमेरिकी बॉन्ड में लगाते हैं। इससे भारतीय बाजारों में बिकवाली या मुनाफावसूली हो सकती है। भारतीय आईटी और फार्मा कंपनियां भी कमाई के एक बड़े हिस्से के लिए अमेरिकी ग्राहकों पर निर्भर हैं। ■ बोनस डेस्क

## एक्सप्लेनर

### आर्थिक कमजोरी या एआई की लहर

# क्यों नजरों से उतर गईं भारतीय कंपनियां?

**पिछले 26 साल में जो नहीं हुआ, वह अब कैसे हो गया... भारत की मजबूत कंपनियों को किसने और क्यों पछाड़ा?**

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स के शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान शेयरों की सूची में अब एक भी भारतीय कंपनी नहीं है। शीर्ष-100 कंपनियों में भी कोई भारतीय नहीं है। 100 अरब डॉलर से बड़े मार्केट कैप वाले क्लब में सिर्फ तीन कंपनियां (रिलायंस, एचडीएफसी, एयरटेल) बची हैं, जिनकी संख्या पहले 6 थी।

इसका कारण भारत की आर्थिक कमजोरी नहीं है, बल्कि दुनिया में आई एआई की लहर है। इसने उभरते बाजारों का नक्शा ही बदल दिया है और भारत अब इसके असर को महसूस करने लगा है।

### एमएससीआई इंडेक्स की आखिर क्या है अहमियत?

■ एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स दुनिया के बड़े विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए बेंचमार्क की तरह है। दुनियाभर का 700 अरब डॉलर का पैसिव फंड इस इंडेक्स पर नजर रखता है और इसी के आधार पर अलग-अलग देशों के शेयर बाजारों में निवेश करता है।

■ जब इंडेक्स में किसी देश का वजन बढ़ता है, तो विदेशी पूंजी अपने आप उस देश के बाजारों में खिंची चली आती है। इसका प्रभाव जब घटता है, तो विदेशी निवेशक अपना पैसा निकालने लगते हैं। **इस समय भारत का प्रभाव इस इंडेक्स में लगातार नीचे खिसक रहा है।**



■ ***कहां थे हम और कहां आ गए :*** *कुछ महीने पहले यानी मार्च तक इस इंडेक्स के शीर्ष-10 में भारत के दो सबसे बड़े दिग्गज एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज क्रमशः 7वें एवं 8वें स्थान पर काबिज थे। अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। एचडीएफसी बैंक खिसककर 11वें और रिलायंस 12वें स्थान पर आ गई है। सिर्फ रैंकिंग ही नहीं गिरी है, बल्कि इंडेक्स में भारत का कुल वेटेज घटकर 6 साल के निचले स्तर 10.87 फीसदी पर आ गया है। यह 2024 में दर्ज किए गए रिकॉर्ड स्तर से करीब आधा है।*

### कैसे पलटा पासा?

■ यह कहानी वैश्विक निवेशकों की बदलती पसंद की है। दुनियाभर के निवेशक एआई और सेमीकंडक्टर कंपनियों पर फिदा हैं। ताइवान की टीएसएमसी, दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनेक्स के शेयरों में 48 से लेकर 194 फीसदी तक का तगड़ा उछाल आया है।

■ **भारतीय आईटी कंपनियां पारंपरिक सॉफ्टवेयर सर्विसेज में ही उलझी रहीं, जिससे वे इस तेजी का लाभ नहीं उठा सकीं।** 2025 के शुरू में भारतीय आईटी शेयरों में विदेशी निवेशकों का 81 अरब डॉलर लगा था, जो अब मई में घटकर 40 अरब डॉलर रह गया है। ■ बोनस डेस्क

### किसने मारी बाजी?

यह बुनियादी ढांचा भारत में नहीं, बल्कि ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन में मौजूद है। टीएसएमसी, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनिक्स जैसी कंपनियां इस एआई युग की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी हैं। जैसे ही इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन आसमान पर पहुंचा, एमएससीआई इंडेक्स में ऊपर छलांग लगा दी और भारत की दिग्गज कंपनियों को नीचे धकेल दिया। स्थिति यह है कि इस इंडेक्स के 70 फीसदी हिस्से पर अभी सिर्फ ताइवान, द. कोरिया और चीन का कब्जा है।

## न्यूज डायरी

### इटरनल को 9.63 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** जोमैटो और क्विक कॉमर्स ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटरनल को आंध्र प्रदेश के कर अधिकारियों से 9.63 करोड़ रुपये का जीएसटी मांग नोटिस मिला है। नोटिस में 6.48 करोड़ की कर मांग, 2.49 करोड़ रुपये ब्याज और 64.87 लाख रुपये का जुर्माना शामिल हैं। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों को बताया, यह मांग नोटिस अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 की अवधि के दौरान कर के कथित कम भुगतान से जुड़ा है। इटरनल ने कहा, इससे कंपनी पर वित्तीय असर नहीं पड़ेगा। एजेंसी

### भारतीय कंपनियों का विदेश में निवेश घटा

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों की विदेश में प्रत्यक्ष निवेश प्रतिबद्धताएं मई, 2026 में घटकर 4.49 अरब डॉलर रह गईं, जो अप्रैल, 2026 के 8.84 अरब डॉलर से 49.02 फीसदी कम है। यह गिरावट इक्विटी निवेश, विदेशी ऋण और गारंटी जारी करने में कमी के कारण आई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, इस गिरावट के बावजूद सालाना आधार पर भारतीय कंपनियों की देश के बाहर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रतिबद्धताएं 34.6 फीसदी बढ़ी हैं। मई, 2025 में यह आंकड़ा 3.34 अरब डॉलर था। एजेंसी

### ईरान युद्ध के कारण बाजार में उथल-पुथल से निवेशकों ने पीछे खींचे कदम

# म्यूचुअल फंड निवेश 40 फीसदी घटा गोल्ड ईटीएफ से 13 माह बाद निकासी

बोनस डेस्क

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया 104 दिनों से जारी तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भारतीय निवेशकों के भरोसे पर दोहरा प्रहार किया है। शेयर बाजार में भारी उथल-पुथल के चलते जहां मई, 2026 में इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में शुद्ध निवेश घटकर एक साल के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, सोने की खरीद रोकने की सरकारी अपील और ऊंची कीमतों पर मुनाफावसूली के कारण गोल्ड ईटीएफ से भी 13 महीने तक लगातार निवेश के बाद पहली बार निकासी हुई है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, मई में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 40 फीसदी घटकर 22,908 करोड़ रुपये रह गया। यह मई, 2025 के बाद सबसे कम है। अप्रैल में यह निवेश 38,440 करोड़ रुपये था।

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निवेशकों ने बीते महीने 725 करोड़ निकाल लिए। यह अप्रैल, 2025 के बाद से गोल्ड ईटीएफ से पहली निकासी है, तब 5.82 करोड़ निकले थे। अप्रैल, 2026 में 3,040 करोड़ का निवेश आया था।




### सभी प्रमुख श्रेणियों में रही सुस्ती

मई में म्यूचुअल फंड की सभी प्रमुख श्रेणियों में सुस्ती रही। स्मॉलकैप, मिडकैप और लार्जकैप फंडों में निवेश क्रमशः 28.2 फीसदी, 33.2 फीसदी और 36.9 फीसदी घट गया। हालांकि, फ्लेक्सी कैप फंड्स ने सबसे ज्यादा 5,175 करोड़ का निवेश आकर्षित किया।

विभिन्न फंडों में निवेश (करोड़ में)

| फंड | शुद्ध प्रवाह |
|---|---|
| फ्लेक्सी कैप | 5,175 |
| स्मॉलकैप | 4,945 |
| मिडकैप | 4,385 |
| लार्जकैप | 1,593 |

### एसआईपी बना हुआ है मजबूत कवच

*सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी योगदान भी मई में मामूली घटकर 30,954 करोड़ (अप्रैल में 31,115 करोड़ रुपये) रहा, लेकिन यह अब भी बाजार के लिए मजबूत सुरक्षा कवच बना हुआ है। एसआईपी का एयूएम बढ़कर 17.12 लाख करोड़ हो गया, जो उद्योग के कुल एयूएम का 21 फीसदी है।*

### एयूएम में भी गिरावट

समग्र रूप से देखें तो अप्रैल के 3.22 लाख करोड़ के शुद्ध निवेश के मुकाबले म्यूचुअल फंड उद्योग ने मई में 64,000 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी दर्ज की। इसका कारण ऋण-आधारित योजनाओं से 96,948 करोड़ की भारी निकासी रहा। नतीजतन, म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधित परिसंपत्तियां (एयूएम) मई अंत में घटकर 81.6 लाख करोड़ रुपये रह गईं, जो अप्रैल में 81.92 लाख करोड़ रुपये थीं।

### गोल्ड ईटीएफ : 70,000 करोड़ से अधिक निवेश

आंकड़ों के मुताबिक, मई, 2025 से लेकर अब तक गोल्ड ईटीएफ ने 70,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। हालांकि, ताजा गिरावट के बाद भी गोल्ड ईटीएफ का एयूएम) मई अंत में बढ़कर 1,84,571 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जो अप्रैल के अंत में 1,78,110 करोड़ रुपये रहा था।

# कपड़ा पीएलआई : 96 कंपनियां चुनी गईं, करेंगी 12,822 करोड़ का निवेश



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत कुल 96 कंपनियों का चयन किया है। इन कंपनियों ने 12,822.67 करोड़ रुपये के निवेश और 58,294.18 करोड़ रुपये के अनुमानित टर्नओवर की प्रतिबद्धता जताई है। तीसरे चरण की इस बैठक में योजना के तहत 22 नए आवेदकों को मंजूरी दी गई है।

कपड़ा मंत्रालय ने बुधवार को बताया, मंजूरी पाने वाली 22 कंपनियों से 2,339.14 करोड़ रुपये का निवेश आने, नोटिफाइड उत्पादों से 15,561.34 करोड़ का अनुमानित टर्नओवर होने और कपड़ा आपूर्ति श्रृंखला में रोजगार के 36,217 नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

मंजूरी पाने वाले आवेदक पीएलआई योजना के मुख्य फोकस क्षेत्रों से जुड़े हैं, जिनमें मैन-मेड फाइबर (एमएमएफ) के कपड़े, फैब्रिक और टेक्निकल टेक्सटाइल शामिल हैं। इससे वैल्यू-एडेड टेक्सटाइल विनिर्माण के वैश्विक हब के तौर पर भारत की स्थिति और मजबूत होगी। प्रस्तावित निवेश और उत्पादन क्षमताएं देश के भीतर एक मजबूत एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कपड़ा तंत्र विकसित करने में मदद करेंगी। एजेंसी

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### बैंक ऑफ बड़ौदा में संभावनाएं

जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंट व अन्य पदों पर रिक्तियां



**5,000 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 15 जून, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 20 वर्ष व अधिकतम 28 वर्ष
यहां आवेदन करें : bankofbaroda.bank.in

### यूपीएसएसएससी की अधिसूचना ■ 722 पद

आबकारी सिपाही के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 24 जून, 2026
वेतनमान : रुपये 19,900 से रुपये 63,200 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : upsssc.gov.in

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय ■ 543 पद

आरओ, एआरओ व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 21 जून, 2026
पात्रताएं : बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : allahabadhighcourt.in

### पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ■ 167 पद

सफाई सेवक व माली के पदों पर निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि : 30 जून, 2026
पात्रताएं : हिंदी, क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : highcourtchd.gov.in

### मंत्रिमंडल सचिवालय ■ 25 पद

सीनियर फील्ड ऑफिसर के पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि : 12 जुलाई, 2026
पात्रताएं : ग्रेजुएशन, मास्टर व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : cabsec.gov.in

### ईसीआईएल में आवेदन आमंत्रित ■ 21 पद

प्रोजेक्ट इंजीनियर व अन्य पदों के लिए करें आवेदन
वॉक-इन-इंटरव्यू की अंतिम तिथि : 15-19 जून, 2026
पात्रताएं : बीई, बीटेक, डिप्लोमा व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : ecil.co.in

### विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन जारी...

एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड : मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पद खाली।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 24 जून, 2026
■ aiasl.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना : जूनियर रिसर्च फेलो का पद रिक्त।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 14 जून, 2026
■ iitp.ac.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

## एजुकेशन & कॅरिअर

अपनी क्षमता पहचानें, वही आपकी सबसे बड़ी मार्गदर्शक है।

# भीड़ के पीछे न भागें

*जेईई एडवांस्ड के परिणाम के बाद कॉलेज व ब्रांच का चयन भीड़ देखकर नहीं, बल्कि रुचि व भविष्य की संभावनाओं को समझकर करें*



आलोक पांडेय
तकनीकी सलाहकार

जेईई एडवांस्ड-2026 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। हजारों मेधावी छात्र अब देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश की तैयारी कर रहे हैं। इस समय उनके सामने सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि कौन-सा संस्थान चुनें और कौन-सी शाखा (ब्रांच) चुनें? दुर्भाग्यवश, आज अधिकांश विद्यार्थी और अभिभावक इस निर्णय को गहन सामाजिक धारणाओं और भीड़ की मानसिकता के आधार पर ले रहे हैं। यदि किसी छात्र से पूछा जाए कि वह कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग या डाटा साइंस क्यों चुनना चाहता है, तो अधिकांश का उत्तर होता है कि इसका बहुत स्कोप है, सब लोग यही ले रहे हैं या इसमें पैकेज अच्छा मिलता है। लेकिन क्या केवल यही कारण पर्याप्त हैं?

**■ स्वयं से प्रश्न पूछें**

ब्रांच चुनने से पहले हर विद्यार्थी को स्वयं से कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने चाहिए कि मुझे कौन-सा विषय पढ़ने में वास्तव में आनंद आता है, मैं किस प्रकार की समस्याओं को हल करना पसंद करता हूं, क्या मैं इस क्षेत्र में अगले 10 से 15 वर्षों तक काम करते हुए स्वयं को देख सकता हूं, क्या मैं केवल भीड़ का अनुसरण कर रहा हूं, और क्या मैंने उस क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं को सही ढंग से समझा है? इन प्रश्नों के ईमानदार उत्तर ही सही कॅरिअर निर्णय लेने में मदद करते हैं।

**■ एआई और डिजिटल स्किल्स को जोड़ें**

एआई सिर्फ एक अलग ब्रांच नहीं है, बल्कि एक ऐसी तकनीक है, जो लगभग हर फील्ड में इस्तेमाल होगी। यह सोचना गलत है कि एआई सिर्फ कंप्यूटर साइंस वालों के लिए है। आगे चलकर मैकेनिकल इंजीनियर स्मार्ट मशीनें बनाएंगे, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर एआई-आधारित सिस्टम विकसित करेंगे, बायोटेक इंजीनियर नई दवाओं पर काम करेंगे और टेक्सटाइल व स्पोर्ट्स इंजीनियर भी एआई का इस्तेमाल करेंगे। इसलिए भविष्य उन्हीं का है, जो अपनी ब्रांच के साथ एआई और डिजिटल स्किल्स को जोड़ सकें।

**■ इनोवेटिव सोच है जरूरी**

भविष्य केवल कोड लिखने वालों का नहीं होगा, बल्कि आज असली जरूरत ऐसे इंजीनियरों की है, जो नई समस्याओं के नए समाधान निकाल सकें। चाहे वह ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी समस्याएं हों, शहरी ट्रैफिक सिस्टम हो, या फिर हेल्थकेयर और एनर्जी से जुड़ी चुनौतियां, हर जगह इनोवेशन की जरूरत है। जो छात्र अपनी ब्रांच में रहते हुए 'क्या बेहतर किया जा सकता है' वाली सोच विकसित करते हैं, वही आगे चलकर बड़े प्रोजेक्ट्स में आगे बढ़ते हैं।

- *किसी भी ब्रांच को सिर्फ उसकी लोकप्रियता के आधार पर न चुनें।*
- *यह सोचें कि आप किस तरह की समस्याओं को हल करना पसंद करते हैं और उसी दिशा में आगे बढ़ें।*
- *अपनी ब्रांच के साथ एआई और डिजिटल स्किल्स को जोड़ने की आदत बनाएं, इससे अवसर कई गुना बढ़ जाते हैं।*

**■ ब्रांच नहीं, दृष्टिकोण अहम है**

ब्रांच का चयन केवल इसलिए न करें कि वह लोकप्रिय है या अधिकांश छात्र उसे चुन रहे हैं। हर छात्र की रुचि और लक्ष्य अलग होते हैं। इसलिए निर्णय लेते समय अपनी पसंद, योग्यता और भविष्य की योजनाओं को प्राथमिकता दें। सही चुनाव वही है, जो आपकी पहचान और आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

#### इंटर्नशिप प्रोग्राम

### डीआरडीओ की इंटर्नशिप

- पात्रताएं : बीई, बीटेक, एमई, एमटेक व एमएससी
- अवधि : छह माह
- रिक्तियां : 40
- स्टाइपेंड : 30,000 रुपये
- आवेदन की अंतिम तिथि : 15 जून, 2026
- आधिकारिक लिंक tinyurl.com/8vvehhky

#### आवेदन आमंत्रित

### ईपीएफएल सीवाईडी फेलोशिप

- पात्रताएं : पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री
- अवधि : छह से चार वर्ष
- लाभ : वेतन, जीवनयापन भत्ता, शोध भत्ता, सम्मेलन का खर्च।
- अंतिम तिथि : 19 अगस्त, 2026
- आवेदन लिंक : tinyurl.com/mt5xxnvz

#### एग्जाम अलर्ट

### यूकेएसएसएससी वीडीओ, पटवारी आदि परीक्षा-2025

- परीक्षा की तिथि : 14 जून, 2026
- इस परीक्षा में मानसिक योग्यता और तर्क शक्ति, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान जैसे विषयों से बहुविकल्पीय प्रकार के 100 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है।
- यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें uksssc.co.in

### एनटीए स्वयं परीक्षा-2026

- परीक्षा की तिथि : 17-21 जून, 2026
- सेक्शन-ए में बहुविकल्पीय प्रकार के 20 प्रश्न सीबीटी मोड में होंगे। सेक्शन-बी में 10 लघु उत्तरीय प्रश्न और सेक्शन-सी में सात दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ऑफलाइन मोड में पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि तीन घंटे निर्धारित है।
- यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें tinyurl.com/27zan8dh

#### सामान्य ज्ञान

### ई-जागृति प्लेटफॉर्म

**■ क्या है**

ई-जागृति एक एआई आधारित और पूरी तरह पेपरलेस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। इसके जरिये उपभोक्ता अदालतों के मामलों की सुनवाई और प्रक्रिया ऑनलाइन हो सकती है, जिससे अदालत में बार-बार जाने की जरूरत कम हो जाती है।

**■ चर्चा में क्यों**

उपभोक्ता मामलों के विभाग के एआई आधारित ई-जागृति प्लेटफॉर्म को ई-गवर्नेंस 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों में सिल्वर अवॉर्ड मिला है।

### पायरोप्रोसेसिंग

**■ क्या है**

पायरोप्रोसेसिंग एक उच्च तापमान वाली तकनीक है, जिसका उपयोग सीमेंट, धातु और परमाणु उद्योगों में किया जाता है। न्यूक्लियर क्षेत्र में इससे इस्तेमाल हो चुके परमाणु ईंधन को दोबारा उपयोग के लिए तैयार किया जाता है।

**■ चर्चा में क्यों**

हाल ही में चर्चा में रहे पायरोप्रोसेसिंग का उपयोग एडवांस्ड फास्ट रिएक्टर कार्यक्रम में इस्तेमाल हो चुके न्यूक्लियर फ्यूल को दोबारा उपयोग योग्य बनाने में किया जा रहा है।

## आज का दिन

11 जून, 2010

19वां फीफा विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में आयोजित हुआ था। यह पहला विश्व कप था जो किसी अफ्रीकी देश में खेला गया और इसका खिताब स्पेन ने जीता।




- ■ 1897 : राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म हुआ था।
- ■ 1982 : अमेरिकी फिल्म 'ईटी : द एक्स्ट्रा-टेरेस्ट्रियल' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।
- ■ 1997 : भारत के प्रसिद्ध लम्बी दूरी के तैराक मिहिर सेन का निधन हुआ था।
- ■ 2002: रियलिटी टीवी शो 'अमेरिकन आइडल' का शुभारंभ फॉक्स नेटवर्क पर हुआ था।

## व्रत त्योहार

आज : द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी।
कल : ग्रीष्म ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
राहुकाल : प्रातः 10.30 से 12.00 तक।

■ सूर्योदय : 05.27
■ सूर्यास्त : 19.14
(भारतीय मानक समयानुसार)

## कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2083, 22 ज्येष्ठ मास शक 1948, ज्येष्ठ मास 29 प्रविष्टे, 25 जिल्हेज हिजरी 1447, द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी 19.36 तक उपरांत त्रयोदशी, अश्विनी नक्षत्र 06.28 तक उपरांत भरणी नक्षत्र 28.05 तक तदोपरांत कृतिका नक्षत्र, अतिगंड योग 21.25 तक उपरांत सुकर्मा योग, कौलव करण 09.06 तक उपरांत तैतिल करण, चंद्रमा मेष राशि में दिन-रात।

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** व्यवहार कुशलता बनाए रखें। नौकरी में मान-सम्मान बना रहेगा। विरोधी पक्ष से सचेत रहें।

**वृष :** मानसिक तनाव बना रहेगा। सहोदरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में मन नहीं लगेगा। व्यवसाय में मंदी रहेगी।

**मिथुन :** वाद-विवाद से बचें। आध्यात्मिक व्यक्ति से भेंट हो सकती है। नौकरी में स्थिति यथावत रहेगी।

**कर्क :** नई योजना में सफलता मिलेगी। नौकरी में दबदबा बना रहेगा। राजकाज में विलंब होगा।

**सिंह :** भाग्य सहायक रहेगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद का कार्य बन सकता है।

**कन्या :** उतावलेपन से कार्य हानि होगी। अजनबी पर भरोसा करने से बचें। धनागम का अवसर मिलेगा।

**तुला :** आजीविका प्राप्ति में सफलता मिलेगी। आय का नया स्रोत बन सकता है। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** परिश्रम के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भू-संपत्ति से लाभ संभव है। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे।

**धनु :** विरोधी कुचेष्टारत रहेंगे। संपत्ति संबंधी कार्य अधूरा रहेगा। नौकरी में कार्य भार बढ़ेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

**मकर :** दिनमान अनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य कुशलता का लाभ मिलेगा। भू-संपति का सौदा हो सकता है।

**कुंभ :** पूर्वनियोजित कार्य में सफलता मिलेगी। मनोकामना पूर्ति का अवसर मिलेगा। नौकरी में सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** आलस्य पर नियंत्रण रखें। कार्य विशेष में सफलता के योग हैं। पुराने साथी से भेंट हो सकती है।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | | 9 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | | | |
| | | 5 | | | 1 | | | 8 |
| 5 | | | | | | | 7 | |
| | | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | | |
| | 6 | | | | | | | 1 |
| 6 | | | 1 | | | 4 | | |
| | | | 5 | | 6 | | | |
| | | | | 4 | | 3 | 6 | 7 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |

# एजेंटिक एआई के लिए करें तैयारी

एआई का अगला दौर केवल जवाब देने का नहीं, बल्कि काम पूरा करने का है। 'एजेंटिक एआई' की यह नई तकनीक अब योजना बनाने, निर्णय लेने और कई चरणों वाले कार्यों को पूरा करने में मदद कर रही है। यही कारण है कि दुनिया भर की कंपनियां इसे तेजी से अपना रही हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। इसके साथ ही ऐसे पेशेवरों की मांग बढ़ रही है, जो एआई के साथ मिलकर प्रभावी ढंग से काम कर सकें। इस क्षेत्र में उभरते अवसरों के बारे में बता रही हैं तृप्ति मिश्रा



एजेंटिक एआई को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अगले चरण के रूप में देखा जा रहा है। यही वजह है कि इसका इस्तेमाल ग्राहक सेवा, भर्ती, डाटा विश्लेषण और प्रशासनिक कार्यों जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ओपनएआई, सेल्सफोर्स और ओरेकल जैसी कंपनियां इस तकनीक को तेजी से अपना रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार करीब 62 फीसदी कंपनियां एआई एजेंट्स का परीक्षण या प्रयोग शुरू कर चुकी हैं, जबकि 88 फीसदी कंपनियां किसी न किसी रूप में एआई का उपयोग कर रही हैं। भारत में भी रुझान तेजी से बढ़ रहा है, खासकर आईटी और कॉरपोरेट सेक्टर में, जहां कंपनियां इसे कामकाज में शामिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

## क्या है एजेंटिक एआई

एजेंटिक एआई पारंपरिक एआई से एक कदम आगे की तकनीक है, जो केवल सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं है। यह किसी दिए गए लक्ष्य को समझकर उसे पूरा करने के लिए खुद योजना बनाता है और सॉफ्टवेयर टूल्स को अपनाकर जरूरी कामों को आगे बढ़ाता है। कामकाज की दुनिया में यह रिपोर्ट तैयार करने, डाटा समझने, ईमेल और शेड्यूल संभालने जैसे कामों में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, यह किसी यात्रा या प्रोजेक्ट की पूरी योजना बनाकर अलग-अलग विकल्प, समय-सारिणी और अनुमानित खर्च तक तैयार कर सकता है।

## क्यों बढ़ रही मांग

कंपनियां अब ऐसे एआई सिस्टम चाहती हैं, जो जानकारी देने के बजाय कई चरणों वाले कार्य खुद पूरा कर सकें। ग्राहक सेवा, डेटा विश्लेषण, सॉफ्टवेयर विकास और अन्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं में ऑटोमेशन की बढ़ती जरूरत एजेंटिक एआई की मांग को बढ़ा रही है। भारत का मजबूत डिजिटल ढांचा, बड़ी आईटी कंपनियां, ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स और देश की बहुभाषी जरूरतें भी इसके विस्तार को गति दे रही हैं। साथ ही, 'इंडिया एआई' मिशन जैसी सरकारी पहल एआई अनुसंधान और बुनियादी ढांचे को मजबूत बना रही हैं।

## तकनीक से बदलती जरूरतें

एआई के कारण कुछ दोहराव वाले और नियम-आधारित कार्य, जैसे डाटा एंट्री, बेसिक ग्राहक सहायता और कुछ प्रशासनिक प्रक्रियाएं, काफी हद तक स्वचालित हो सकती हैं। कर्मचारियों की भूमिका धीरे-धीरे काम करने वाले व्यक्ति से बदलकर एआई की निगरानी, निर्णय लेने और जटिल समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो जाएगी। भविष्य में उन लोगों को अधिक अवसर मिल सकते हैं, जो तकनीकी समझ के साथ रचनात्मक सोच, विश्लेषण और मानवीय निर्णय क्षमता का बेहतर उपयोग कर सकें।

## कौन-से कोर्स काम के

■ जेनरेटिव एआई ■ मशीन लर्निंग ■ डाटा साइंस ■ एआई फॉर बिजनेस ■ एआई और साइबर सुरक्षा ■ क्लाउड कंप्यूटिंग ■ एआई आधारित ऑटोमेशन

## हर छात्र के लिए अवसर

इंजीनियरिंग, साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स, मैनेजमेंट, मीडिया या किसी भी विषय के छात्र और कामकाजी युवा इन्हें सीख सकते हैं। शुरुआती स्तर पर एआई टूल्स, डाटा और डिजिटल स्किल्स की समझ विकसित करना पर्याप्त है। रुचि व करियर लक्ष्य के अनुसार प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस, मशीन लर्निंग या ऑटोमेशन में विशेषज्ञता हासिल की जा सकती है।

## कौन से संस्थान देंगे प्रशिक्षण

आईआईटी मद्रास, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी हैदराबाद और आईआईआईएससी बेंगलुरु जैसे संस्थान एडवांस्ड एआई और मशीन लर्निंग के सर्टिफिकेट कोर्स, एआई में पोस्ट ग्रेजुएट और एडवांस कोर्सेज प्रदान कराते हैं। इनमें एजेंटिक एआई के कॉन्सेप्ट्स शामिल होते हैं।

## अपस्किलिंग के लिए

■ एनपीटीईएल पर आईआईटी और आईआईएससी द्वारा संचालित पायथन, एआई, मशीन लर्निंग और डाटा साइंस जैसे तकनीकी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। ■ स्वयं पर एआई, डेटा साइंस और कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी से जुड़े निशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। ■ कोर्सेरा और उडेमी पर एआई, मशीन लर्निंग, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और अन्य व्यावहारिक कौशलों के ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। गूगल स्किल शॉप, माइक्रोसॉफ्ट लर्न जैसे मंच भी हैं।

## संभावित वेतन कितना

कौशल, अनुभव और कंपनी के अनुसार अलग-अलग होता है। आमतौर पर एंट्री-लेवल पेशेवरों को 6-15 लाख रुपये सालाना, जबकि अनुभवी विशेषज्ञों को 30 लाख रुपये या उससे अधिक का पैकेज मिल सकता है।

## विशेषज्ञ की राय



एजेंटिक एआई के दौर में कर्मचारी एआई एजेंट्स के साथ मिलकर काम करेंगे। युवाओं को पायथन, एसक्यूएल, डाटा विश्लेषण, क्लाउड की बुनियादी समझ और एआई टूल्स का उपयोग सीखना चाहिए। एआई इंजीनियर, एआई प्रोडक्ट मैनेजर, एआई गवर्नेंस स्पेशलिस्ट और एआई सिक्योरिटी एक्सपर्ट जैसी नई भूमिकाएं भी तेजी से उभर रही हैं। शुरुआत करने वाले छात्र माइक्रोसॉफ्ट लर्न, डीपलर्निंग.एआई और गूगल क्लाउड स्किल्स बूस्ट जैसे मंच से सीख सकते हैं। अगले छह महीने में एक छोटा एआई प्रोजेक्ट बनाकर गिटहब पर साझा करना किसी भी प्रमाणपत्र से अधिक प्रभावशाली साबित हो सकता है।

–आशुतोष श्रीनेत, क्लाउड इंजीनियरिंग मैनेजर

## इन क्षेत्रों में बनेंगे अवसर

■ एआई इंजीनियर ■ प्रॉम्प्ट इंजीनियर / एआई इंटरेक्शन ■ स्पेशलिस्ट डाटा साइंटिस्ट और साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट ■ एआई ऑपरेशंस मैनेजर ■ एआई प्रोडक्ट मैनेजर ■ एआई इंटीग्रेशन स्पेशलिस्ट

## किनके लिए फायदेमंद

एजेंटिक एआई के क्षेत्र में तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों तरह के छात्रों के लिए अवसर मौजूद हैं। तकनीकी पृष्ठभूमि वाले छात्र जैसे कंप्यूटर साइंस, आईटी, डेटा साइंस, एआई, इलेक्ट्रॉनिक्स और गणित या सांख्यिकी से जुड़े क्षेत्र में काम कर सकते हैं। वहीं, गैर-तकनीकी छात्र जैसे मैनेजमेंट, वाणिज्य, कला, मीडिया, कानून और मनोविज्ञान के छात्र भी इस क्षेत्र में भूमिका निभा सकते हैं। गैर-तकनीकी छात्रों के लिए अवसर मुख्य रूप से डोमेन विशेषज्ञता, एआई के उपयोग की समझ, प्रॉम्प्ट आधारित काम, एआई प्रोडक्ट मैनेजमेंट और एथिक्स जैसे क्षेत्रों में हैं। इसके अलावा नो-कोड और लो-कोड टूल्स की मदद से बिना गहरी प्रोग्रामिंग के भी एआई आधारित वर्कफ्लो तैयार किए जा सकते हैं।

## गूगल सर्च भी बनेगा एजेंटिक एआई

अब तक सर्च इंजन केवल जानकारी और लिंक देते थे, लेकिन एजेंटिक एआई के साथ वे काम पूरा करने में भी मदद कर सकेंगे। उदाहरण के लिए, प्रेजेंटेशन तैयार करने के लिए एआई जानकारी जुटाने, मुख्य बिंदु सुझाने और सामग्री तैयार करने में सहायता कर सकता है। ऐसे बदलाव नियमित काम सरल बनाएंगे और एआई के साथ मिलकर काम करने वाले लोगों की अहमियत बढ़ाएंगे।

## हिन्दुस्तान क्विज-9

हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...



1. किस हिन्दुस्तानी महिला को पहली बार साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था?
2. ब्रह्मपुत्र नदी जब बांग्लादेश में प्रवेश करती है, तो उस नदी को किस नाम से पुकारा जाता है?
3. सत्तर और अस्सी के दशक में खेलने वाले किस हिन्दुस्तानी क्रिकेटर को कर्नल के नाम से जाना जाता था?
4. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले एक मात्र हिन्दुस्तानी साहित्यकार, जो अंग्रेजी में लिखते हैं, उनका नाम बताएं?
5. हिन्दुस्तान की सबसे विशाल चीनी मिल, जो एशिया की भी सबसे विशाल चीनी मिल है, कहां पर स्थित है?
6. दिल्ली में स्थित ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध लाल किला को मुगल काल में किस नाम से जाना जाता था?
7. किस हिन्दुस्तानी का नाम हड़प्पा सभ्यता के खोज से जुड़ा हुआ है?
8. हिन्दू धर्म के सबसे पवित्र मंत्रों में शामिल गायत्री मंत्र की रचना किसने की थी?
9. दुनिया की सबसे पुरानी भाप इंजन से चलने वाली ट्रेन हिन्दुस्तान में है। उसका नाम क्या है?
10. दुनिया का सबसे ऊंचाई में स्थित क्रिकेट का मैदान हिंदुस्तान में कौन-सी जगह स्थित है?

उत्तर : 1. अमृता प्रीतम 2. जमुना नदी 3. दिलीप वेंगसरकर 4. अमिताभ घोष 5. खतौली (मुजफ्फरनगर) 6. किला-ए-मुबारक 7. दयाराम साहनी 8. महर्षि विश्वामित्र 9. फेयरी क्वीन 10. चैल, हिमाचल प्रदेश

## जॉब/करियर

■ स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा कंबाइन्ड ग्रेजुएट लेवल एग्जामिनेशन, 2026 के लिए आवेदन मांगे गए हैं।
**कुल पद**: 12,256
**अंतिम तिथि**: 22 जून 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : ऑनलाइन। वेबसाइट -ssc.gov.in पर लॉगइन करें।

■ दिल्ली सबऑर्डिनेट सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड में टीजीटी, लिफ्ट ऑपरेटर समेत अन्य पद रिक्त हैं।
**कुल पद** : 1979
**अंतिम तिथि**: 15 जुलाई 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : ऑनलाइन। वेबसाइट है- dsssb.delhi.gov.in

■ नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में ग्रेजुएट, डिप्लोमा, ट्रेड अप्रेंटिस एवं पैरामेडिकल ट्रेनी के पदों पर रिक्तियां भरी जाएंगी। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर दी गई है।
**कुल पद** : 1607
**अंतिम तिथि**: 15 जून 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : ऑनलाइन। वेबसाइट है- nclcil.in

■ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधीन सोसायटी फॉर सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट ऑफ स्टाफ इन सबऑर्डिनेट कोर्ट्स ने हरियाणा के जिला एवं सत्र न्यायालयों में क्लर्क के पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।
**कुल पद** : 1265
**अंतिम तिथि**: 23 जून 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : वेबसाइट sssc.gov.in पर जाएं।

■ इलाहाबाद हाई कोर्ट में रिव्यू ऑफिसर एवं कंप्यूटर असिस्टेंट समेत अन्य पद भरे जाएंगे।
**कुल पद** : 543
**अंतिम तिथि**: 21 जून 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : ऑनलाइन। वेबसाइट है - allahabadhighcourt.in

■ बैंक ऑफ बड़ौदा में अप्रेंटिस की भर्ती की जाएगी। ये भर्तियां विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के लिए की जाएंगी।
**कुल पद** : 5000
**अंतिम तिथि**: 15 जून 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : बैंक की वेबसाइट है- bankofbaroda.bank.in

■ पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट, चंडीगढ़ में सफाई सेवक एवं माली के रिक्त पदों पर आवेदन किए जा रहे हैं।
**कुल पद**: 167
**अंतिम तिथि**: 30 जून 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : ऑनलाइन। वेबसाइट है- highcourtchd.gov.in

■ बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके तहत इलेक्ट्रिशियन आदि पद भरे जाएंगे।
**कुल पद** : 899
**अंतिम तिथि**: 04 जुलाई 2026
**आवेदन प्रक्रिया** : डाक द्वारा। वेबसाइट है- bro.gov.in



(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

## भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें **nayiraheincareer@gmail.com**

# भविष्य की संभावनाएं देखकर चुनें कोर्स



## एक्सपर्ट टिप्स



डॉ. संजीब कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर

■ **मैं 10वीं पास हूं और आईटीआई कोर्स कर भारतीय रेलवे या एनएमडीसी में करियर बनाना चाहता हूं। इन दोनों संस्थानों को ध्यान में रखते हुए कौन-सा आईटीआई ट्रेड चुनना बेहतर रहेगा, ताकि भविष्य में नौकरी मिलने की संभावनाएं अधिक रहें? – कृष्णा**

भारतीय रेल व नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएमडीसी) नियमित रूप से विभिन्न तकनीकी पदों के लिए कुशल आईटीआई तकनीशियनों और अप्रेंटिस की भर्ती करते हैं। सर्वाधिक मांग वाले ट्रेड हैं-इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक और वायरमैन। इलेक्ट्रीशियन और फिटर को सबसे बेहतर और ज्यादा मांग वाले ट्रेड माना जाता है। रेलवे और माइनिंग इंडस्ट्री में मशीनों तथा उपकरणों को लगाने, मरम्मत और औद्योगिक कार्यों के संचालन के लिए ये कौशल महत्वपूर्ण हैं।

अगर आपकी रुचि मशीनों, औजारों और तकनीकी कामों में है, तो इलेक्ट्रीशियन या फिटर ट्रेड अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ये ट्रेड आगे चलकर अप्रेंटिसशिप, डिप्लोमा और अन्य तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से करियर बनाने के बेहतर मौके भी देते हैं। इसके साथ ही आईटीआई के दौरान व्यावहारिक कौशल सीखना, पढ़ाई पर ध्यान देना, कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी रखना और नई भर्तियों एवं अप्रेंटिसशिप की जानकारी लेते रहना भी जरूरी है। इसलिए आप किसी मान्यता प्राप्त आईटीआई में मनचाहे ट्रेड से 2 साल का कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद नौकरी कर सकते हैं या इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल या माइनिंग डिप्लोमा के दूसरे वर्ष में सीधे प्रवेश लेकर आगे की पढ़ाई जारी रख सकते हैं।

■ **मैंने एमसीए किया है, लेकिन मेरी रुचि कोडिंग में नहीं है। ऐसे में आईटी क्षेत्र में बिना कोडिंग वाले कौन-से करियर विकल्प अच्छा करियर और आगे बढ़ने के अवसर देंगे? – शिवांश शर्मा**

आईटी क्षेत्र में ऐसे कई करियर विकल्प हैं, जिनमें कोडिंग बहुत कम या बिल्कुल नहीं करनी पड़ती, फिर भी अच्छी आय, बेहतर करियर अवसर और स्थिरता मिलती है। प्रोडक्ट मैनेजमेंट इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसमें डेवलपर्स, डिजाइनर्स और बिजनेस टीम के साथ मिलकर ग्राहकों की जरूरतों को समझना तथा उत्पाद की रणनीति और दिशा तय करना शामिल होता है। बिजनेस एनालिसिस भी आईटी क्षेत्र में एक अच्छा करियर विकल्प है। बिजनेस एनालिस्ट ग्राहकों और तकनीकी टीमों के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। वे ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझते हैं, व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सुधार के अवसर तलाशते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि तकनीकी समाधान संगठन के लक्ष्यों के अनुरूप हों। एमसीए स्नातकों को इस क्षेत्र में विशेष बढ़त मिलती है, क्योंकि वे तकनीकी पहलुओं और व्यावसायिक आवश्यकताओं की अच्छी समझ रखते हैं। वहीं, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में टीम, बजट और समय-सीमा का ध्यान रखते हुए परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा कराया जाता है। इस क्षेत्र में पीएमपी, प्रिंस 2 और स्क्रम मास्टर जैसे प्रमाणपत्र आगे बढ़ने में सहायक हैं। यदि ग्राहकों के साथ काम करना पसंद है, तो आईटी कंसल्टिंग, प्री-सेल्स या कस्टमर सक्सेस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्र भी अच्छे मौके देंगे। डाटा एनालिटिक्स, एआई प्रोडक्ट ऑपरेशंस और टेक्नोलॉजी सेल्स जैसे क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की तुलना में कम कोडिंग की आवश्यकता होती है।

एमसीए के साथ एसक्यूएल, पावर बीआई, एडवांस्ड एक्सेल, जेनरेटिव एआई टूल्स और क्लाउड की बुनियादी जानकारी सीखकर बिना प्रोग्रामर बने भी आईटी क्षेत्र में शानदार करियर, आकर्षक वेतन और अवसर प्राप्त किया जा सकता है।

**www.sanjibacharya.com**

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष** : मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**वृष** : मन परेशान रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से लाभ में भी वृद्धि हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**कर्क** : पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार एवं मित्रों के सहयोग से कारोबार में बदलाव हो सकता है। परिवार के बुजुर्ग से धन मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह** : मन अशांत हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं। तरक्की के योग भी बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** : मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** : संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** : मन परेशान हो सकता है। कारोबार के प्रति सचेत रहें। कठिनाई आ सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी, परंतु फिर भी लाभ में कमी आ सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु** : कारोबार में वृद्धि होगी, परंतु किसी दूसरे स्थान पर भी जाना हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**मकर** : संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं विवाद से बचें। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। संपत्ति में वृद्धि होगी। माता-पिता का साथ मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** : मानसिक शांति बनाए रखने के लिए प्रयास करें। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** : मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए यात्रा से लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

11 जून, गुरुवार, **शक संवत्**: 21, ज्येष्ठ, (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग**: 28, ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 24, जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत**: द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण एकादशी तिथि रात्रि 10.37 मिनट तक, रेवती नक्षत्र प्रात: 08.17 मिनट तक पश्चात अश्विनी नक्षत्र, चन्द्रमा मीन राशि में प्रात: 08.17 मिनट तक उपरांत मेष राशि

**सूर्य उत्तरायण**। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। पुरुषोत्तमा (कमला) एकादशी व्रत। पंचक समाप्त प्रात: 08.17 मिनट। गण्डमूल विचार।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**मेरी ड्रिंकिंग वॉटर फिलिंग फैक्ट्री नुकसान में है। उपाय बताएं। –मुकेश, पालम**

■ आपकी फैक्ट्री पश्चिम मुखी है, जिसका मुख्य द्वार उत्तर पश्चिम की ओर है। मुख्य द्वार पर पुराना पीपल का पेड़ द्वार को ढक रहा है। यह द्वार वेध माना जाता है। द्वार को दूसरी ओर ले जाएं। वॉटर फिलिंग की मशीन अग्नि कोण में रखना आर्थिक रूप से हानिकारक होता है। ये मशीन पश्चिम या दक्षिण पश्चिम की ओर ले जाएं। पानी की चार ओवरहेड टंकी पश्चिम दक्षिण पश्चिम दिशा में ले जाएं। ऑफिस सही दिशा में है। वहां से गुलाबी एवं ग्रे रंग हटाकर क्रीम रंग कर लें। नित्य प्रति फैक्ट्री के ब्रह्मस्थान पर दूध में हल्दी मिलाकर छींटा दें।

## वर्ग पहेली : 8356



**बाएं से दाएं**
3. अधिकार जतलाना; मुकदमा करना (2,3)
6. बहुत ही पतले छिद्र वाली अत्यंत पतली नली; केश सदृश नलिका (4)
8. कीमती पत्थर; रत्न; मणि; नग (3)
9. कोचवान; गाड़ी हांकने वाला (4)
10. इज्जत; प्रतिष्ठा; सत्कार; सम्मान (3)
11. पथ; मार्ग; रास्ता (3)
12. पानी में रहने वाले जीव; जलजंतु (4)
13. मथे हुए दही में बूंदी आदि डालकर बनाया गया खाद्य पदार्थ (3)
16. हाथी के सिर वाला; गणेश (4)
17. जो कामयाब न हो; अनुत्तीर्ण; असफल; पराजित (5)

**ऊपर से नीचे**
1. भावाभिव्यक्ति करती अंगचेष्टा; हावभाव; आभास; इंगित; इशारा; पूर्व सूचना (3)
2. अपराधी; दोषी; पापी (5)
4. कड़ा; सख्त; दुष्कर; मुश्किल (3)
5. आश्लेषा नक्षत्र; नागों में अनंत आदि आठ प्रमुख सर्प (5)
7. चढ़ाई करना; आक्रमण करना (2,3)
10. आधार होना; सहारा होना; भरोसा होना (3,2)
11. खिसक जाना; चुपचाप चले जाना; दूर हो जाना; पलायन करना (3,2)
14. निपुण तथा योग्य बनाने के लिए दिए जाने वाले उपदेश; पढ़ना-लिखना सीखने का कार्य; शिक्षा (3)
15. मुंह; मुख (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8355



## सुडोकू : 8338

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 5 | | | 9 |
| | 3 | | | | 4 | 7 | 2 | |
| | | | 9 | | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |
| | | 6 | | | | 2 | | |
| 8 | | | | | | | 5 | 7 |
| | | | | | 9 | | | |
| | 1 | 3 | 4 | | | | 6 | |
| 9 | | | 3 | | 2 | 1 | | |

**खेलने का तरीका** : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 |